निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION

वार्षिक रिपोर्ट

ANNUAL REPORT

2011-12

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी)

निदेशक बोर्ड की 50वीं वार्षिक रिपोर्ट

31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के लिए

तुलनपत्र और लेखे

मिशन

लघु जमाकर्ताओं का विशेष रूप से ध्यान रखते हुए निक्षेप बीमा के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में जनता का विश्वास अर्जित करके वित्तीय स्थिरता में सहयोग देना।

विज़न

एक सक्षम और प्रभावी निक्षेप बीमा प्रदाता के रूप में पहचान बनाना जो पणधारकों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील हो।

विषय सूची

पृष्ठ संख्या

1.	प्रेषण पत्र	iv-v
2.	निदेशक बोर्ड	vi
3.	संगठन तालिका	vii
4.	निगम में संपर्क सूत्र	viii
5.	निगम के प्रमुख अधिकारी	ix
6.	संक्षेपाक्षर	x
7.	विशेषताएं	xi-xiii
8.	निबीप्रगानि का विहंगावलोकन	1-5
9.	प्रबंधकीय चर्चा और विश्लेषण	6-26
10.	निदेशक की रिपोर्ट	27-38
11.	निदेशक की रिपोर्ट के संबंध में संलग्नक	39-61
12.	लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	63
13.	तुलन-पत्र और लेखे	64-76

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
Deposit insurance and credit Guarantee Corporation
(भारतीय रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्ववाली सहयोगी Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India)
www.dicgc.org

निबीप्रगानि/सवि/1633/01.01.16/2012-13 25 जून 2012

प्रेषणपत्र
(भारतीय रिज़र्व बैंक को)

मुख्य महाप्रबंधक/सचिव
सचिव विभाग
भारतीय रिज़र्व बैंक
केंद्रीय कार्यालय
केंद्रीय कार्यालय भवन
शहीद भगत सिंह मार्ग
मुंबई - 400001

महोदया,

31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के तुलन-पत्र, लेखे
तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में निदेशक बोर्ड ने मुझे इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि भेजने का निदेश दिया है :

(i) 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम के तुलन-पत्र तथा लेखे, और

(ii) 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

2. निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियाँ आपको शीघ्र प्रेषित की जाएंगी।

भवदीया,

कुमुदिनी हाजरा

(कुमुदिनी हाजरा)
सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

भारतीय रिज़र्व बैंक बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, मुंबई सेंट्रल रेलवे के सामने, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008.
टेलिफोन सं. : +91 22 2301 1991 फैक्स : +91 22 2301 8165, 2301 5662, 2302 1131 ई-मेल : dicgc@rbi.org.in
Reserve Bank of India Building, Second Floor, Opp. Mumbai Central Railway Station, Mumbai Central, Mumbai-400 008.
Tel: +91 22 2301 1991 Fax: +91 22 2301 8165, 2301 5662, 2302 1131 e-mail: dicgc@rbi.org.in

हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइए।

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
Deposit insurance and credit Guarantee Corporation
(भारतीय रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्ववाली सहयोगी Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India)
www.dicgc.org

निबीप्रगानि/सवि/1634/01.01.16/2012-13 25 जून 2012

प्रेषणपत्र

(भारत सरकार को)

सचिव, भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
(बैंकिंग प्रभाग)
जीवनदीप भवन
संसद मार्ग
नई दिल्ली - 110 001

महोदय,

31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के तुलन-पत्र, लेखे

तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में निदेशक बोर्ड ने मुझे इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि भेजने का निदेश दिया है :

(i) 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम के तुलन-पत्र तथा लेखे, और

(ii) 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

2. उल्लिखित सामग्री (अर्थात् तुलन-पत्र, लेखे और निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट) की प्रतियाँ भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की गई हैं। उनकी तीन अतिरिक्त प्रतियाँ भी इस पत्र के साथ भेजी जा रही हैं।

3. कृपया उक्त अधिनियम की धारा 32(2) के अंतर्गत संसद के प्रत्येक सदन (अर्थात लोक सभा और राज्य सभा) में दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने की तारीख/तारीखें सूचित करें। निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियाँ आपको यथाशीघ्र प्रेषित की जाएंगी।

भवदीया,

कुमुदिनी हाजरा

(कुमुदिनी हाजरा)
सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

भारतीय रिज़र्व बैंक बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, मुंबई सेंट्रल रेलवे के सामने, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008.
टेलिफोन सं. : +91 22 2301 1991 फैक्स : +91 22 2301 8165, 2301 5662, 2302 1131 ई-मेल : dicgc@rbi.org.in

Reserve Bank of India Building, Second Floor, Opp. Mumbai Central Railway Station, Mumbai Central, Mumbai-400 008.
Tel: +91 22 2301 1991 Fax: +91 22 2301 8165, 2301 5662, 2302 1131 e-mail: dicgc@rbi.org.in

हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइए।

निदेशक मंडल

अध्यक्ष

डॉ. सुबीर गोकर्ण उप गवर्नर भारतीय रिज़र्व बैंक	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (ए) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (24.11.2009 से)

निदेशक

श्री जी.गोपालकृष्ण कार्यपालक निदेशक भारतीय रिज़र्व बैंक	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (बी) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (17.03.2011 से)
डॉ. शशांक सक्सेना निदेशक वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (सी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (12.06.2008 से)
डॉ. प्रकाश बक्शी अध्यक्ष राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (19.08.2011 से)
श्री बी.एल.पटवर्धन परामर्शदाता सारस्वत कोआपरेटिव बैंक लि.	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (12.10.2011 से)
श्री कमलेश विकमसे सनदी लेखाकार	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (ई) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (05.09.2011 से)
श्री जी.शिवकुमार प्रोफेसर, आईआईटी, बॉम्बे	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (ई) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (20.09.2011 से)

संगठन तालिका


अध्यक्ष
निदेशक बोर्ड
सांविधिक लेखापरीक्षक
लेखापरीक्षा समिति
कार्यपालक निदेशक
अभिशासन
निदेशक
सचिव विभाग (सवि)
अनुसंधान, नीति और सूचना कक्ष (आनिसूक)
महाप्रबंधक
महाप्रबंधक
महाप्रबंधक
महाप्रबंधक
उप महाप्रबंधक
उप महाप्रबंधक
उप महाप्रबंधक
परिचालन
बैंक आफिस
सेवाएं
बैंक पंजीकरण कक्ष (बीआरसी)
बीमा परिचालन विभाग (आईओडी)
दावा निपटान विभाग (सीएसडी)
वसूली प्रबंध कक्ष (आरएमसी)
खजाना लेनदेन रूम (टीडीआर)
लेखा और कराधान विभाग (डीएटी)
खजाना बैक आफिस (टीबीओ)
प्रशासन और कार्मिक प्रबंध विभाग (प्रकाप्रवि)
सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग (डीआईटी)
परियोजना प्रबंध कक्ष (पीएमसी)
विधि कक्ष
राजभाषा कक्ष

निगम में संपर्क सूत्र

फैक्स सं. 022 - 2301 5662

022 - 2301 8165

तार	**क्रेडिटगार्ड**
टेलीफोन संख्या	
022-2308 4121	सामान्य
022-2306 2161	प्रीमियम
022-2306 2162	दावे
022-2301 9570	सूअअ
022-2302 1150	ग्राहक देखरेख कक्ष

प्रधान कार्यालय

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
भारतीय रिज़र्व बैंक
दूसरी मंज़िल, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने
भायखला, मुम्बई - 400 008
भारत

(i)	कार्यपालक निदेशक	022-2301 9460
(ii)	महाप्रबंधक	022-2301 9645
(iii)	निदेशक	022-2301 9570
(iv)	महाप्रबंधक	022-2302 1146
(v)	महाप्रबंधक	022-2302 1150
(vi)	महाप्रबंधक	022-2301 8840
(vii)	उप महाप्रबंधक	022-2302 1149
(viii)	उप महाप्रबंधक	022-2302 1158
(ix)	उप महाप्रबंधक	022-2301 4655

ईमेल - dicgc@rbi.org.in
वेबसाईट : www.dicgc.org.in

निगम के प्रमुख अधिकारी

कार्यपालक निदेशक
श्री जी.गोपालकृष्ण

महाप्रबंधक
श्री एम.के.सामंतरे
श्री एन.के.भाटिया
श्री राजेश कुमार
श्रीमती मोलिना चौधरी
श्रीमती प्रतिभा राघवन

सचिव और निदेशक
श्रीमती कुमुदिनी हाजरा

उप महाप्रबंधक
श्री द्विजराज सेठी
श्री पी.एस.खुआल
श्री वी.के.मौर्य

केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी
श्रीमती कुमुदिनी हाजरा

बैंकर
भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई

कर परामर्शदाता
मेसर्स हबीब एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
75, मोहम्मद अली रोड
मुंबई - 400 003

लेखापरीक्षक
मेसर्स सारडा एंड पारीक
सनदी लेखाकार
महावीर अपार्टमेंट, 3री मंजिल
598, एम.जी.रोड
सनसिटी सिनेमा के पास
विले पार्ले (पूर्व)
मुंबई - 400 057

बीमांकक
मेसर्स के.ए.पंडित
परामर्शदाता और बीमांकक
दूसरी मंज़िल, चर्चगेट हाउस
वीर नरीमन रोड, फोर्ट
मुंबई - 400 001

संक्षेपाक्षर

एसीबी	:	बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति
एएलएम	:	आस्ति देयता प्रबंध
बीसीबीएस	:	बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बासल समिति
बीआईएस	:	अंतर्राष्ट्रीय निपटान बैंक
सीए	:	सनदी लेखाकार
सीबीएस	:	कोर बैंकिंग सोल्यूशंस
सीसीआईएल	:	भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड
सीजीसीआई	:	भारतीय क्रेडिट गारंटी निगम लिमिटेड
सीजीएफ	:	ऋण गारंटी निधि
सीजीओ	:	ऋण गारंटी संगठन
सीआरएआर	:	जोखिम भारित परिसंपत्ति की तुलना में पूँजी का अनुपात
सीआरआर	:	आरक्षित नकदी निधि अनुपात
सीएसएए	:	नियंत्रण स्व मूल्यांकन लेखापरीक्षा
डीआईए	:	निक्षेप बीमा एजन्सी
डीआईसी	:	निक्षेप बीमा निगम
डीआईसीजीसी	:	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
डीआईएफ	:	निक्षेप बीमा निधि
ईएक्ससीओ	:	कार्यपालक परिषद
एफडीआईसी	:	फेडरल डिपाझिट इंन्शोरेंस कार्पोरेशन
एफआईएमएमडीए	:	भारतीय निर्धारित आय मुद्रा बाजार तथा व्युत्पन्न (डेरीवेटिव्स) संघ
एफएसबी	:	वित्तीय स्थिरता बोर्ड
एफएससीएस	:	वित्तीय सेवाएं क्षतिपूर्ति योजना
एफएसडीसी	:	वित्तीय स्थिरता और विकास समिति
एफएसएलआरसी	:	वित्तीय क्षेत्र परिषद सुधार आयोग
जीडीपी	:	सकल घरेलू उत्पाद
जीएफ	:	सामान्य निधि
जीओआई	:	भारत सरकार
जी-एसआईएफआईएस	:	वैश्विक-प्रणालीगत महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थाएं
आईएडीआई	:	अंतर्राष्ट्रीय निक्षेप बीमाकर्ता संघ
आईएफआर	:	निवेश उतार-चढाव आरक्षित निधि
आईएमएफ	:	अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
आईआर	:	निवेश रिजर्व
आईटी	:	सूचना प्रौद्योगिकी
एलएबीएस	:	स्थानीय क्षेत्र बैंक
एनईएफटी	:	राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण
एनआईए	:	नेशनल इंश्योरेंस अकादमी
आरबीआई	:	भारतीय रिज़र्व बैंक
आरसीएस	:	सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार
आरआर	:	आरक्षित अनुपात
आरआरबी	:	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
आरटीजीएस	:	तत्काल / साथ-साथ सकल निपटान
एसआरआर	:	विशेष समाधान पद्धति
टीआरआई	:	टोटल रिटर्न इंडेक्स
यूसीबीएस	:	शहरी सहकारी बैंक
यूटी	:	संघ शासित प्रदेश
वीएआर	:	जोखिम मूल्य

विशेषताएं - I : निक्षेप बीमा की प्रगति एक नज़र में

(राशि बिलियन ₹ में)

वर्ष के अंत में	1962	1972	1982	1992-93	1996-97	1997-98	1998-99	1999-00	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
1 **पूँजी** *	0.01	0.02	0.15	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50
2 निक्षेप बीमा																				
(i) निक्षेप बीमा निधि **	0.01	0.25	1.54	3.12	2.99	20.22	31.07	33.10	37.06	42.50	55.14	59.08	78.18	91.03	109.79	133.62	161.55	201.52	247.04	300.93
(ii) बीमाकृत बैंक (संख्या में)	276	476	1683	1931	2296	2438	2583	2676	2728	2715	2629	2595	2547	2531	2392	2356	2307	2249	2217	2199
(iii) निर्धारणीय जमाराशियाँ @	18.95	74.58	423.60	2443.75	4506.74	4923.80	6099.62	7040.68	8062.60	9687.52	12131.63	13182.68	16198.15	17909.19	23443.51	29847.99	33985.65	45879.67	49524.27	57674.00
(iv) बीमाकृत जमाराशियाँ @	4.48	46.56	317.74	1645.27	3376.71	3705.31	4396.09	4985.58	5724.34	6740.51	8288.85	8709.40	9913.65	10529.88	13725.97	18050.81	19089.51	16823.97	17358.00	19043.00
(v) कुल खातों की संख्या (मिलियन में)	7.7	34.1	159.8	354.3	435.1	410.9	464.2	441.7	446.2	481.7	600.2	544.0	649.5	537.3	716.9	1038.9	1348.9	1423.9	1051.6	1073.0
(vi) पूर्णत: संरक्षित खाते (मिलियन में)	6.0	32.8	158.1	339.5	427.3	371.3	454.4	430.2	432.5	464.5	578.2	518.9	619.5	505.5	682.9	961.7	1204.0	1266.9	976.9	996.0
(vii) योजना के प्रारंभ से प्रदत्त दावे	–	0.01	0.03	1.78	1.94	1.96	2.09	2.25	2.62	6.77	8.63	10.44	14.85	20.50	25.94	27.55	29.84	36.38	40.17	43.05

* निगम की सामान्य निधि के तहत है।

** बीमांकिक और अधिशेष दोनों राशियाँ शामिल हैं।

@ 2009-10 से नए रिपोर्टिंग फार्मेट के अनुसार आकड़े दिए है।

विशेषताएं - II - ऋण गारंटी एक नजर में

(राशि बिलियन ₹ में)

वर्ष के अंत में	1962	1972	1982	1992-93	1995-96	1996-97	1997-98	1998-99	1999-00	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
1 ऋण गारंटी																					
(i) ऋण गारंटी निधि *	-	-	0.89	9.07	17.75	29.26	6.79	7.58	11.88	11.33	12.62	13.93	15.11	2.50	3.45	3.49	3.67	3.85	2.98	3.10	3.00
(ii) गारंटीकृत अग्रिम																					
क) छोटे उधारकर्ता	–	2.08	48.40	263.48	172.61	39.39	32.41	2.78	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	–	–	–
ख) लघु उद्योग	–	–	38.22	155.03	112.71	33.76	28.13	0.39	0.05	0.01	0.01	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	ला.न.	–	–	–
(iii) प्राप्त दावे (वर्ष के लिए)																					
क) छोटे उधारकर्ता	–	–	0.25	8.83	18.41	18.42	1.84	2.18	2.19	0.22	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ख) लघु उद्योग	–	–	0.30	2.60	5.24	2.70	1.20	0.34	0.26	0.14	0.01	0.00	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(iv) निपटाए गए दावे (वर्ष के दौरान)																					
क) छोटे उधारकर्ता	–	–	0.15	5.66	10.31	4.03	4.01	11.88	11.95	1.71	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ख) लघु उद्योग	–	–	0.27	2.43	3.08	2.91	2.21	2.25	1.39	0.54	0.05	0.01	–	–	–	–	–	–	–	–	–

* बीमांकिक और अधिशेष दोनों शामिल है ।

ला.न. : योजनाओं के अंतर्गत एक भी ऋण संस्था सहभागी न होने के कारण लागू नहीं ।

परिचालनगत विशेषताएं - III : (निक्षेप बीमा)

(राशि बिलियन ₹ में)

विवरण	2011-12	2010-11	2009-10	2008-09	2007-08	2006-07
राजस्व विवरण						
प्रीमियम आय	56.40	48.44	41.55	34.53	28.44	23.21
निवेश आय	23.53	18.01	15.13	12.89	11.45	10.79
निवल दावे	3.57	1.71	4.07	9.09	1.80	3.23
कर पूर्व राजस्व अधिशेष	60.01	61.45	37.53	39.73	37.43	30.47
करोत्तर राजस्व अधिशेष	40.54	41.32	28.93	26.89	22.51	16.91
तुलन पत्र						
निधि शेष (बीमांकिक)	47.68	37.74	32.75	18.17	15.53	12.11
निधि अधिशेष	253.25	209.30	168.77	143.39	118.09	97.68
दावे के लिए देयताएं	6.89	6.03	7.64	10.75	4.88	6.16
निष्पादन मैट्रिक्स						
1. दावों की प्राप्ति और दावों के निपटान के बीच औसत दिन@	52	49	54	43	53	60
2. किसी बैंक के पंजीकरण रद्द करने और दावों (प्रथम दावा) के निपटान के बीच औसत दिनों की संख्या@	533	388	361	825	604	625
3. कुल कारोबार (प्रीमियम आय) के प्रतिशत के रूप में परिचालनगत लागत [कुल कारोबार (प्रीमियम आय) के प्रतिशत के रूप में कर्मचारी लागत]	0.27 (0.14)	0.35 (0.15)	0.26 (0.14)	0.30 (0.16)	0.33 (0.17)	0.38 (0.21)

@ मामले से संबंधित राशि की स्वीकृति की तुलना में दिनों की संख्या के आधार पर औसत दिनों की वास्तविक संख्या निकाली गई है।

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम का विहंगावलोकन

(1) परिचय

निबीप्रगानि के कार्य निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 (निबीप्रगानि अधिनियम) और उक्त अधिनियम की धारा 50 की उप - धारा (3) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए रिज़र्व बैंक द्वारा तैयार किए गए निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम सामान्य विनियमावली, 1961 के प्रावधानों के जरिए नियंत्रित है। चूँकि कोई भी ऋण संस्था निगम द्वारा संचालित किसी भी ऋण गारंटी योजना में भाग नहीं ले रही है, अत: निगम ऐसी कोई स्कीम का संचालन नहीं कर रहा है और निक्षेप बीमा ही इसका प्रधान कार्य है।

(2) इतिहास

बंगाल में बैंकिंग संकट उत्पन्न होने के उपरांत वर्ष 1948 में पहली बार जमाराशियों का बीमा करने का विचार बैंक के सामने आया। इसके एक वर्ष बाद 1949 में यह मामला पुन: विचार हेतु प्रस्तुत हुआ। परंतु रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों के निरीक्षण की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने तक इस मामले को रोके रखा गया। तदुपरांत वर्ष 1950 में ग्रामीण बैंकिंग जाँच समिति ने इस धारणा का समर्थन किया। वर्ष 1960 में पलाइ सेंट्रल बैंक लि. तथा लक्ष्मी बैंक लि. के विफल होने के उपरांत रिज़र्व बैंक तथा केंद्र सरकार द्वारा जमाराशियों की बीमा के संबंध में गंभीर विचार प्रस्तुत किए। 21 अगस्त 1961 को संसद में निक्षेप बीमा निगम (डीआईसी) बिल लाया गया। इसके पारित होने के उपरांत 7 दिसंबर 1961 को इस बिल को राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हुई और निक्षेप बीमा अधिनियम 1961 दिनांक 1 जनवरी 1962 से प्रभावी हुआ।

प्रारंभ में, निक्षेप बीमा सुरक्षा (कवर) वाणिज्यिक बैंकों को प्रदान किया गया। इसके अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक तथा इसकी सहायक संस्थाएं तथा वाणिज्यिक बैंक तथा भारत में परिचालित विदेशी बैंकों की शाखाएं शामिल थीं।

निक्षेप बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 अधिनियमित किए जाने के बाद निक्षेप बीमा का विस्तार सहकारी बैंकों तक भी किया गया और निगम से यह अपेक्षा की गई कि वह निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 13ए के प्रावधानों के अंतर्गत ''पात्र सहकारी बैंकों'' का बीमाकृत बैंकों के रूप में पंजीकरण करे।

रिज़र्व बैंक से परामर्श करके भारत सरकार ने जुलाई 1960 में ऋण गारंटी योजना प्रारंभ की। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17 (11ए) (ए) के अंतर्गत केंद्र सरकार के एजेंट के रूप में रिज़र्व बैंक को इस योजना के प्रशासन का कार्य सौंपा गया और इसे ऋण गारंटी संस्थान (सीजीओ) का नाम दिया गया जिसे बैंकों और अन्य ऋण संस्थाओं द्वारा लघु उद्योगों को स्वीकृत किए गए अग्रिमों के लिए गारंटी प्रदान करना था। रिज़र्व बैंक ने इस योजना को 31 मार्च 1981 तक परिचालित किया।

रिज़र्व बैंक ने 14 जनवरी 1971 को एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी को प्रोन्नत किया जिसका नाम क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया लि. (सीजीसीआई) था। क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया लि. द्वारा प्रारंभ की गई ऋण गारंटी योजना का उद्देश्य अबतक उपेक्षित विशेष रूप से गैर-औद्योगिक गतिविधियों में लगे समाज के कमजोर वर्ग की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऋण संस्थाओं द्वारा भारिबैं द्वारा परिभाषित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अंतर्गत सम्मिलित छोटे और जरूरतमंद उधारकर्ताओं को स्वीकृत किए गए ऋणों और अग्रिमों के लिए गारंटी कवर उपलब्ध कराने के माध्यम से वाणिज्यिक बैंकों को प्रोत्साहित करना था।

निक्षेप बीमा और ऋण गारंटी के कार्यों को एकीकृत करने के उद्देश्य से दोनों संस्थाओं जैसे : निक्षेप बीमा निगम और क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया (सीजीसीआई) को मिला दिया गया और इस प्रकार 15 जुलाई 1978 को निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अस्तित्व में आया। निक्षेप बीमा अधिनियम, 1961 को पूर्ण रूप से संशोधित किया गया और पुन: इसे निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 का नाम दिया गया।

भारत सरकार की ऋण गारंटी योजना के निरस्त हो जाने के बाद 1 अप्रैल 1981 से निगम ने छोटे लघु उद्योगों को स्वीकृत ऋण के लिए भी गारंटी सपोर्ट प्रदान करना प्रारंभ किया। 1 अप्रैल 1989 से पूरे प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों के अग्रिमों तक गारंटी कवर का विस्तार किया गया।

(3) संस्थागत कवरेज

(i) भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं सहित सभी **वाणिज्य बैंक**, स्थानीय क्षेत्र बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक निक्षेप बीमा के अंतर्गत शामिल हैं।

(ii) निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 2(जीजी) में यथापरिभाषित सभी पात्र **सहकारी बैंकों** को निक्षेप बीमा के द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाती है। राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों में कार्य कर रहे सभी राज्य, केंद्रीय और प्राथमिक सहकारी बैंक, जिन्होंने निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की अपेक्षानुसार रिज़र्व बैंक को यह अधिकार देने के लिए अपने सहकारी समिति अधिनियम को संशोधित किया है कि वह राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों की समितियों के रजिस्ट्रार को आदेश दे सके कि किसी सहकारी बैंक का समापन कर दे अथवा इसके प्रबंध समिति को अधिक्रमित करे और रजिस्ट्रार से अपेक्षित कर सके कि वह रिज़र्व बैंक से लिखित पूर्व स्वीकृति के बिना किसी सहकारी बैंक के समापन, समामेलन या पुन:निर्माण के लिए कोई कार्रवाई न करें, पात्र सहकारी बैंक समझे जाते हैं। वर्तमान में सभी सहकारी बैंक इस योजना में शामिल हैं। संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप तथा दादरा एवं नगर हवेली में कोई भी सहकारी बैंक नहीं है।

(4) बैंकों का पंजीकरण

(i) निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 11 के अंतर्गत सभी नए वाणिज्य बैंकों से अपेक्षित है कि वे बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अंतर्गत रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराएं। निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 11ए के अंतर्गत सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अपेक्षित है कि वे अपनी स्थापना की तारीख से 30 दिनों के अंदर निगम में पंजीकरण कराएं।

(ii) एक नए पात्र सहकारी बैंक से अपेक्षित है कि वह रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराएं।

(iii) जब किसी प्राथमिक सहकारी समिति की स्वाधिकृत निधियाँ 1 लाख हो जाएं तो उसे प्राथमिक सहकारी बैंक के रूप में बैंकिंग कारोबार करने हेतु लाइसेंस के लिए रिज़र्व बैंक में आवेदन करना होगा और लाइसेंस के लिए आवेदन की गई तारीख से 3 महीनों के अंदर निगम में पंजीकरण कराना होगा।

(iv) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 के लागू होने के बाद सहकारी बैंक के रूप में कारोबार कर रहे किसी अन्य सहकारी समिति के विभाजन अथवा बैंकिंग विधि (सहकारी समितियों पर प्रयोज्य) अधिनियम, 1965 के प्रारंभ के समय से या इसके बाद से बैंकिंग कारोबार करनेवाले दो या अधिक सहकारी समितियों के समामेलन से अस्तित्व में आए सहकारी बैंक को लाइसेंस के लिए आवेदन की गई तारीख से तीन महीनों के अंदर पंजीकरण कराना है। तथापि, ऐसे किसी सहकारी बैंक का पंजीकरण नहीं किया जाएगा जिसके संबंध में रिज़र्व बैंक द्वारा लिखित रूप में यह सूचित किया गया हो कि उसे लाइसेंस नहीं दिया जा सकता है।

निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 14 के अनुसार निगम द्वारा किसी बैंक का बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण करने के बाद उससे अपेक्षित है कि वह 30 दिनों के अंदर लिखित रूप में बैंक को सूचित करे कि उसे बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया है। सूचना पत्र में पंजीकरण सूचना और पंजीकरण संख्या के अलावा बैंक द्वारा अनुपालन की जाने वाली अपेक्षाओं के ब्यौरे अर्थात्, निगम को देय प्रीमियम दर, प्रीमियम अदा करने की पद्धति और निगम को प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियों आदि के ब्यौरे शामिल होने चाहिए।

(5) बीमा कवरेज

निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 16(1) के मूल प्रावधानों के अंतर्गत बीमा सुरक्षा प्रति जमाकर्ता उसके द्वारा बैंक की सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशि को मिलाकर 'समान क्षमता और समान अधिकार' में मूलत: ₹1500 तक सीमित रखी गयी थी। तथापि, अधिनियम निगम को यह भी अधिकार देता है कि वह केंद्र सरकार के पूर्वानुमोदन से इस सीमा को बढ़ा सकता है। तदनुसार बीमा सीमा को समय-समय पर निम्नानुसार बढ़ाया गया है :

प्रभावी तिथि	बीमा सीमा (₹)
1 मई 1993	1,00,000/-
1 जुलाई 1980	30,000/-
1 जनवरी 1976	20,000/-
1 अप्रैल 1970	10,000/-
1 जनवरी 1968	5,000/-

(6) सुरक्षा प्रदत्त जमाराशियों के प्रकार

निगम (i) विदेशी सरकारों की जमाराशियाँ; (ii) केंद्र / राज्य सरकारों की जमाराशियाँ; (iii) राज्य सहकारी बैंकों में रखी गई राज्य भूमि विकास बैंकों की जमाराशियाँ; (iv) अंतर बैंक जमाराशियाँ; (v) भारत के बाहर प्राप्त जमाराशि तथा (vi) रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निगम द्वारा विशेष रूप से छूट प्राप्त किसी राशि को छोड़कर बचत, मीयादी, चालू, आवर्ती आदि जैसी सभी बैंक जमाराशियों का बीमा करता है।

(7) बीमा प्रीमियम

निबीप्रगानि निक्षेप बीमा प्रणाली के संचालन हेतु बीमाकृत बैंकों से बीमा प्रीमियम एकत्रित करता है। बीमाकृत बैंकों द्वारा अदा किए जाने वाले बीमा प्रीमियम का परिकलन निर्धारणीय जमाराशियों के आधार पर किया जाता है। बीमाकृत बैंक निगम को अग्रिम प्रीमियम अर्ध-वार्षिक (छमाही) आधार पर पिछले अर्ध-वर्ष (छमाही) के अंत की जमाराशियों की स्थिति के अनुसार प्रत्येक वित्तीय छमाही के प्रारंभ से दो महीनों के भीतर भुगतान करते हैं। बीमित बैंकों द्वारा निगम को प्रदत्त प्रीमियम के संबंध में बैंकों से अपेक्षित है कि इसे वे स्वयं वहन करें न कि जमाकर्ताओं पर डालें। प्रीमियम भुगतान में विलंब के लिए बीमाकृत बैंक संबंधित छमाही से भुगतान की तारीख तक चूक की राशि पर बैंक दर से 8 प्रतिशत अधिक की दर पर ब्याज का भुगतान करने के लिए बाध्य हैं।

₹100 की प्रत्येक जमाराशि पर प्रीमियम की दर

तारीख से	प्रीमियम (₹ में)
1-04-2005	0.10
1-04-2004	0.08
1-07-1993	0.05
1-10-1971	0.04
1-01-1962	0.05

(8) पंजीकरण रद्द करना

निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 15ए के अंतर्गत निगम को लगातार तीन छमाहियों के लिए प्रीमियम अदा न करने वाले बीमाकृत बैंकों का पंजीकरण रद्द करने का अधिकार है। तथापि, यदि विपंजीकृत बैंक द्वारा इस हेतु अनुरोध किया जाता है और वह चूक की तारीख से प्रीमियम के रूप में देय संपूर्ण राशि ब्याज सहित अदा कर देता है तो निगम द्वारा उसका पंजीकरण फिर से चालू किया जा सकता है परंतु शर्त यह है कि वह बैंक अन्यथा रूप से बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण हेतु पात्र हो।

किसी बीमाकृत बैंक का पंजीकरण निम्न परिस्थितियों में रद्द किया जा सकता है:- नई जमाराशियाँ स्वीकार करने से उसे प्रतिबंधित किया गया हो; अथवा रिज़र्व बैंक द्वारा इसका लाइसेंस रद्द अथवा लाइसेंस देने के लिए मना कर दिया गया हो; अथवा स्वैच्छिक रूप से अथवा अनिवार्यत: उसका समापन कर दिया गया हो अथवा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 36ए (2) के अर्थों में अब वह बैंकिंग कंपनी या सहकारी बैंक नहीं रह गया हो; अथवा इसने अपनी सारी जमा देयताओं को किसी अन्य संस्था को अंतरित कर दिया हो; अथवा इसे किसी अन्य बैंक के साथ समामेलित कर दिया गया हो अथवा किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई समझौता, व्यवस्था या पुनर्निर्माण योजना स्वीकृत की गई हो और यह योजना नई जमाराशियाँ स्वीकार करने की अनुमति न देती हो। किसी सहकारी बैंक के संबंध में यदि उसने पात्र सहकारी बैंक के रूप में कार्य करना बंद कर दिया हो तो इसका पंजीकरण रद्द भी हो सकता है।

प्रीमियम भुगतान करने में हुई चूक को छोड़कर अन्य कारण से किसी बैंक का पंजीकरण रद्द किए जाने की स्थिति में रद्द करने की तारीख तक बैंक की जमाराशियों को बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

(9) बीमाकृत बैंकों का पर्यवेक्षण और निरीक्षण

निगम को किसी बीमाकृत बैंक के अभिलेखों को आसानी से प्राप्त करने और इनकी प्रतिलिपियाँ माँगने का अधिकार है। निगम के अनुरोध पर रिज़र्व बैंक से अपेक्षित है कि वह किसी बीमाकृत बैंक का निरीक्षण/जाँच पड़ताल करे/करवाए।

(10) दावों का निपटान

(i) किसी बीमाकृत बैंक के समापन या परिसमापन की स्थिति में पंजीकरण रद्द करने की तारीख (अर्थात् लाइसेंस रद्द करने अथवा समापन या परिसमापन की तारीख) तक बैंक के प्रत्येक जमाकर्ता द्वारा उसकी सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशियों को मिलाकर उसकी समान क्षमता और समान अधिकार में रखी राशि में से उसके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 16(1) के साथ पठित 16(3)] भुगतान हेतु पात्र होंगे। तथापि, प्रत्येक जमाकर्ता को भुगतान समय-समय पर निर्धारित बीमा-कवर की सीमा के अधीन किया जाएगा।

चार्ट 1 : भारत में सहकारी बैंकों के संबंध में दावों के निपटान की विशिष्ट प्रक्रिया



1. रिज़र्व बैंक किसी बैंक लाइसेंस रद्द करता है / लाइसेंस अस्वीकार कर देता है और संबंधित सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (आरसीएस) को परिसमापन की सिफारिश करता है और निबीप्रगानि को इसकी सूचना देता है।
2. आरसीएस परिसमापित बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करता है तथा निबीप्रगानि को सूचित करता है।
3. निबीप्रगानि बीमाकृत बैंक का पंजीकरण रद्द करता है और तीन महीनों के अंदर दावा सूची प्रस्तुत करने हेतु परिसमापक को दिशानिर्देश जारी करता है और रिज़र्व बैंक से दावा सूची का आनसाइट सत्यापन करने के लिए बाह्य लेखापरीक्षक (सनदी लेखाकार) नियुक्त करने का अनुरोध करता है।
4. रिज़र्व बैंक सनदी लेखाकार की नियुक्ति करता है और निबीप्रगानि दावा सूची की जाँच करने के लिए सनदी लेखाकार हेतु संक्षिप्त विवरण और ओरिएंटेशन सत्र आयोजित करता है।
5 परिसमापक जमाकर्ताओं को भुगतान करने हेतु दावा सूची प्रस्तुत करता है (साफ्ट और हार्ड कापी दोनों रूप में)।
6. आनसाइट लेखापरीक्षक (सनदी लेखाकार) दावा सूची संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।
7. कंप्यूटर के माध्यम से दावा सूची का संसाधन किया जाता है और भुगतान सूची तैयार की जाती है।
8. समेकित भुगतान परिसमापक को जारी किया जाता है और अपूर्ण / संदिग्ध दावों के संबंध में जानकारी मांगी जाती है। निगम की वेबसाइट के जरिए दावा राशि जारी करने की घोषणा की जाती है।
9. परिसमापक जमाकर्ताओं को भुगतान राशि जारी करता है।

(ii) जब किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी बैंक के लिए समझौता या व्यवस्था या पुनर्निमाण या समामेलन की योजना स्वीकृत की जाती है और इस योजना में इसके लागू होने की तारीख तक पूरी जमाराशि के क्रेडिट के लिए जमाकर्ता पात्र नहीं होते हैं तो निगम पूरी जमाराशि अथवा उस समय लागू बीमा कवर की सीमा में, इसमें से जो भी कम हो और योजना के अंतर्गत वास्तव में उसे प्राप्त होने वाली राशि के बीच के अंतर की राशि अदा करता है। इन मामलों में भी, उस बैंक की सभी शाखाओं में समान क्षमता और समान अधिकार में जमाकर्ताओं की सभी जमाराशियों के संबंध में जमाकर्ताओं को देय राशि का निर्धारण बैंक को उनके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 16 (2) और (3)] निर्धारित किया जाता है।

(iii) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम की धारा 17(1) के प्रावधानों के अंतर्गत किसी बीमाकृत बैंक जिसका समापन हो चुका हो या वह परिसमापनाधीन है, तो उसके परिसमापक द्वारा निबीप्रगानि द्वारा यथानिर्दिष्ट पद्धति में प्रत्येक जमाकर्ता की जमाराशि और समंजन-राशि को अलग-अलग दर्शाने वाली सूची, इसकी यथार्थता प्रमाणित करते हुए, परिसमापक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के

तीन महीनों के भीतर निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम को प्रस्तुत की जानी है। (विशिष्ट दावा निपटान प्रक्रिया चार्ट 1 में दी गई है)

(iv) ऐसे बैंक के संबंध में जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा समामेलन/पुनर्निर्माण आदि जैसी कोई योजना स्वीकृत की गई है, इसी प्रकार की सूची संबंधित अंतरिती बैंक या बीमाकृत बैंक, जैसी भी स्थिति हो, के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा समामेलन/पुनर्निर्माण आदि जैसी योजना के लागू होने की तारीख [निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 18(1)] से तीन महीनों के अंदर प्रस्तुत की जानी है।

(v) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम से अपेक्षित है कि वह अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत प्रत्येक जमाकर्ता के संबंध में देय राशि का भुगतान, ऐसी सूची जो निगम द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप हो और सभी प्रकार से पूर्ण/सही हो, के प्राप्त करने के दो महीनों के अंदर करे। निगम ऐसी सूची का प्रमाणीकरण ऑन-साइट सत्यापन करने वाले सनदी लेखाकारों के फर्म से कराता है।

(vi) सामान्यत: निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम जमाकर्ताओं के मध्य संवितरित करने के लिए पात्र राशि का भुगतान अंतरिती / बीमाकृत बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी / परिसमापक को करता है। तथापि, अनट्रेसबल जमाकर्ताओं को देय राशि, इसके संबंध में परिसमापक / मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सभी अपेक्षित ब्यौरे निगम को प्रस्तुत करने तक, रोक कर रखी जाएगी।

(11) निपटाए गए दावों की वसूली

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम सामान्य विनियमावली के विनियम 22 के साथ पठित निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 21(2) के अनुसार, परिसमापक या बीमाकृत बैंक या अंतरिती बैंक, जैसा भी मामला हो, से अपेक्षित है कि वे विफल बैंकों की आस्तियों से वसूली गई राशि में से व्ययों के लिए प्रावधान करने के उपरांत हाथ में उपलब्ध अन्य राशि में से निबीप्रगानि को चुकौती करें।

(12) निधि, लेखे और कराधान

निगम तीन विभिन्न निधियाँ रखता है : अर्थात् (I) निक्षेप बीमा निधि (डीआइएफ); (II) ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ); (III) सामान्य निधि (जीएफ)। पहले दो निधियों का निर्माण क्रमश: बीमा प्रीमियम और गारंटी शुल्क के संचयन से किया जाता है और संबंधित दावों के निपटान हेतु इसका उपयोग किया जाता है। निगम की प्राधिकृत पूँजी ₹50 करोड़ है, जो पूर्णत: रिज़र्व बैंक द्वारा अभिदत्त है। सामान्य निधि का उपयोग निगम के स्थापना और प्रशासनिक व्यय को पूरा करने के लिए किया जाता है। सभी तीनों निधियों की अधिशेष राशि को केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश किया जाता है। अधिनियम के अंतर्गत अंतर-निधि अंतरण हेतु अनुमति प्राप्त है।

प्रतिवर्ष 31 मार्च को निगम के बही-खाते बंद किए जाते हैं। निगम के कार्यों की लेखापरीक्षा रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षकों द्वारा की जाती है। लेखापरीक्षित लेखों के साथ लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट लेखाबंदी के 3 महीनों के अंदर रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की जाती है। इन प्रलेखों की प्रतिलिपियाँ केंद्र सरकार को भेजी जाती हैं, जिन्हें संसद के प्रत्येक सदन में रखा जाता है। सामान्यत: निगम व्यापारिक (मर्केण्टाइल) लेखांकन प्रणाली का उपयोग करता है और 1987 से देयताओं के लिए बीमांकिक मूल्यांकन प्रणाली को अपनाया गया है।

निगम 1987-88 से आयकर और 2005-06 से अनुषंगी लाभ कर का भुगतान कर रहा है। आयकर अधिनियम, 1961 में यथापरिभाषित किए गए अनुसार आयकर के संबंध में निगम का मूल्यांकन 'कंपनी' के अंतर्गत किया जाता है। निगम सितंबर 2011 से सेवाकर अदा कर रहा है।

बैंक रेजोल्यूशन ढाँचे के अंतर्गत निक्षेप बीमा की भूमिका - वित्तीय संकट से सबक[1]

स्वर्ण जयंती समारोह के एक हिस्से के रूप में निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम ने इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ डिपाजिट इंश्योरर्स (आईएडीआई) के सहयोग से नवंबर 2011 में ''बैंक रेजोल्यूशन ढाँचे के अंतर्गत निक्षेप बीमा की भूमिका - वित्तीय संकट से सबक'' नामक विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की। सम्मेलन का मुख्य विषय वित्तीय संकट के बाद की अवधि में वित्तीय सुरक्षा नेट के ढाँचे से संबंधित विभिन्न तत्वों के बारे में विचार करना था, जिसमें यह आवश्यकता महसूस की गई कि बैंक का समाधान ढाँचा सुपरिभाषित होना चाहिए तथा सुरक्षा नेट के अंतर्गत निक्षेप बीमा एजेंसियों का अन्य खिलाड़ियों के साथ निकट संबंध (क्लोजर इंटीग्रेशन) होना चाहिए।

इस सम्मेलन के दौरान चार प्रमुख विषयों को पुन: प्रस्तुत किया गया। प्रथम, इस संकट से उत्पन्न कवरेज के स्तर की विकृति, भुगतान की लंबी समय-सीमा, पोस्ट-फंडेड प्रणाली (सिस्टम) की अपर्याप्तता, सुसंगत क्रासबार्डर कार्रवाई की कमी, सहबीमा जैसे विधिक प्रावधानों को क्रियाशील न करना तथा जन जागरूकता की कमी के साथ-साथ निक्षेप बीमा प्रणाली की कमजोरी को प्रस्तुत किया गया। दूसरा, इन कमजोरियों के कारण निक्षेप बीमा की भूमिका को संशोधित करने तथा मजबूत बनाने की आवश्यकता है, वसूली से निर्देशित होने के कारण जो वित्तीय स्थिरता को पिछली सोच की तुलना में और अधिक जटिल बनाती हैं तथा निक्षेप बीमा से विकृतियाँ समाप्त नहीं हो रही हैं। इस वसूली के कारण संपूर्ण सुरक्षा नेट के ढाँचे को पुन: आकार देने की आवश्यकता है। तीसरा, बड़े, जटिल बैंकों तथा अन्य वित्तीय कंपनियों, जो कि अर्थक्षम नहीं रह गई हों, को विफल होने की अनुमति अवश्य दी जानी चाहिए। ऐसे संस्थानों का सामना करने के लिए पर्यवेक्षी तथा समाधान प्रणाली दोनों की ओवरहालिंग किया जाना अपेक्षित है। अंत में यह प्रस्तुत किया गया कि विफल बैंकों का सामना करने के लिए कार्पोरेट बैंकरप्ट्सी रिजीम का प्रयोग करने की सीमाएं हैं। बैंकों की बैंकरप्ट्सी के लिए विशेष समाधान रिजीम की उपयोगिता पर बल दिया गया।

इन विषयों पर की गई चर्चा का विस्तृत ब्योरा नीचे दिया गया है।

पूरे देश में फैले वित्तीय सुरक्षा नेट संबंधी ढाँचे में अंतर.....

इस संकट ने यह प्रदर्शित किया है कि एक लचीली वित्तीय प्रणाली के लिए ये तीन स्तंभ आवश्यक हैं - प्रभावी पर्यवेक्षण, मजबूत विनियामक ढाँचा तथा समाधान ढाँचा, जो त्वरित और प्रभावी हो एवं अत्यधिक जोखिम उठाने को सीमित करता हो। विभिन्न एजेंसियों के मध्य इन तीनों स्तंभों के अंतर्गत वितरित जिम्मेदारियों में पूरी दुनिया में अंतर है।

सुरक्षा नेट संबंधी ढाँचे के अंतर्गत इस संकट का सामना करने में निक्षेप बीमा एक महत्त्वपूर्ण कारक है और जो विश्वास को आश्रय देता है। वित्तीय संकट से पूर्व निक्षेप बीमा को व्यक्तिगत जमाकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने वाले के रूप में देखा जाता था जो उनकी जमा को सुरक्षा प्रदान करता था। वित्तीय संकट के दौरान यह प्रकट हुआ कि प्रभावी निक्षेप बीमा प्रणाली न केवल जमाकर्ताओं की सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, बल्कि यह वित्तीय प्रणाली के प्रति जनता का विश्वास बनाए रखने तथा विशेष रूप से कठिनाई के समय वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने की दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है। यूके का उदाहरण लें जहाँ जमाकर्ताओं की अपर्याप्त सुरक्षा प्रणाली से संबंधित जनता की समझ के कारण नार्दन राक विफल होने से पूर्व एक विशिष्ट बैंक के रूप में जाना जाता था। आइसलैंडिक बैंकों के मामले में क्रास बार्डर परिणामों (कांसीक्वेंसेज) से यह प्रकट हुआ कि उनकी निक्षेप बीमा प्रणाली अपर्याप्त हो सकती है। ये दोनों घटनाएं वित्तीय स्थिरता बनाए रखने में निक्षेप बीमा द्वारा अदा की जा रही भूमिका को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष प्रस्तुत करती हैं।

वैश्विक संकट से तीन सबक मिले हैं। पहला, वित्तीय स्थिरता अब नीति निर्माण के केंद्र में है। जमाकर्ताओं की सुरक्षा

1 इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपाजिट इंश्योरर्स (आईएडीआई) के सहयोग से निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की मेजबानी में 13 से 16 नवंबर 2011 के मध्य जोधपुर राजस्थान में संपन्न ''बैंक समाधान ढाँचे के अंतर्गत निक्षेप बीमा की भूमिका - वित्तीय संकट से सबक'' नामक विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाही पर आधारित। डॉ. दुब्बुरी सुब्बाराव, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा उद्घाटन भाषण तथा डॉ.के.सी.चक्रवर्ती, उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समापन भाषण पुन:प्रस्तुत किया गया है।

से उत्पन्न होने वाले नैतिक जोखिम, हालांकि यह अब भी वैध है, जो पहले की तुलना में केंद्रीय रूप से, अब कुछ कम संगत रह गया है। दूसरा, सुरक्षा नेट के तीन कार्यों (पर्यवेक्षण, समाधान तथा जमाकर्ताओं की सुरक्षा) को नीति निर्माताओं के लिए अब मूलभूत एकीकृत तत्वों के रूप में देखा जाता है। वित्तीय नीतियाँ तैयार करने तथा उन्हें कार्यान्वित करने में इसमें से प्रत्येक की बराबर की जिम्मेदारी है। अंत में, निक्षेप बीमाकर्ता की भूमिका (अथवा अधिदेश) में विस्तार हो रहा है।

संकट से यह प्रकट हुआ कि विनियामक मानकों को मजबूत बनाने तथा संरचनागत कमजोरियों को समाप्त करने की आवश्यकता.....

दो प्रमुख तथ्य, जो वित्तीय संकट का कारण रहे हैं, विनियामक ढाँचे का क्षरण तथा संरचनागत कमजोरी थे। विनियामक मानकों के क्षरण का आशय अनुरक्षित की जा रही पूँजी की मात्रा तथा गुणवत्ता, कमजोर तरलता मानक तथा कमजोर हामीदारी मानक संबंधी कमजोर पूँजी मानकों से है। इसके अतिरिक्त यहाँ जटिलता तथा पारदर्शिता की कमी का कारण संरचनागत कमजोरी थी, जिसने संस्थानों के मध्य की विभिन्नताओं को कठिन बना दिया। शैडो बैंकिंग प्रणाली के वित्तीय विनियामक निगरानी में भी अंतराल था। एजेंसियों की परस्पर निर्भरता प्रणालीगत जोखिम का कारण बनी।

वित्तीय विनियामकों की नीति संबंधी कार्यसूची (एजेंडा) में अब बैंक पर्यवेक्षण तथा पूँजी और तरलता मानकों के सुधार संबंधी विनियमों को मजबूत बनाना, संस्थाओं द्वारा की जाने वाली मालिकाना (प्रोपराइटरी) ट्रेडिंग पर रोक, उपभोक्ता एवं निवेशक की सुरक्षा को मजबूत बनाना शामिल है। सिफी के विनियामक मानकों को उच्च स्तर का बनाकर, प्रभावी बैंक समाधान संबंधी मैकेनिज्म संबंधी दिशानिर्देश का विकास करके तथा क्रास बार्डर सहयोग को बेहतर बनाकर प्रणालीगत जोखिम का सामना करने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। अधिक पारदर्शिता को सुनिश्चित करके बाजार अनुशासन में वृद्धि करने की आवश्यकता है।

संकट ने वित्तीय विनियमों में सुधार हेतु प्रेरित किया.....

वित्तीय विनियमों में सुधार जी-20 सुधार कार्यसूची का प्रमुख तत्व है और विवेकपूर्ण विनियम वित्तीय विनियम सुधार कार्यसूची का प्रमुख क्षेत्र है। इस संकट ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तर पर विस्तृत विनियमकारी मरम्मत (ओवरहाल) के लिए प्रेरित किया। बासेल III के अंतर्गत बैंक पूँजी विनियम संबंधी सुधार नए पूँजी अनुपात पर आधारित है जो पूँजी की गुणवत्ता बढ़ाने तथा जोखिम कवरेज में वृद्धि करने पर ध्यान केंद्रित करता है। बासेल III मानक के अंतर्गत कुल पूँजी के बफर, जिसमें पूँजी संरक्षण बफर तथा सिफी (एसआईएफआई) बफर शामिल है, 11.5 प्रतिशत से 13 प्रतिशत के मध्य निकाला (वर्क आउट) जाएगा, जबकि अतिरिक्त घरेलू पूँजी सहित कुल पूँजी 19 से 20 प्रतिशत तक बढ़ाई जा सकती है। नए ढाँचे में तरलता जोखिम और लिवरेज रेशो को कवर करने के लिए नए मैट्रिक्स भी शामिल किए जाएंगे, जो जोखिम-आधारित पूँजी के अनुपूरक हेतु बैकस्टाप तथा मैक्रो विवेकपूर्ण आवरण उपलब्ध कराएगा, जिसका उद्देश्य प्रो-साइक्लिकैलिटी और प्रणालीगत जोखिम को पूरा करना है।

यह इंगित किया गया कि कैपिटल ओवर अनवेटेड एसेट्स के रूप में परिभाषित लीवरेज रेशो यह सुझाता है कि यूएस तथा एशियन बैंक यूरोपियन बैंकों की तुलना में बेहतर रूप में कैपिटलाइज्ड हैं। ऐसे अंतर को देश-विशेष वाले तथ्य जैसे विनियामक, लेखांकन, विधिक और संस्थान का ढाँचा और चूक तथा वसूली दर के रूप में तथा बैंक-विशेष वाले तथ्य जैसे बैंक का व्यवसाय माडल और परिचालनगत ढाँचा के रूप में वर्णित किया जा सकता है।

यह आशा की जाती है कि कैपिटल और लीवरेज रेशो कुछ बैंकों को छोड़कर एशियाई क्षेत्र के बैंकों पर संगत रूप में उपयुक्त प्रभाव डालेंगे। तथापि वैश्विक तरलता मानकों का प्रभाव इस क्षण कुछ हद तक अनिश्चित है क्योंकि कई बैंक जमाराशियों पर विश्वास करते हैं तथा इस प्रकार तरलता मानकों को पूरा करने के लिए वे अपने को सहज स्थिति में नहीं पाते हैं। कुछ देशों में पर्याप्त मात्रा में पहली टीयर की पात्र तरल आस्तियाँ नहीं हैं और कुछ देशों में दूसरी टीयर की पात्र तरल आस्तियाँ के आपूर्ति की मात्रा कम है।

संकट से यह विश्वास हुआ कि बैंकों के लिए विशेष ऋणशोधनाक्षमता रिजीम अपेक्षित.....

जोखिम तथा महत्व की दृष्टि से अन्य व्यवसायों की तुलना में बैंकिंग के व्यवसाय में काफी अंतर है और इसलिए इसके लिए विशिष्ट ऋणशोधनाक्षमता संबंधी ढाँचा अपेक्षित है, जिसमें कार्पोरेट बैंकरप्ट्सी रिजीम की तुलना में काफी अंतर है। बैंक तीन बड़े रूप में भिन्न हैं। पहला, बैंक की देयताओं (निक्षेप) का महत्त्वपूर्ण भाग अल्पकालिक है और यह जनता का है। माँग पर इस राशि को आहरित करने का जनता को अधिकार है। दूसरा, बैंकिंग से संबंधित आस्तियाँ त्वरित और अप्रत्याशित मूल्य अस्थिरता के कारण अतिसंवेदनशील हैं, जो संस्था की शोधनक्षमता को तेजी से प्रभावित करती हैं। अंत में, एक बैंक की वित्तीय आपदा प्रत्यक्ष संक्रमण के माध्यम से तथा वित्तीय प्रणाली की मजबूती के बारे में जनता की प्रत्याशा में कमी आने पर दूसरे में फैल सकती है।

बैंक की बैंकरप्ट्सी रिजीम का दुहरा उद्देश्य है अर्थात् एक ओर असुरक्षित अथवा कमजोर बैंकिंग संस्थाओं को हटाना तथा दूसरी ओर वित्तीय स्थिरता को बनाए रखना। अंतिम समाधान प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय लेकर कार्पोरेट ऋणशोधनाक्षमता (इनसाल्वेंसी) रिजीम पर लंबा विचार-विमर्श(प्रोट्रैक्ट) किया जा सकता है। जमाकर्ताओं में बैंक से पहले भाग लेने की योग्यता होती है, अत: वे न केवल बैंक को बल्कि वित्तीय प्रणाली को नुकसान पहुँचा सकते हैं। इसके अतिरिक्त कार्पोरेट ऋणशोधनाक्षमता (इनसाल्वेंसी) अपेक्षाकृत रूप से स्थूल (ब्लंट) है। विशेष रूप से यहाँ केवल बंदी तथा परिसमापन जैसे हथियार उपलब्ध हैं। बैंकिग संस्थाओं का समाधान इस प्रकार किया जाना चाहिए कि मूलभूत अच्छे व्यवसाय को सुरक्षित किया जाए तथा हानि की मात्रा को सीमित करने के लिए जमाकर्ताओं को अनुमति दी जाए।

बैंकों के रेजोल्यूशन ढाँचे के लिए संस्थागत ढाँचे से सहारे की आवश्यकता.....

वित्तीय संस्था के प्रभावी समाधान ढाँचे में निम्नलिखित तत्व होने चाहिए:

- ऋणशोधनाक्षमता (इनसाल्वेंसी) से पूर्व संस्था का आधिकारिक नियंत्रण लेने का प्राधिकार
- आस्तियों के हस्तांतरण, जबरन विलय, अनिवार्य निजी पुन: पूँजीकरण तथा परिसमापन का आदेश देने की अनुमति देने वाले लचीले समाधान संबंधी उपकरण
- ''प्रथम हानि'' को शेयरहोल्डरों द्वारा आत्मसात कर लेने की पहचान
- सरकारी क्षेत्र को यह प्राधिकार होना चाहिए कि वह लोक-निधि का पुन: पूँजीकरण के लिए प्रयोग कर सके।

रेजोल्यूशन रिजीम को समर्थन देने वाला संस्थागत ढाँचा इसकी सफलता के लिए महत्त्वपूर्ण है। इसमें जिम्मेदारियों के परस्पर सीमित व्याप्ति के साथ सभी संस्थाओं के अधिदेशों में स्पष्ट संकेत होना चाहिए। इसी प्रकार विधिक ढाँचे में अंतर एजेंसी सहयोग तथा समन्वयन को अवश्य शामिल किया जाना चाहिए।

वर्तमान वित्तीय संकट में बड़े बैंकों का समाधान एक चुनौती के रूप में सामने आया.....

2008 के वित्तीय संकट में बड़े बैंकों का समाधान पहली बार एक चुनौती के रूप में सामने आया और संस्थागत उपाय अब अस्तित्व में आ रहे हैं। अमेरिका का एफडीआईसी राज्य के बैंकों की बड़ी संख्या के कारण बैंकिंग क्षेत्र के तीन चौथाई बैंकों की अस्थिरता का सामना करता है, बड़े बैंकों का अनुभव अर्जित कर रहा है। छोटे बैंकों के साथ डील करने से प्राप्त अनुभव को लागू करने की क्षमता का प्रदर्शन करने वाले वाशिंग्टन म्युचुअल का उदाहरण एक उपाय के रूप में बाजार के महत्त्वपूर्ण खिलाड़ियों के समक्ष रखा जा सकता है।

ऋणशोधनाक्षमता ढाँचे के बारे में अंतर्राष्ट्रीय सर्वसम्मति बन रही.....

वित्तीय संस्थाओं के लिए प्रभावी समाधान रिजीम के रूप में एफएसबी का महत्त्वपूर्ण योगदान है जिसमें राष्ट्रीय ऋणशोधनाक्षमता रिजीम के संदर्भ संबंधी बिंदु के रूप में ऋणशोधनाक्षमता रिजीम के बारे में बन रही अंतर्राष्ट्रीय सर्वसम्मति प्रदर्शित हो रही है। एफएसबी के कार्य में वैश्विक प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं (जी-एसआईएफआई) के इलाज पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कोई संस्था जो प्रणालीगत खतरे का आभास देती है, उसे महत्त्वपूर्ण योगदान के अंतर्गत इस रिजीम के अधीन कर दिया जाना चाहिए। इस रिजीम की 12 निम्नलिखित विशेषताएं हैं:

- प्रणाली की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण सभी फर्में इस रिजीम के अधीन होनी चाहिए।
- समाधान प्राधिकारी को परिचालन की दृष्टि से स्वतंत्र लेकिन पर्यवेक्षण (ओवरसाइट) के अधीन होनी चाहिए।
- देशों के पास समाधान उपकरणों की विस्तृत रेंज होनी चाहिए।
- इस रिजीम के पास विधिक निश्चितता तथा प्रवर्तित करने की सक्षमता होनी चाहिए।
- लेनदारों और पेशेवरों (प्रैक्टिशनर्स) के लिए सुरक्षा उपकरण (सेफगार्ड्स) की आवश्कता है साथ ही दावों का वर्गीकरण (हाइरार्की), प्रणालगत प्रभावों को ध्यान में रखने की योग्यता तथा इसके लिए यथाविधि प्रक्रिया भी होनी चाहिए।
- समाधान प्रक्रिया की लागत के लिए निजी निधियन को वरीयता दी जाए।
- क्रास बार्डर सहयोग के लिए सांविधिक अधिदेश की आवश्कता है तथा राष्ट्रीयता के आधार पर लेनदारों के मध्य भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।
- क्रास बार्डर फर्मों के लिए संकट प्रबंधन समूहों की पहचान की जाए जिसमें घरेलू तथा मेजबान के अधिकारक्षेत्र वाले प्रतिनिधियों को शामिल किया गया हो।

- क्रास बार्डर सहयोग तथा सूचना के आदान-प्रदान के लिए तौर-तरीका बनाया जाना आवश्यक है।

- जी-एसआईएफआई के लिए वसूली और समाधान संबंधी योजनाएं बनाई गई हों ताकि यदि संस्थाएं विफल हों तो प्रभावी समाधान के लिए रोड मैप उपलब्ध कराया जा सके।

- समाधान संबंधी रणनीतियों की व्यावहारिकता का मूल्यांकन करने के लिए सभी जी-एसआईएफआई को समस्याओं को हल करने की योग्यता का मूल्यांकन करना चाहिए।

- अद्यतन सूचना उपलब्ध कराने के लिए अनुमति दी गई सभी फर्मों के पास मजबूत सूचना प्रबंधन प्रणाली होना अपेक्षित है।

एक ऋणशोधनाक्षमता रिजीम की इन प्रमुख विशेषताओं को कार्यान्वित करने से प्राधिकारियों को आवश्यक सूचनाएं मिल सकेंगी तथा प्रणाली की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण सबसे बड़ी संस्थाओं के भी विफल होने का सामना आसानी से किया जा सकेगा।

यूएस में सुधार संबंधी महत्त्वपूर्ण पहल की गई है.....

हालांकि यूएस में संस्थाओं के समस्याग्रस्त हो जाने और बैंकों के विफल हो जाने की प्रवृति में कमी आ रही है लेकिन समस्याग्रस्त संस्थाओं की संख्या उच्च स्तर पर बनी हुई है। यूएस में अधिकांश रेजल्यूशन समूचे बैंक की खरीद करके और उसे लेकर किए गए और पे-आउट कार्यविधि बहुत कम बैंकों के लिए अपनाई गई। यूएस के अनुभव से सीखे गए कुछ प्रमुख सबक निम्नानुसार हैं:

- बाजार में अनुशासन फिर से कायम करने के लिए, यदि बड़े, जटिल बैंक तथा अन्य वित्तीय कंपनियाँ अर्थक्षम नहीं रहतीं तो उन्हें विफल हो जाने देना चाहिए। प्रभावशाली रेजोल्यूशन साधनों के अभाव में, सरकारी बेलआउट आवश्यक हो गए थे लेकिन उनके कारण वित्तीय प्रणाली में गंभीर प्रकार के प्रतिकूल परिणाम हुए। अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के सुव्यवस्थित परिसमापन के लिए क्रॉस-बार्डर सहयोग होना आवश्यक है।

- अत्यधिक कर्ज और लीवरेज का प्रबंध न कर सकना खतरनाक है। पर्यवेक्षकों को कठोर तथा त्वरित पूंजी मानक सुनिश्चित करने चाहिए।

यूएस में सुधार के लिए किए गए उपाय इस धारणा को खत्म करने पर केंद्रित हैं कि अधिक बड़ी संस्थाओं के असफल होने की संभावना कम होती है, साथ ही इन उपायों का प्रयोजन वित्तीय लीवरेज को कम करना और निधियन रणनीति में बदलाव लाकर बढ़े हुए कवरेज के साथ निक्षेप बीमा में सुधार लाना था। डॉड-फ्रैंक अधिनियम के तहत, एफडीआईसी को नई भूमिकाएं और जवाबदेहियाँ सौंपी गई हैं, जिसमें प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं के लिए बढ़ी हुई रीसिवरशिप प्राधिकार, रेजोल्यूशन योजना, मजबूत बैक-अप प्राधिकार और निक्षेप बीमा निधि शामिल है। एफडीआईसी ने अपनी बढ़ी हुई शक्तियों के साथ कई कार्रवाइयाँ की हैं। इसने एक प्रणालीगत एडवाइजरी समिति भी गठित की है।

यूके में भी व्यापक सुधार किए गए हैं...

यूके में इन सुधारों की शुरुआत एक बहुत ही छोटे बैंक नॉर्दन रॉक के असफल होने से हुई थी, वैसे सामान्य रूप से इस बैंक को प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण बैंक नही माना गया है। इस अनुभव ने यूके की वर्तमान दिवालिएपन संबंधी ढाँचे में कई सीमाओं की ओर इशारा किया। विशेषकर :

- प्राधिकारियों के पास सीमित पर्यवेक्षी साधन थे।

- प्रभाव के विस्तार को रोकने के लिए कोई उपाय नहीं थे।

- निक्षेप बीमा प्रणाली जटिल थी और इसे नहीं समझा गया था (विशेषकर सहबीमा और प्रतितुलन से वास्तविक कवरेज स्तर में अनिश्चितता की स्थिति बन गई)

इसके प्रत्युत्तर में, यूके प्राधिकारियों द्वारा बैंकिंग अधिनियम 2009 लाया गया, जिसमें असफल बैंकों से निपटने के लिए एक विशेष रेजोल्यूशन पद्धति (एसआरआर) लागू किया गया और बैंक ऑफ इंग्लैंड को रेजोल्यूशन प्राधिकार सौंपा गया। नए साधन शुरू किए गए जिसमें आस्तियों के हस्तांतरण की क्षमता, एक ऐसे ब्रिज बैंक प्राधिकारी का गठन जिसमें असफल होने वाले बैंक की आस्तियों और देयताओं को किसी नए गठित सार्वजनिक बैंक में हस्तांतरित किया जा सके और असफल होने वाले बैंक का स्वामित्व अस्थायी रूप से सार्वजनिक स्वामित्व में बदलना शामिल था।

वित्तीय सेवाएं क्षतिपूर्ति योजना (एफएससीएस) की भूमिका और कार्य पद्धति को भी मजबूत किया गया ताकि निक्षेप बीमा प्रणाली में लोगों का विश्वास बढ़ाया जा सके। शुरू किए गए सुधार निम्न प्रकार थे (i) अधिकांश जमाकर्ताओं को 7 दिनों के भीतर भुगतान करने का लक्ष्य निर्धारित करना, (ii) प्रतितुलन अर्थात् सेट-ऑफ को खत्म करना, (iii) आवेदन-पत्र को खत्म करना और भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाना, और (iv) बैंकों से यह अपेक्षा की कि वे प्रत्येक ग्राहक की जमाओं पर एकल ग्राहक दृष्टिकोण उपलब्ध कराएं। इसके अलावा, एफएससीएस ने

आकस्मिक योजना कार्यक्रम भी शुरू किया और एक उच्च ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम अपनाया। इसके साथ ही, यूके प्राधिकारी एफएससीएस के निधियन ढाँचे की समीक्षा करेंगे, यूरोपीय डिरेक्टिव द्वारा अनुमानित निधियन शुरू किए जाने की संभावना पर विचार करेंगे और प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं के लिए रिकवरी और रेजोल्यूशन योजना तैयार करेंगे।

भारत में अभी भी बैंक रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क का विकास किया जाना शेष है....

भारत के वित्तीय सुरक्षा-नेट ढाँचे में केंद्रीय बैंक की भूमिका किसी अन्य की अपेक्षा काफी महत्त्वपूर्ण है। केंद्रीय बैंक पर बैंकों के विनियमन और पर्यवेक्षण की जवाबदेही सौंपी गई है और इसे वाणिज्यिक बैंकों के संदर्भ में विस्तृत रेजोल्यूशन शक्तियाँ प्रदान की गई हैं और छोटे जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम केंद्रीय बैंक के साथ मिलकर काम करता है। यद्यपि भारत में केंद्रीय बैंक अब तक बैंकों से जुड़ी समस्याओं का निपटान करने में सक्षम रहे हैं, तब भी भारत के संदर्भ में बैंक रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क से संबंधित कई प्रश्नों के उत्तर दिए जाने अपेक्षित हैं। भारत में बैंक रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क से जुड़े विशेष मुद्दे और बाधाएं निम्न प्रकार हैं :

- बैंक रेजोल्यूशन को नियंत्रित करने वाला कानूनी ढाँचा कई सारे कानूनों और विनियमों में फैला हुआ है जिसके चलते यह ढाँचा जटिल, भ्रामक और अपारदर्शी हो जाता है।

- निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) को जमाकर्ताओं को तुरंत भुगतान करने में विलंब का सामना करना पड़ता है और ऐसा इसलिए होता है क्योंकि निगम के पास जमाकर्ताओं से जुड़ी पर्याप्त साझा सूचनाएं नहीं हैं। डीआईसीजीसी को दिए जानेवाले अधिदेश को इस नजरिए से परखने की जरूरत है कि जमाकर्ताओं का निपटान तेज हो, लागत कम रहे और वित्तीय प्रणाली की स्थिरता के लिए संबंधित लाभ के साथ रेजोल्यूशन की गति तेज हो।

- डीआईसीजीसी अलग-अलग प्रकार के बैंकों के लिए बीमा कवर उपलब्ध कराता है और इन बैंकों के कानून और इनकी संरचना अलग-अलग होती है तथा इस प्रकार उनके असफल होने की दर में भी भिन्नता देखने को मिलती है। हालांकि, चूंकि प्रीमियम एकसमान दर पर ली जा रही है, इससे क्रॉस-सब्सिडाइजेशन और नैतिक जोखिम से जुड़े मुद्दे सामने आ सकते हैं।

- डीआईसीजीसी में एक संभावित निधि होती है। बीते समय में असफलताओं के रिकार्ड को देखते हुए डीआईसीजीसी में रखी गई यह निधि पर्याप्त प्रतीत होती है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि क्या छोटे और मध्यम आकार के वाणिज्यिक बैंकों के असफल होने की स्थिति में किए गए दावों को पूरा करने में यह निधि सक्षम है। वैसे तो, किसी भी निक्षेप बीमाकर्ता के लिए यह संभव नहीं है कि उसके पास काफी बड़े वित्तीय संकट का सामना करने के लिए पर्याप्त नकदी निधि उपलब्ध हो, बड़े पैमाने पर बैंकों के असफल होने की असाधारण स्थिति में यह अनिवार्य है कि निक्षेप बीमाकर्ता को केंद्रीय बैंक और/या सरकार से तुरंत असीमित निधि प्राप्त हो सके ताकि वित्तीय स्थिरता लचर न होने पाए।

- भारत में सीमा-पार बैंकों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम है। लेकिन जैसे ही विश्व अर्थव्यवस्था उबरने लगती है और वैश्विक व्यापार तथा वित्तीय लेन-देन में वृद्धि तेज होते जाती है, वैसे ही भारत में भी सीमा-पार जोखिम का खतरा बढ़ जाएगा। हमें विदेशी पर्यवेक्षी प्राधिकारियों के साथ संबंध मजबूत करने, सूचना के आदान-प्रदान में तेजी लाने और असफल होनेवाले किसी वैश्विक संस्था को ठीक-ठाक सुलझाने के लिए किसी सर्वसम्मत रास्ते पर विचार करने की जरूरत है।

- अगला विषय प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं के विनियमन और गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं के प्रभावी रेजोल्यूशन ढाँचे से संबंधित है। भारत में कई बैंक बड़े हो गए हैं तथा बढ़कर वे 'वित्तीय संगुट' बन गए हैं और अलग-अलग बाजारों में वे अलग-अलग वित्तीय उत्पाद मुहैया करा रहे हैं। विनियामक के नजरिए से देखने पर इसमें दो चुनौतियाँ दिखाई देती हैं। पर्याप्त कानूनी ढाँचे का न होना और अंतर-विनियामी समन्वय ढाँचे का सीमित होना। बड़े एवं जटिल वित्तीय संस्थाओं और समूहों के प्रादुर्भाव और बैंकिंग तथा गैर-बैंकिंग दोनों क्षेत्रों में इनके फैले होने के चलते पर्यवेक्षी और रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क में समन्वय होना अत्यावश्यक है। इस प्रयास में काफी समय, संसाधन दक्षता लगेगा और ऐसे तरीके की जरूरत होगी जिसमें प्रणाली-वार जोखिम का विश्लेषण शामिल हो।

हमें एक तेज, प्रभावी और पारदर्शी रेजोल्यूशन प्रणाली स्थापित करने की जरूरत है ताकि संक्रमण पर काबू पाया जा सके। वैश्विक वित्तीय संकट से कई सबक मिले हैं, लेकिन संकट के समाधान किसी देश की परिस्थितियों के अनुरूप और संदर्भ विशेष होने चाहिए। यह तथ्य वित्तीय प्रणाली के समूचे विनियमन और पर्यवेक्षण पर लागू है जिसमें निक्षेप बीमा प्रणाली से संबंधित परिचालन भी शामिल है।

संकट ने निक्षेप बीमा प्रणाली की कमजोरियों को उजागर किया....

जैसे ही संकट सामने आया, राष्ट्रों ने गैर-परंपरागत मात्रात्मक हस्तक्षेप का उपयोग करते हुए समन्वित नीतिगत उपाय करना शुरू कर दिया। हालांकि इन उपायों से वित्तीय स्थिरता कायम नहीं रह सकती है। बड़े पैमाने पर बैंकों के बेल-आउट और निर्बंध गारंटियों से रेजोल्यूशन साधनों का अभाव उजागर हुआ। इस संकट से जमाकर्ता के सुरक्षा प्रणाली की कमजोरियां भी उजागर हुईं : (i) कवरेज स्तर में काफी विरूपण के चलते जमाकर्ताओं में हड़बड़ी; (ii) प्रणाली डिजाइन में समानरूपता की अभाव; (iii) सुव्यवस्थित सीमा-पार कार्रवाई का अभाव; (iv) निधियन पश्चात् अपर्याप्त प्रणाली; (v) लंबी भुगतान समय-सीमा; (vi) अक्षम कानूनी प्रावधान जैसे सहबीमा और एकीकृत ग्राहक सुरक्षा और (vii) लोक जागरूकता का अभाव। इसके प्रत्युत्तर में प्राधिकारियों द्वारा लिए गए उपायों में अस्थायी निर्बंध गारंटी तैयार करना जिससे कई मामलों में कवरेज स्तर में स्थायी वृद्धि संभव हो पाया, नियमों को सरल करना जैसे सहबीमा और प्रतितुलन को खत्म करना, असफल हुए बैंकों को सरकारी सहायता प्रदान करना, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के निकाय स्थापित कर नए मानक तैयार करना और निक्षेप बीमा एजेंसियों के अधिदेश में संशोधन करना शामिल था।

वित्तीय संकट से निक्षेप बीमा प्रणाली और रेजोल्यूशन ढाँचे के संबंध में कई सबक प्राप्त हुए हैं .....

वित्तीय संकट ने निक्षेप बीमा प्रणाली से जुड़े कुछ महत्त्वपूर्ण सबक सामने लाए हैं, वे इस प्रकार हैं : निक्षेप बीमा एजेंसियों में स्वायत्तता होनी चाहिए; उनमें तेजी से कार्रवाई करने की क्षमता होनी चाहिए; ऐसी प्रक्रिया हो कि तेजी से जमाकर्ताओं को प्रतिपूर्ति की जा सके; वित्तीय आंकड़ों की उपलब्धता; कारोबार के सामान्य कामकाज में अभियोग लगाने पर कानूनी सुरक्षा; अन्य सुरक्षा-नेट प्रतिभागियों के साथ गहन, तेज और प्रभावी हस्तक्षेप; पर्याप्त निधियन की उपलब्धता; और लोक जागरूकता तथा निक्षेप बीमा प्रणाली में लोगों का विश्वास कायम रहना चाहिए।

रेजोल्यूशन ढाँचे की महत्त्वपूर्ण विशेषताएं जिससे निक्षेप बीमाकर्ता को अपने लक्ष्य पूरा करने में मदद मिल पाए वे इस प्रकार है: वित्तीय संस्थाओं के लिए एक विशेष रेजोल्यूशन ढाँचा हो; जल्द और समय पर रेजोल्यूशन के लिए निर्दिष्ट रेजोल्यूशन प्राधिकारी हो; रिकवरी और रेजोल्यूशन योजना; बैंकों को असफल होने से रोकने और असफल हो चुके बैंकों को उबारने (जिसमें खरीद और अनुमान, ब्रिज बैंक, विलयन, पूंजी अंतर्वेशन आदि शामिल है) के लिए प्रभावी असफलता रेजोल्यूशन साधन हो (जैसे बेल-इन प्रक्रिया, लिविंग विल) और रिकवरी तथा रेजोल्यूशन उपायों की योजना एवं कार्यान्वयन के सभी चरणों में सुरक्षा-नेट के प्रतिभागियों के बीच सूचना साझा करने की प्रक्रिया हो।

वित्तीय स्थिरता बोर्ड की विशेषताओं का निक्षेप बीमाकर्ताओं पर असर हुआ है ...

महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का प्रयोजन यह है कि ऐसे प्रमुख तत्व निर्धारित किए जाएं जिन्हें एफएसबी प्रभावी रेजोल्यूशन ढाँचा के लिए आवश्यक समझता हो और जिनसे प्राधिकारियों को बड़े, जटिल और अंतर्राष्ट्रीय रूप से सक्रिय संस्थाओं को असफल होने से इस तरह से बचाने की अनुमति मिल जाए कि प्रणालीगत विघ्नता न्यूनतम हो और लोक निधियों को सहारा न लेना पड़े क्योंकि इससे करदाताओं को नुकसान होने का खतरा रहता है।

ऐसे कई क्षेत्र हैं जहाँ महत्त्वपूर्ण विशेषताओं ने निक्षेप बीमा प्रणाली को प्रभावित किया है। ये (1) खुदरा ग्राहकों के हितों की सुरक्षा, (2) एक अस्थायी ब्रिज संस्था की स्थापना, (3) असफल होने वाले फर्म की बंदी और समापन पर बीमित जमाकर्ताओं को समय पर भुगतान या अंतरण, (4) शासकीय प्रतितुलन अधिकारों के लिए कानूनी ढाँचा, (5) निजी आधार पर किया गया निक्षेप बीमा वित्तीयन या रेजोल्यूशन निधि, (6) विदेशी रेजोल्यूशन प्राधिकारियों के साथ समन्वित समाधान, और (7) रेजोल्यूशन के भीतर बेल-इन से संबंधित हैं। वित्तीय स्थिरता बोर्ड द्वारा रेजोल्यूशन पर किया गया कार्य अंतर्राष्ट्रीय निक्षेप बीमा संघ (आईएडीआई) तथा निक्षेप बीमाकर्ताओं के लिए महत्त्वपूर्ण है और निक्षेप बीमाकर्ताओं के लिए जरूरी है कि वे रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क के सभी पहलुओं जैसे सूचना, साधन, आकस्मिक योजना आदि से अच्छी तरह जुड़े रहें। महत्त्वपूर्ण विशेषताओं और असफलता रेजोल्यूशन प्रक्रिया में प्रमुख सिद्धांतों की काफी उपयोगिता है। उपयोगी प्रमुख सिद्धांत है: निधियन के सिद्धांत, समस्या का शीघ्र पता लगाना तथा समय पर हस्तक्षेप और रेजोल्यूशन, प्रभावी रेजोल्यूशन प्रक्रिया और जमाकर्ताओं की प्रतिपूर्ति।

निक्षेप बीमाकर्ता की बदलती भूमिका...

2008-09 के वैश्विक संकट से मिले सबक के आलोक में निक्षेप बीमाकर्ता की भूमिका में बदलाव आ रहा है। जमाकर्ता संरक्षण वित्तीय स्थिरता बनाए रखने वाली नीतियों का मुख्य केंद्र बन गया है और निक्षेप बीमाकर्ता इस तरह की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार सुरक्षा प्रदाताओं के साथ पूरी तरह से शामिल हो गया है।

संकट की अवधि के तत्काल बाद निक्षेप बीमाकर्ता के

अधिदेश का विस्तार सबसे प्रखर रहा है। कई पे-बाक्स बीमा कंपनियों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं जिनमें वित्तपोषण रेजोल्यूशन और रेजोल्यूशन विकल्पों से संबंधित बहस में भाग लेना शामिल था। इस विस्तारित अधिदेश के साथ 2005 से 2011 के बीच सिर्फ पाँच साल की अवधि में बीमा कंपनियों का प्रतिशत 52 से बढ़कर 65 प्रतिशत हो गया। इसके अलावा, कई अधिकार क्षेत्रों ने अपने दिवालिया व्यवस्थाओं को पूरी तरह बदल दिया और निक्षेप बीमाकर्ता को निर्णय लेने की प्रक्रिया में पूरी तरह से शामिल कर लिया। इसके आगे भी अधिदेश विस्तार की यह प्रवृत्ति जारी रहने की संभावना है। निक्षेप बीमा कंपनियाँ रेजोल्यूशन प्रक्रिया का एक नया पहलू सामने लाती है। उनका स्पष्ट ध्यान कम लागत रेजोल्यूशन और जमाकर्ताओं के धन की सुरक्षा पर रहता है जो रेजोल्यूशन विकल्पों के लिए स्पष्ट चयन मानदंड स्थापित करता है और रेजोल्यूशन विकल्पों में से चयन के लिए उचित प्रोत्साहन प्रदान करता है।

बीमाकर्ता के अधिदेश विस्तार के लिए एक मजबूत सुधारवादी एजेंडे की आवश्यकता होगी। इस तरह के सुधारों में कानूनी और विनियामक परिवर्तन और निधियन संरचनाओं/संस्थानों का सुदृढ़ीकरण शामिल है जिससे निक्षेप बीमाकर्ताओं के पास पर्याप्त संसाधन, सुरक्षा प्रदाताओं के बीच मजबूत समन्वय और उपयुक्त स्टाफ हों। इसके साथ ही, इन नए कौशलों का परीक्षण और आकस्मिक स्थिति के लिए योजना बनाने की आवश्यकता होगी। अंततः और संभवतः अधिक महत्त्वपूर्ण बात यह है कि निक्षेप बीमा कंपनियों के अधिदेश के इस विस्तार को भविष्य में उत्पन्न होने वाली दिवालियेपन की स्थिति से निपटने के लिए एक मजबूत राजनीतिक सहमति द्वारा समर्थन प्रदान किए जाने की आवश्यकता होगी।

कई देशों ने रेजोल्यूशन शामिल करने के लिए निक्षेप बीमा एजेंसियों के अधिदेश का विस्तार किया है ...

मलेशिया ने निम्नलिखित चार उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विफलता रेजोल्यूशन में निक्षेप बीमा एजेंसी की भूमिका का विस्तार किया है: (i) रेजोल्यूशन की वित्तीय लागत को कम करने, (ii) जमाकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने, (iii) शेयरधारक बेलआउट रोकने, और (iv) समय पर और पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए। मलेशिया के अनुभव के आधार पर प्रभावी रेजोल्यूशन रिजीम के पाँच आवश्यक तत्व हैं। सबसे पहले, रिजीम पर्याप्त कानूनी आधार पर स्थापित किया जाना चाहिए। ऐसे कानून में स्पष्ट उपयोग और कानूनी संरक्षण की स्पष्ट व्यवस्था होनी चाहिए। दूसरा, रेजोल्यूशन की प्रक्रिया को निर्देशित करने के लिए औपचारिक प्रक्रिया होनी चाहिए। तीसरा, रेजोल्यूशन की प्रक्रिया को मजबूत और प्रभावी पर्यवेक्षण द्वारा समर्थित होना चाहिए। किसी संस्था को एक सुरक्षित और बेहतर संस्था बनाए रखने के औपचारिक प्रयासों की श्रृंखला में संस्था का रेजोल्यूशन अंतिम चरण होना चाहिए। चौथा, सुरक्षा प्रदाताओं को मूल काम करना चाहिए। सूचना और निर्णय को साझा किया जाना चाहिए, सुस्पष्ट संस्थानों से संबंधित भूमिकाओं, और समन्वय की प्रक्रिया को अपनाया जाना चाहिए। अंत में, क्षेत्राधिकार इस प्रकार तैयार किया जाना चाहिए कि उसे प्रचालित किया जा सके। सीमित विफलताओं के आधार पर प्रणालियों का एक नियमित आधार पर परीक्षण किया जाना चाहिए।

रूस ने 2004 में विफल बैंकों के परिसमापन कार्य को अपने हाथ में लिया था और उसे 2008 में प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण बैंकों की विफलता की रोकथाम के लिए अधिदेश दिया गया। वित्तीय संकट के कारण उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए रूस की निक्षेप बीमा एजेंसी (डीआईए) ने कवरेज स्तर में वृद्धि की, सहबीमा को समाप्त कर दिया, बैंकों को चलनिधि समर्थन प्रदान करने के लिए प्रीमियम दर में कमी की और भुगतान अवधि को कम कर दिया। बैंक विफलताओं की रोकथाम के लिए रूस की डीआईए द्वारा प्रयोग में लाए गए उपायों में शामिल हैं - (i) संगठनात्मक सहायता उपलब्ध कराना जैसे - किसी असफल बैंक के लिए एक संभावित निजी निवेशक खोजने में, (ii) नए निवेशकों के लिए सुरक्षित ऋण प्रदान कराना, बैंक पुनर्वास के लिए परिसंपत्ति की खरीद, कैपीटल इंजेक्शन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना और (iii) किसी असफल बैंक की परिसंपत्तियों और देयताओं को किसी सुदृढ़ बैंक में अंतरित करना। बैंक रेजोल्यूशन के लिए निधियन के विभिन्न स्रोतों की सहायता ली गई है जिनमें निजी निवेशकों के संसाधन, सरकारी योगदान, केंद्रीय बैंक से ऋण और निक्षेप बीमा निधि से ऋण शामिल हैं।

प्राधिकारियों को उनकी प्रणालियों में सुधार करने में मूल सिद्धांतों ने मार्गदर्शन प्रदान किया है ...

वैश्विक संकट के बाद, वित्तीय स्थिरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जमाकर्ता संरक्षण को पहले की तुलना में और अधिक प्रमुखता से देखा जा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप, निक्षेप बीमा एजेंसियों को पूरी तरह सेफ्टी नेट में एकीकृत किया जा रहा है और निक्षेप बीमा एजेंसियों के अधिदेश का विस्तार किया जा रहा है। निक्षेप बीमा कंपनियों के लिए इस नई दुनिया में निक्षेप बीमा प्रणाली में सुधार और पुनर्गठन को निर्देशित करने के लिए प्रमुख सिद्धांत एक महत्त्वपूर्ण साधन के रूप में सामने आया है। प्रमुख सिद्धांतों को विभिन्न क्षेत्राधिकारों में लागू किया जा सकता है क्योंकि वे निक्षेप बीमा के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों के संबंध में तब

तक तटस्थ हैं, जब तक अधिभावी लक्ष्य हासिल हो रहे हैं। यद्यपि, मूल सिद्धांतों के प्रयोग में अनेक चुनौतियाँ हैं, क्योंकि इनमें सुरक्षा ढाँचे के सिद्धांतों के विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। इसमें मुख्य चुनौती यह है कि प्रमुख सिद्धांत 'निक्षेप बीमा प्रणाली' पर लागू हैं और अपने-आप में 'निक्षेप बीमा एजेंसी' के लिए लागू नहीं हैं। निक्षेप बीमा प्रणाली में वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने के उद्देश्य से किए जाने वाले सुरक्षा उपाय शामिल हैं। निक्षेप बीमा एजेंसी की भूमिका और जिम्मेदारी के दृष्टिकोण से सुरक्षा ढाँचे में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काफी मतभेद है। वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने में निक्षेप बीमा एजेंसी और निक्षेप बीमा प्रणाली की महत्त्वपूर्ण भूमिका है और एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय से वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने संबंधी लक्ष्य की प्राप्ति में मदद करता है।

डीआईसीजीसी विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त सबक से लाभान्वित हो सकता है ...

ऐतिहासिक दृष्टिकोण से, भारत में बैंकिंग विफलता तुलनात्मक रूप से बहुत कम है। यहाँ वित्तीय प्रणाली में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की प्रमुखता रही जिसे सरकार का पूर्ण भरोसा और समर्थन प्राप्त था। डीआईसीजीसी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल अपेक्षाकृत छोटी और बिखरी हुई सहकारी बैंकिंग संस्थाओं के लिए किया गया। ऐसे संस्थान प्रणालीगत रूप से बहुत कम खतरा उत्पन्न कर रहे थे और उनमें हस्तक्षेप करने तथा उनकी समस्याओं को हल करने के लिए पारंपरिक तरीके काफी सफल सिद्ध हुए। लेकिन इस प्रकार की स्थिति अब बदल गई है। 1990 के दशक के मध्य से निजी बैंकिंग के विस्तार के कारण नई और अधिक आक्रामक संस्थाएं उभर कर सामने आई हैं जोकि बाजार में हिस्से और लाभांश के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। इन संस्थानों अर्थात् सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों का अच्छी तरह से निरीक्षण किया जा रहा है और इनके जोखिम प्रोफाइल की सावधानी पूर्वक निगरानी की जा रही है। लेकिन भारत की बैंकिंग प्रणाली में बदलता परिवेश देश की सुरक्षा ढाँचे में संशोधन की उपयोगिता की ओर इंगित करता है।

अनेक ऐसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्र हैं जिन पर और अधिक चर्चा तथा विभिन्न विकल्पों के मूल्यांकन उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। विशेष रूप से:

- प्रवर्धित आंतरिक संबध : व्यष्टि आर्थिक नीति के विशेषज्ञों, पर्यवेक्षकों, और निक्षेप बीमा कंपनियों के बीच सहज और प्रभावी सहयोग प्रभावी सुरक्षा तंत्र का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है।

- रेजोल्यूशन प्रक्रिया की पूर्वधारिता : रेजोल्यूशन प्रक्रिया धीमी और अप्रत्याशित हो सकती है। कमजोर आईटी प्रणालियाँ डेटा के लिए पर्याप्त प्रावधान में बाधा उत्पन्न करते हैं और विफल संस्थानों के प्रभावी रेजोल्यूशन को सीमित करते हैं।

- रिज़र्व बैंक के साथ संबंध : जमाकर्ताओं को यह आश्वासन दिया जाना चाहिए कि उनकी कवर निक्षेप का भुगतान प्रभावी ढंग से और जल्दी किया जाएगा। ऐसे भुगतान के निधियन का आश्वासन दिया जाना चाहिए और रिज़र्व बैंक से आपातकालीन निधियन द्वारा समर्थित होना चाहिए।

- निगम के दायरे का विस्तार : निगम रेजोल्यूशन प्रक्रिया को मजबूत बनाने में सक्षम है। रेजोल्यूशन प्रक्रिया के चयन और निरीक्षण में महत्त्वपूर्ण भूमिका और मजबूत आईटी प्रणालियों से हमारे समग्र रेजोल्यूशन क्षमता में वृद्धि हो सकती है।

निष्कर्षत: भारत में और किसी देशों में निक्षेप बीमा में सुधार अति महत्त्वपूर्ण है ...

वित्तीय समावेशन और स्थिरता के लिए निक्षेप बीमा अति महत्त्वपूर्ण है। भारतीय संदर्भ में, निक्षेप बीमा प्रणाली में आवश्यक सुधारों में बैंक रेजोल्यूशन को शामिल करने के लिए डीआईसीजीसी के अधिदेश में विस्तार, किसी बैंक के दिवालियेपन से पूर्व रिज़ोल्व करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक को अधिकार देना, अस्थायी प्रशासक की नियुक्ति के लिए कानून पारित करना, प्रौद्योगिकी उन्नयन के साथ जमाकर्ताओं को की जानेवाली प्रतिपूर्ति में तेजी लाना, बीमा कवरेज की सीमा बढ़ाना, डीआईसीजीसी को परिसमापक की नियुक्ति और निगरानी का अधिकार प्रदान करना, बैक अप निधियन और करों से छूट द्वारा डीआईसीजीसी की वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाना, और जोखिम - आधारित अंतर प्रीमियम प्रणाली अपनाना शामिल हैं। डीआईसीजीसी अधिनियम में संशोधन करके इनमें से अधिकांश को प्राप्त किया जा सकता है।

निक्षेप बीमा प्रणालियों में वैश्विक स्तर पर जिन अति महत्त्वपूर्ण मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है उनमें निम्नलिखित शामिल हैं: निक्षेप बीमा एजेंसियों के अधिदेश में विस्तार से समग्र सुरक्षा ढाँचा का एक अभिन्न अंग बनाना, अन्य वित्तीय प्रणाली के साथ महत्त्वपूर्ण सूचनाओं को सुरक्षा प्रदाताओं के साथ साझा करना, विदेशी बीमा कंपनियों और विदेशी सुरक्षा प्रदाताओं के बीच सूचनाओं का आदान – प्रदान करना, प्रभावी निक्षेप बीमा प्रणालियों पर आईएडीआई के मूल सिद्धांतों का अनुपालन करने के लिए सार्थक प्रयास करना, नियामकों को इस बात के लिए प्रेरित करना कि वे बेहतर नियामक सुधारों द्वारा निक्षेप बीमा कंपनियों से

संबंधित सुविधात्मक उपायों/कार्यों को अपनायें, आने वाले संकट का जल्दी से पता लगाने और उत्कृष्ट आकस्मिक योजना के लिए एक उन्नत संवेदी प्रणाली का संयुक्त रूप से विकास करना, नैतिक खतरों से बचना और सर्वोत्तम अंतर्राष्ट्रीय प्रथाओं को अपनाना। उपरोक्त उपायों के कार्यान्वयन से निक्षेप बीमा प्रणाली निश्चित रूप से आदर्श बनेगी, जिससे वित्तीय संकट रुकेगा और वित्तीय स्थिरता प्राप्त होगी।

बैंक रेजोल्यूशन ढाँचा: भारतीय परिप्रेक्ष्य में चुनौतियाँ

(डॉ. दुब्बुरी सुब्बाराव, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा उद्घाटन भाषण)

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से, मैं *बैंक रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क में निक्षेप बीमा की भूमिका-वित्तीय संकट से सबक पर* इस आईएडीआई-डीआईसीजीसी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पधारे सभी गणमान्य प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत करता हूँ। आपका स्वागत है जोधपुर के इस सनसिटी में - थार रेगिस्तान का सरहद, किलों और महलों का शहर, झीलों और बागों का शहर और अपनी परंपरा और आधुनिकता के मधुर मिश्रण से सराबोर लोककथाओं और किंवदंतियों का शहर - भारत का सुन्दरतम चेहरा।

डीआईसीजीसी

2. यह सम्मेलन डीआईसीजीसी के स्वर्ण जयंती समारोह का भी हिस्सा है, जिसे दुनिया में दूसरा सबसे पुराना सतत निक्षेप बीमा प्रणाली होने का गौरव प्राप्त है। पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से डीआईसीजीसी भारत के वित्तीय क्षेत्र के विकास का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा रहा है, इसमें प्रगति हुई है और बेहतर हुआ है, कई चुनौतियों का सामना किया है और नये जोखिमों के प्रबंधन के लिए खुद को तैयार किया है। भविष्य में तेजी से बढ़ती और संरचनात्मक दृष्टिकोण से बदलती अर्थव्यवस्था की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए डीआइसीजीसी को खुद को बदलने की आवश्यकता होगी। ऐसा करने के लिए इसे दुनिया भर के निक्षेप बीमा प्रणाली से जुड़े अनुभवों से और वैश्विक वित्तीय संकट के अनुभवों से सबक लेना पड़ेगा। इसलिए, यह सम्मेलन डीआईसीजीसी को अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए सीखने का एक बढ़िया मौका प्रदान करता है।

वित्तीय संकट से सीख

3. वित्तीय संकट ने वैश्विक विकास और कल्याण पर एक विनाशकारी छाप छोड़ी है। तीन साल गुजर गए पर संकट अभी भी हमारा पीछा नहीं छोड़ रहा है, भले ही इसका स्थान बदल गया है। कुछ मामलों में 2008 और 2011 के संकट एकसमान हैं। 2008 के संकट का कारण निजी ऋणों का गलत मूल्य निर्धारण था तो 2011 में सार्वजनिक ऋणों का। दोनों के उत्पन्न होने का छोटा पर भ्रामक कारण था। 2008 में यू.एस. में सब-प्राईम ऋण और 2011 में ग्रीस में सरकारी ऋण। दोनों ही मामलों में छूत की बीमारी की तरह प्रभाव काफी व्यापक और विनाशकारी था। 2008 और 2011 के बीच में कुछ ध्यान देने योग्य विभिन्नताएं भी हैं। 2008 में संकट निजी ऋण और जटिल वित्तीय उत्पादों से जुड़ा हुआ था जिससे यह निर्धारित करना मुश्किल हो रहा था कि आखिर जोखिम किसमें है; जबकि 2011 में जोखिम सार्वजनिक ऋण संकट से संबंधित था जिसमें स्पष्ट पता चल रहा था कि जोखिम का केंद्र कहाँ है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि 2008 में, हमें अनजाने अज्ञात का सामना करना पड़ रहा था जबकि 2011 में हमें जाने पहचाने अज्ञात का सामना करना पड़ रहा है।

4. इस सम्मेलन के दृष्टिकोण से जो ध्यान देने योग्य बात है और जो महत्त्वपूर्ण है, वह यह है कि इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वित्तीय संकट कहाँ हुआ, कोई फर्क नहीं पड़ता कि इसका कारण क्या है और कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कैसे आया, पर हाँ, बैंक केंद्र बिंदु रहते हैं। जब बैंकों पर तनाव बढ़ता है तो संकट पर नियंत्रण रखने और विश्वास कायम करने में निक्षेप बीमा बहुत महत्त्वपूर्ण हो जाता है। इस स्थिति से कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से निपटना निक्षेप बीमा प्रणाली के लिए एक चुनौती है।

5. वैश्विक वित्तीय संकट ने वित्तीय सुरक्षा तंत्र की कार्य-पद्धति तथा पर्यवेक्षकों, बैंक दिवाला संबंधी एजेंसियों और निक्षेप बीमाकर्ताओं के बीच रहने वाले संबंधों की पुनर्परीक्षा करने को मज़बूर कर दिया है। संकट से यह मालूम पड़ा कि जमाकर्ता जोखिम के प्रति हमारी समझ से कहीं अधिक संवेदनशील हैं। हमें ज्ञात है कि छोटे पैमाने पर हानि होने से पहले की अपेक्षा काफी अधिक अस्थिरता पैदा होने की आशंका है। ऐसी स्थिति में पर्यवेक्षण, विनियमन, दिवालिया और निक्षेप बीमा के लिए जिम्मेदार एजेंसियों को त्वरित और अच्छी तरह समन्वित रीति से झटकों से निपटने के लिए असल में तालमेलपूर्ण नीति तैयार करना ज़रूरी हो जाता है।

6. संकट से हमें एक और सीख मिली कि सुस्थिर वित्तीय प्रणाली को समर्थन प्रदान करने के लिए तीन स्तंभों का होना आवश्यक है। पहला है प्रभावी पर्यवेक्षण व्यवस्था। संकट से पर्यवेक्षण को और मज़बूत तथा कारगर किए जाने संबंधी कई सबक मिले हैं। दूसरा स्तंभ एक ऐसा सुदृढ़ विनियामक ढाँचा है जो समूची प्रणाली को समन्वित करता हो और जिसमें चक्रीय अस्थिरता से सहजता से निपटने की शक्ति अंतर्निर्मित हो। तथा तीसरा स्तंभ, जो इस सम्मेलन की विषय-वस्तु है, त्वरित व कारगर रेजोल्यूशन ढाँचा है और वह अत्यधिक जोखिम को रोकने के समुचित कारकों को उत्पन्न कर सकता हो।

7. सारे विश्व में विभिन्न एजेंसियों में उपर्युक्त तीन स्तंभों की जिम्मेदारी आबंटित किए जाने में काफी असमानता है। प्रत्येक देश के विशिष्ट विनियामक ढाँचे में निक्षेप बीमा प्रणाली की भूमिका और अधिदेश संबंधी बातें अंतर्विष्ट होती हैं। कुछ मामलों में निक्षेप बीमा प्रणालियाँ रेजोल्यूशन प्रक्रिया से सक्रिय रूप से जुड़ी रहती है, तो कहीं वे अपेक्षाकृत कम सक्रिय होती हैं और कुछ मामलों

में तो वे बिलकुल निष्क्रिय हैं। भारत में बैंक रेजोल्यूशन का कार्य पूरी तरह विनियामकों और पर्यवेक्षकों द्वारा संपन्न किया जाता है और डीआईसीजीसी मात्र एक पे-बॉक्स की भूमिका अदा करता है। मुझे यह समीचीन लगा कि भारत में बैंक रेजोल्यूशन में हमारे सामने होने वाली कुछ चुनौतियों पर प्रकाश डालने के साथ-साथ इस प्रक्रिया में डीआईसीजीसी की भूमिका को रेखांकित करने के लिए यह एक उचित अवसर है।

भारतीय वित्तीय ढाँचा

8. बैंक रेजोल्यूशन की चुनौतियों पर चर्चा करने से पहले मैं भारतीय वित्तीय प्रणाली की रूप-रेखा का विहंगावलोकन करना चाहता हूँ।

9. हमारी वित्तीय प्रणाली के अंतर्गत वाणिज्यिक बैंक, सहकारी बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ, बीमा कंपनियाँ, भविष्य निधियाँ व म्यूचुअल फंड और हाल ही में स्थापित पेंशन निधियाँ शामिल हैं, जिनकी समग्र आस्तियाँ सकल देशी उत्पाद के 140 प्रतिशत के बराबर हैं। कुल वित्तीय आस्तियों में वाणिज्यिक बैंकों का 60 प्रतिशत का हिस्सा है, जो कि समूची वित्तीय प्रणाली में बड़ा हिस्सा है। कुल आस्तियों में वाणिज्यिक बैंकों के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का लगभग 75 प्रतिशत का सर्वाधिक हिस्सा है। भारत स्थित वाणिज्यिक बैंक पूँजी से संपन्न हैं; जून 2011 के अंत की स्थिति के अनुसार बासेल-II मानदंडों के अंतर्गत प्रणाली स्तरीय जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूँजी अनुपात (सीआरएआर) 13.9 प्रतिशत रहा, जो कि भारत के संदर्भ में निर्धारित 9 प्रतिशत की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा से काफी अधिक है।

10. कई संरचनागत व विनियामक विशेषाताओं के चलते भारतीय वित्तीय प्रणाली झटके से निपटने में सक्षम है। वाणिज्यिक बैंकों को अपनी आस्तियों का एक सर्वाधिक हिस्सा सरकारी प्रतिभूतियों में रखना आवश्यक है, वर्तमान में यह 24 प्रतिशत है। इसके अलावा, रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों को आरक्षित नकदी निधि (सीआरआर) के रूप में उसके पास एक और आरक्षित निधि रखने की अपेक्षा निर्धारित की गई है। खास बात यह है कि अधिकतर वाणिज्यिक बैंक सरकारी स्वामित्व के अधीन हैं। इस वजह से जनसाधारण का विश्वास और बढ़ता है। ज्ञात हो कि उपर्युक्त विनियामक और संरचनागत कारकों के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने वाली बीमा पर काफी लागत लगती है तथा हमें सदा इस लागत और लाभ के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

11. भारतीय रिज़र्व बैंक भारतीय वित्तीय सुरक्षा तंत्र के ढाँचे में अभिभावी भूमिका निभा सकता है, जो केंद्रीय बैंकिंग के कार्यकलापों के साथ-साथ बैंकों के विनियमन और पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी का वहन करता है। रिज़र्व बैंक को बैंककारी विनियमन अधिनियम के तहत वाणिज्यिक बैंकों के रेजोल्यूशन संबंधी कई अधिकार प्राप्त हैं। रिज़र्व बैंक की एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी संस्था होने के नाते डीआईसीजीसी लघु जमाकर्ताओं के संरक्षण हेतु केंद्रीय बैंक के साथ अच्छी तरह समन्वय स्थापित कर कार्य करता है।

12. माननीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद् (एफएसडीसी) का गठन वित्तीय स्थिरता मोर्चे की दिशा में हाल ही में संपन्न एक महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रणालीगत पर्यवेक्षण, विनियामक समन्वयन, वित्तीय क्षेत्र का विकास और वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय समावेशन आदि इस परिषद् के अधिदेश में शामिल हैं। रिज़र्व बैंक के गवर्नर की अध्यक्षता में गठित एक उप-समिति इस एफएसडीसी के परिचालनकारी अंग के रूप में कार्य करती है। इसके अंतर्गत विनियामकों के बीच आपस में तथा विनियामकों एवं सरकार के बीच बेहतर ढंग से समन्वय स्थापित करने का एक ऐसा तंत्र उपलब्ध है जिसकी आवश्यकता विशेष रूप से हमने संकट की अवधि में महसूस की थी।

13. भारत में विरले ही वाणिज्यिक बैंक दिवालिया हुए हैं। इसके पहले 2004 में एक बड़ा वाणिज्यिक बैंक विपदाग्रस्त हो गया तथा उसे इस स्थिति से प्रभावी और त्वरित रूप से बचाने के लिए उसका, एक मजबूत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के साथ विलय करा दिया गया। शहरी सहकारी बैंकों में दिवालियापन एक आम बात है। हमने ऐसे बैंकों पर नेमी रूप से निगरानी रखने का तंत्र विकसित किया है जो न्यूनतम विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं को पूरा करने से चूक जाते हों। कमज़ोर बैंक को पूँजी अंतर्वेश सहित महत्वपूर्ण वित्तीय मानदंडों को पूरा करने के संबंध में लक्ष्य निर्धारित करते हुए एक कार्य योजना तैयार करना आवश्यक है। यदि उस बैंक में कम. जोरी जारी रहने के साथ-साथ निवल मालियत नकारात्मक हो जाती हो और उसकी कायापलट के लिए कोई ठोस कार्य-योजना बनाई जाती हो तो उसे मारटोरियम के अंतर्गत रख दिया जाता है। संकटग्रस्त बैंक को भारी मात्रा में आहरण की दुर्दशा से बचाने, उसकी आस्ति के घटने से रोकने और किसी उपयुक्त मजबूत बैंक को उसका अधिग्रहण करने हेतु समय देने की दृष्टि से उसे इस प्रकार मॉरटोरियम के अंतर्गत रखा जाता है। इस विलय की प्रक्रिया पारदर्शी एवं परामर्शात्मक रीति से यथाशीघ्र संपन्न की जाती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि रिज़र्व बैंक में वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड नामक बोर्ड की एक समिति कार्यरत है जो हमारे बैंक की पर्यवेक्षी गतिविधियों की समीक्षा करती है, साथ ही, बैंकों, विशेष रूप से कमज़ोर बैंकों के कार्य-निष्पादन की निगरानी करती है।

14. हम भारत में परंपरागत रूप से संकटग्रस्त बैंक की पुनर्संरचना या उसका किसी मज़बूत बैंक के साथ विलय या उसे बंद कराने की रेजोल्यूशन पद्धति का प्रयोग करते हैं। जब किसी कमज़ोर बैंक

का अन्य बैंक, सामान्य रूप से किसी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के साथ विलय किया जाता है तो आम तौर पर उस प्रक्रिया के लिए सहायता दी जाती है या अनिवार्य विलयन पद्धति को अपनाया जाता है। स्वैच्छिक विलयन के कई मामले भी देखने को मिले जहाँ किसी सुदृढ बैंक ने कमज़ोर बैंक का अभिग्रहण किया है। डीआईसीजीसी परिसमापन के अंतर्गत रखे गए बैंकों को भुगतान अदा करने के अलावा, निर्धारित कवरेज सीमा तक जमाकर्ताओं के दावों में पाई जाने वाली कमियों की भरपाई करते हुए उस स्थिति में विलयन को साकार करने में सहायता प्रदान करता है जब अधिग्राहक बैंक अपनी देयता को पूरा करने में असमर्थ रह जाता हो। छोटे शहरी सहकारी बैंकों के मामले में आम तौर पर जमाकर्ताओं को प्रतिपूर्ति करके उन बैंकों का परिसमापन करने की पद्धति अपनाई जाती है।

बैंक रेजोल्यूशन ढाँचा और निक्षेप बीमा

15. वित्तीय संकट ने यह समझा दिया कि दुष्प्रभाव को रोकने और स्थिरता को बहाल करने में त्वरित रेजोल्यूशन कितना ज़रूरी होता है। हमें एक ऐसी रेजोल्यूशन प्रक्रिया आवश्यक है जहाँ असुरक्षित या निष्प्रभावी तत्वों को निकालते हुए, लेकिन महत्वपूर्ण वित्तीय कार्यकलापों को कायम रखते हुए बैंकों का समापन सुव्यवस्थित रूप से संपन्न किया जा सकता है। वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) और बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बासेल समिति (बीसीबीएस) जैसे निकायों की स्थापना करके इंटरनैशनल फाइनैन्शियल स्टैंडर्ड ने राष्ट्रीय प्राधिकरणों को यह साबित किया है कि वे प्रतिकूल परिस्थितियों में सभी प्रकार की वित्तीय संस्थाओं के साथ ऐसे साधनों का प्रयोग करते हुए पेश आएं जो वित्तीय स्थिरता को कायम रखने, प्रणालीगत जोखिम को कम करने, उपभोक्ताओं की सुरक्षा, नैतिक जोखिमों को रोकने और बाज़ार की कार्य-दक्षता बढ़ाने में कारगर हों। खैर, अब यह 'कार्य प्रगति पर' है।

16. भारत में हमारी स्थिति क्या है? यद्यपि अब तक हम बैंकों से संबंधित समस्याओं का समाधान करने में कामयाब रहे हैं, तथापि, यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि हमारा यह रेजोल्यूशन ढाँचा कड़ी परीक्षा में खरा उतरने में सक्षम है कि नहीं। कई प्रश्न हैं। क्या हमारी रेजोल्यूशन प्रक्रिया त्वरित और प्रभावी है? हमें केवल छोटी-छोटी चूकों से निपटने के लिए नहीं, अपितु मध्यम व बृहत् स्तरीय बैंकों की संभावित विफलताओं का सामना करने के लिए किस प्रकार के मूलभूत रेजोल्यूशन साधनों को अपनाना चाहिए? हमारे वित्तीय फर्मों के वैश्वीकरण होने या वे प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण हो जाने की स्थिति में मूल्य को कायम रखने में हमें किन-किन अड़चनों का सामना करना पड़ेगा? डीआईसीजीसी के संबंध में एक और महत्वपूर्ण बात, संपूर्ण रेजोल्यूशन व्यवस्था में निक्षेप बीमाकर्ता किस प्रकार से कारगर भूमिका निभा सकते हैं? क्या हमें सुरक्षा तंत्र के सहभागियों के बीच दिवालियापन संबंधी दायित्वों का वितरण करने का वैकल्पिक उपाय पर विचार करना चाहिए?

17. इन प्रश्नों का उत्तर प्राप्त करने के लिए हमारी विधिक और विनियामक ढाँचे में कतिपय मूलभूत परिवर्तन करने की आवश्यकता है। मैं न तो इस संबंध में कोई कार्य-योजना तैयार करने की चेष्टा कर सकता हूँ और न ही ऐसा करने का कोई मेरा इरादा है। इसके बजाय मैं भारत के बैंक रेजोल्यूशन ढाँचे में रहने वाले विशिष्ट मुद्दों और अड़चनों को प्रस्तुत करूँगा।

I. समुचित विधिक ढाँचा

18. पहली चुनौती है- रेजोल्यूशन का एक ऐसा व्यापक विधिक ढाँचा किस प्रकार तैयार किया जाए जिसके अंतर्गत सभी प्रकार की वित्तीय संस्थाओं को समाहित किया जा सके। वर्तमान में प्रबंध तंत्र पर नियंत्रण, वित्तीय संस्था के अधिग्रहण, कारोबार के स्थगन जैसे मुद्दों के नियंत्रण संबंधी उपबंध विभिन्न कानूनों और विनियमों में बंटे हुए हैं। साथ ही, विभिन्न प्रकार के बैंकों को अलग-अलग कानूनों के तहत शामिल किया गया है। उदाहरणार्थ, कंपनियों के रूप में स्थापित किए गए बैंकों को बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 और कंपनी अधिनियम, 1956 के ज़रिए नियंत्रित किया जाता है (निजी क्षेत्र के बैंक और विदेशी बैंक कार्यालय)। भारतीय स्टेट बैंक, उनके अनुषंगी संस्थाओं, राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, जिन्हें संसद के पृथक् अधिनियमों द्वारा निर्मित किया गया है, संबंधी रेजोल्यूशन व्यवस्था उनसे संबंधित कानूनों में समाविष्ट की गई है। जहाँ तक सहकारी बैंकों का संबंध है, उनके कार्य-संचालन, जिसमें उनका समापन और पुनर्संरचना शामिल है, के पर्यवेक्षण का उत्तरदायित्व केंद्र या राज्य के स्तर पर सहकारी संस्थाओं के रजिस्ट्रार पर है। निक्षेप बीमा को डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 में अलग से शामिल किया गया है, किंतु उसे किसी बैंकिंग कानून में स्थान नहीं मिला है। अत: बैंक रेजोल्यूशन के नियंत्रण संबंधी विधिक ढाँचा सर्वत्र फैला हुआ है, और यह भ्रामक है, साथ ही इसमें पारदर्शिता का अभाव है।

19. एक बड़े मुद्दे पर ध्यान देना ज़रूरी है कि क्या भारत में बैंक रेजोल्यूशन के संबंध में न्यायालय-चालित प्रक्रिया की गति को और बढ़ाना ज़रूरी है। यदि किसी बैंक का शेयर-धारक बैंक रेजोल्यूशन करने वाले विनियामक के प्राधिकार को चुनौती देता है तो रेजोल्यूशन प्रक्रिया में और देरी हो जाती है। भारत में यदि कोई उद्यम विलय या समामेलन के माध्यम से संयोजन प्रस्ताव को स्वीकार करना चाहता है तो उसे कम्पिटीशन कमीशन को सूचित करना होगा और इस कमीशन को इस पर निर्णय लेने के लिए चूक संबंधी खंड लागू होने से पहले 210 दिन तक का समय दिया जाता है। इससे विलय के जरिए किए जाने वाले बैंकों की रेजोल्यूशन

प्रक्रिया और जटिल हो जाती है और यह अनिश्चितता अस्थिरकारी प्रभाव छोड़ जाती है। हमने सरकार के समक्ष एक प्रस्ताव रखा है कि बैंक-विलय को इस उपबंध से छूट दे दी जाए।

20. भारत में हमें बैंक रेजोल्यूशन के लिए समय-सीमा संबंधी ''उत्तम व्यवहार'' पर ध्यान देना पड़ता है। यह प्रक्रिया काफी त्वरित रूप से संपन्न हो जाए कि बैंकों के लेनदारों, विशेष रूप से छोटे जमाकर्ताओं को अनावश्यक हानि या देरी का सामना न करना पड़े; बहुलांश मूल्य चूकी हुई या चूकती संस्था से निकाला जाए; चाहे शेयरधारकों को हानि का ही सामना क्यों न करना पड़े। हमें यह भी विदित है कि बाज़ार देरी से लिए जाने वाले निर्णयों और चूकती संस्था के भविष्य की अनिश्चितता को क्षमा नहीं करते। इस सम्मेलन में विभिन्न प्रकार की ऐसी संस्थाओं के रेजोल्यूशन के संबंध में यथोचित समय-सीमा तय करने पर विचार-विमर्श किया जाए जिनके परस्पर विरोधी हितों में तालमेल हो।

II. निक्षेप बीमाकर्ता की विस्तृत भूमिका

21. हमें एक और मुद्दे पर ध्यान देना ज़रूरी है कि 'रेजोल्यूशन प्राधिकार' किसके पास हो। विशेष रूप से क्या डीआईसीजीसी को बैंक विफलताओं की समय रहते पहचान और उनके प्रभावी रेजोल्यूशन में सहायता देने की दृष्टि से पर्यवेक्षी ढाँचे में अपेक्षाकृत अधिक सक्रिय भूमिका निभानी है कि नहीं। पिछले पचास वर्ष के दौरान डीआईसीजीसी ने अपनी 'पे-बाक्स' भूमिका बखूबी निभाया है। किंतु वह जमाकर्ताओं के संबंध में ठोस सूचना विनिमय व्यवस्था के अभाव में जमाकर्ताओं को त्वरित भुगतान करने में असमर्थ है। भारत में वाणिज्यिक बैंकों के चूकने के मामले विरले ही सामने आते हैं और निक्षेप बीमा प्रणाली के अधिकतर लाभार्थी शहरी सहकारी बैंकों के हैं। यद्यपि, कालांतर में शहरी सहकारी बैंकों का विनियामक व पर्यवेक्षी ढाँचा वाणिज्यिक बैंकों के तर्ज पर बन गया है, तथापि, इन बैंकों के रेजोल्यूशन तंत्र के नियंत्रण का कार्य पूर्ण रूप से रिज़र्व बैंक के अंतर्गत नहीं है; तत्संबंधी प्राधिकार में हमारे साथ-साथ केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों का भी हिस्सा है। इस दोहरे नियंत्रण के चलते इस वर्ग के बैंकों के रेजोल्यूशन के अंतर्गत परिसमापकों की नियुक्ति से लेकर जमाकर्ताओं संबंधी सूचना (जो कि सर्वदा इलेक्टानिक रूप में उपलब्ध नहीं होती है) को एकत्रित करने, जमाकर्ता को भुगतान अदा करने और आस्तियों की वसूली करने में देरी होती है।

22. समूचे विश्व में ऐसी निक्षेप बीमा प्रणालियाँ संकटग्रस्त बैंकों के रेजोल्यूशन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने लगी हैं जिनका अधिदेश व्यापक हो। बैंकों के जोखिम मूल्यांकन संबंधी सूचना तैयार रहने की वजह से वे त्वरित रूप से सुधारात्मक कार्रवाई करने में कामयाब हुई हैं। इस व्यवस्था से बीमाकर्ता महज पे-बाक्स सिस्टम बने रहने की अपेक्षा लागत को कम करने में समर्थ हुए हैं।

23. निक्षेप बीमाकर्ता किसी चूकी हुई संस्था के रेजोल्यूशन के प्रति ''न्यूनतम लागत'' पद्धति को अपनाते हैं। इस प्रक्रिया के अंतर्गत सरकार, विनियामक निकाय, केंद्रीय बैंक और निक्षेप बीमाकर्ता जैसे सुरक्षा व्यवस्था के सहभागियों द्वारा की गई समुचित कार्रवाई में सहयोग और तालमेल बिठाना शामिल है। अतीत के अनुभव से यह पता चला कि ऐसे निक्षेप बीमाकर्ता जनसाधारण में विश्वास पैदा करने और उसे कायम रखने तथा वित्तीय संकट की स्थिति में अपेक्षाकृत अधिक कारगर साबित हुए हैं जिनका अधिदेश व्यापक हो, जिनके पास पर्याप्त अधिकार, परिचालनात्मक स्वतंत्रता हो तथा आकस्मिकता निधि प्राप्त करने के ठोस स्रोत हों।

24. कुछ देशों ने अपनी निक्षेप बीमा प्रणालियों एवं रेजोल्यूशन ढाँचों का पुनरीक्षण किया है और उनमें महत्वपूर्ण परिवर्तन किए हैं। भारत में जमाकर्ताओं को त्वरित रूप से और कम लागत पर भुगतान अदा करने, तथा वित्तीय प्रणाली की स्थिरता का लाभ संबद्ध होने के कारण रेजोल्यूशन को त्वरित रूप से संपन्न करने की दृष्टि से चूकते बैंकों के रेजोल्यूशन में डीआईसीजीसी के अधिदेश को विस्तृत करने पर हमें विचार करना है। सुस्पष्ट दिवालिया निवारण व्यवस्था तैयार करने और एक उपयुक्त रीति से सुगठित रेजोल्यूशन प्रक्रिया तैयार करने से इस मसले का हल हो सकता है। सरकार द्वारा नियुक्त वित्तीय क्षेत्र विधायी सुधार आयोग वित्तीय क्षेत्र पर प्रयोज्य सभी कानूनों की व्यापक रूप से इस उद्देश्य के साथ समीक्षा कर रहा है कि विकासशील व उन्नयनशील वित्तीय क्षेत्र को इन कानूनों से समर्थन मिल सके। आशा की जाती है कि यह आयोग कतिपय कानूनों की मूलभूत पुनर्संरचना की सिफारिश करेगा ताकि इस क्षेत्र का कानूनी ढाँचा सरल, पारदर्शी और दक्षतापूर्ण बन सके। रिज़र्व बैंक की ओर से हम आयोग को अपनी राय पेश करेंगे, और हमारे प्रस्तुतीकरण के अंतर्गत बैंक रेजोल्यूशन संबंधी कानूनों को युक्तियुक्त बनाना और डीआईसीजीसी के अधिदेश की पुनरीक्षा करना भी शामिल है।

III. . क्रॉस-सब्सिडाइजेशन

25. निक्षेप बीमा के अंतर्गत शामिल किए गए बैंकों के विविधतापूर्ण स्वरूप से हमें तीसरी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से हमारे यहाँ ऐसे वाणिज्यिक बैंक और सहकारी बैंक कार्यरत हैं जिनसे संबंधित कानून और संरचना भिन्न-भिन्न हैं और उनकी चूक की दरें भी भिन्न-भिन्न हैं, जैसा कि मैंने पहले बताया है। किंतु उन सबको डीआईसीजीसी के अंतर्गत विनिर्दिष्ट समान बीमा प्रीमियम के अंतर्गत शामिल किया गया है। इसके परिणामस्वरूप वाणिज्यिक बैंकों द्वारा सहकारी बैंकों की क्रॉस-सब्सिडाइजेशन

किए जाने की स्थिति पैदा हो जाती है। पिछले पाँच वर्ष के दौरान डीआईसीजीसी को प्राप्त प्रीमियम की राशि में औसत रूप से वाणिज्यिक बैंकों का 92 प्रतिशत का योगदान रहा, जबकि किए गए भुगतान की संपूर्ण राशि सहकारी बैंकों को मिली थी। डीआईसीजीसी द्वारा बीमाकृत जमाराशियों में इनका केवल 14 प्रतिशत का हिस्सा रहा।

26. इस क्रॉस-सब्सिडाइजेशन या सभी वर्ग के बैंकों से समान रूप से प्रीमियम लगाए जाने से नैतिक जोखिम पैदा हो जाता है। इस क्रॉस-सब्सिडी को कम करने के लिए जोखिम-आधारित प्रीमियम लगाया जा सकता है, किंतु हम पूरे विश्वास के साथ यह बता नहीं सकते कि इससे भारत के लिए अनुकूल स्थिति पैदा होगी कि नहीं। एक ओर नैतिक जोखिम को कम करने के साथ-साथ ऐसे बैंकों, जो पहले से कमज़ोर हैं, पर उच्चतर प्रीमियम का अतिरिक्त बोझ डालने की स्थिति है तो दूसरी ओर वित्तीय समावेशन के अति महत्वपूर्ण उद्देश्य को पूरा करना है, इन दोनों के बीच संतुलन स्थापित करने के संबंध में मूल्यांकन करना ज़रूरी है। इसमें एक और चिंता की बात यह है कि जोखिम-आधारित प्रीमियम लगाने से बाज़ार पर असर पड़ सकता है, क्योंकि उच्चतर प्रीमियम के बोझ से ये कमज़ोर बैंकों का स्टॉक मूल्यों पर पहले ही नकारात्मक प्रभाव पड़ चुका होता है। जबकि, वस्तुत: बड़े-बड़े बैंकों पर उच्चतर प्रीमियम लगाने से समग्र प्रणाली में उनकी व्यापक उपस्थिति के अधिभार के रूप में क्रॉस-सब्सिडाइजेशन को न्यायसंगत ठहराया जा सकता है। आशा करता हूँ कि इस सम्मेलन में क्रॉस-सब्सिडाइजेशन और नैतिक जोखिमजन्य जोखिमों को स्थान मिलेगा।

IV. निक्षेप बीमा निधि की पर्याप्तता

27. जो चौथी चुनौती है वह है – निक्षेप बीमा निधि की पर्याप्तता का अनुमान लगाना। निक्षेप बीमा में जनता का विश्वास मुख्यतया इस बात से निर्धारित होगा कि क्या जमा निधि अपने उत्तरदायित्वों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। निगम प्रारंभ से ही ऐसी निधि बनाए रखे हुए है जिसकी निधियाँ बीमाकृत बैंकों से प्राप्त प्रीमियम और निधियों के निवेश से निर्मित आय में से आती हैं। जमाकर्ताओं का विश्वास बनाए रखने के लिए, निधि इतनी मजबूत होनी चाहिए कि सामान्य परिस्थितियों में नेमी तौर पर बैंकों के विफल हो जाने के कारण उत्पन्न दावों की प्रतिपूर्ति की जा सके। विफलताओं के पिछले रिकार्ड को देखते हुए, निगम द्वारा रखी जा रही निधि पर्याप्त लगती है। परंतु यह स्पष्ट नहीं है कि कुछ छोटे या मध्यम आकार के वाणिज्यिक बैंकों के विफल हो जाने के कारण उत्पन्न दावों को पूरा करने में निधि पर्याप्त होगी या नहीं। निस्संदेह, किसी व्यापक वित्तीय संकट का सामना करने के लिए कोई भी निक्षेप बीमाकर्ता पर्याप्त चलनिधि नहीं रख सकता। बैंकों की सिस्टैमिक विफलता की असाधारण परिस्थिति में, यह अनिवार्य है कि निक्षेप बीमाकर्ता को केंद्रीय बैंक तथा/या सरकार से असीमित तथा शीघ्र निधियाँ सुलभ हों ताकि वित्तीय स्थिरता पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। जैसाकि हम सभी जानते हैं, इस प्रकार की व्यवस्था ने 2008 के संकट के दौरान जमाकर्ताओं के बीच अफरा-तफरी पर नियंत्रण रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

V. क्रास-बार्डर बैंक समाधान (रेजोल्यूशन)

28. एक और चुनौतीवाला क्षेत्र, न केवल हमारे लिए बल्कि वैश्विक स्तर पर है – क्रास-बार्डर बैंक रेजोल्यूशन । मुख्य समस्या है – विभिन्न देशों के बीच कानूनों और विनियामक फ्रेमवर्क में भिन्नताएं जिसके चलते रेजोल्यूशन कठिन, अकुशल और खर्चीला हो जाता है। एक एकीकृत विधिक तथा विनियामक फ्रेमवर्क की ओर अग्रसर होने की बहुत आवश्यकता है।

29. भारत में, क्रास-बार्डर बैंकों की संख्या बहुत अधिक नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे विश्व की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा और वैश्विक व्यापार और वित्तीय लेनदेनों में वृद्धि होगी, भारत को उत्तरोत्तर क्रास-बार्डर जोखिमों का सामना करना पड़ेगा। यही समय है कि फेल्योर रेजोल्यूशन को त्वरित और प्रभावकारी बनाने वाले उपायों की पहचान की जाए चाहे उसका उद्गम कुछ भी हो। हमें विदेशी पर्यवेक्षी प्राधिकारियों के साथ संबंधों को मजबूत बनाना होगा, सूचना को शेयर करने में मजबूती लानी होगी, और विफल होती वैश्विक संस्था का समाधान करने के विकल्पों पर मतैक्य बनाना होगा।

30. इस संदर्भ में एक संबद्ध मुद्दा, जिस पर पिछले कई वर्षों से हमारा ध्यान गया है – भारत में विदेशी बैंकों के परिचालनों के लिए यथोचित फ्रेमवर्क। विशेषकर, हम इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि क्या हम विदेशी बैंकों का स्थानीय निगमन अनिवार्य बना दें। विश्व में क्रास-बार्डर बैंकिंग का संगठनात्मक ढाँचा अलग-अलग है और विभिन्न देशों के कारोबारी माडलों की विविधता और वित्तीय विकास के विभिन्न चरणों को दिखलाता है। शाखा और सहायक माडल दोनों ही के अच्छे गुण भी हैं और उनमें कमियां भी। पूरे विश्व में यह माना जाता है कि शाखा माडल के अधीन किसी विदेशी बैंक के विफल हो जाने पर स्थानीय लेनदारों के दावों और स्थानीय देयताओं का निर्धारण करना मुश्किल हो जाएगा। रेजोल्यूशन प्रक्रिया को सहज बनाने के साथ-साथ सहायक फ्रेमवर्क होस्ट ज्यूरिस्डिक्शन को बेहतर विनियामक नियंत्रण और सहजता प्रदान करता है। संकट की परिस्थितियों में, शाखा तथा शेष बैंक के बीच भेद और आस्तियों तथा देयताओं का कानूनी स्थान बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। इस वर्ष जनवरी में जारी किए चर्चा पत्र के आधार पर रिज़र्व बैंक भारत में विदेशी बैंकों की उपस्थिति के बारे में दिशा-निर्देश जारी करेगा।

VI. प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण संस्थाओं (सिफी) के लिए रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क

31. आखरी चुनौती जिसका मैं जिक्र करना चाहता हूँ – वह है - सिफी का विनियमन। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सिफी का पर्यवेक्षण और विनियमन बहुत महत्वपूर्ण है, विशेषकर इसलिए कि कई देशों में उनकी संख्या काफी बड़ी है और उनमें काफी बड़ा गैर-बैंकिंग क्षेत्र भी आता है। सिफी के लिए कई प्रकार का कौशल तथा ज्ञान जरूरी होता है जिसे समझने के लिए सभी देश मशक्कत कर रहे हैं। सिफी के लिए अतिरिक्त पूँजी बनाए रखने को लेकर 'सिस्टमिक सरचार्ज' की उपयुक्तता को लेकर चर्चा होती है। हालांकि, ऐसी उच्चतर पूँजी से फर्मों पर अतिरिक्त लागत बढ़ जाएगी, लेकिन मजबूत तुलनपत्रों के लाभ, जो प्रखर वित्तीय आघातों का सामना कर सकते हैं, लागत की तुलना में ज्यादा हैं।

32. यह भी महत्वपूर्ण है कि गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं के लिए हम एक प्रभावशाली रेजोल्यूशन व्यवस्था विकसित करें। बड़ी और जटिल संस्थाओं के लिए नए जोखिम प्रबंधन और पर्यवेक्षी मानक बनाना एक बहुत बड़ा काम है, इनका कार्यान्वयन तो और भी ज्यादा कठिन होगा। अभी तक, बैंकों और गैर-बैंकों के बीच विनियामक और कानूनी स्थिति के अंतर समझे जा सकते हैं क्योंकि उनकी गतिविधियाँ अलग-अलग बाजारों में केंद्रित है। ऐसे बड़े जटिल वित्तीय संस्थाओं और समूहों का सामने आना जो बैंकिंग और गैर-बैंकिंग दोनों ही क्षेत्रों में है, ऐसे पर्यवेक्षी और रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क में समन्वय लाना बहुत जरूरी हो जाता है। इस प्रयास में काफी समय, संसाधन तथा विशेषज्ञता और ऐसा दृष्टिकोण चाहिए जो जोखिमों का संपूर्ण विश्लेषण कर सके।

33. कई भारतीय बैंक बड़े होकर फाइनान्शियल कांग्लोमरेट हो गए हैं और विभिन्न बाजारों में विभिन्न वित्तीय उत्पाद प्रदान कर रहे हैं। इन्हें देशी सिफी माना जा सकता है। विनियामक दृष्टिकोण से यह दो चुनौतियाँ देता है : एक, पर्याप्त विधिक फ्रेमवर्क का अभाव और दो, सीमित अंतर-विनियामक सहयोग फ्रेमवर्क।

34. पहला, वर्तमान विधिक और विनियामक फ्रेमवर्क के भीतर रेजोल्यूशन की कुशलता बढ़ाना नए बने एफएसडीसी की एक प्रमुख जिम्मेदारी है। ऐसी रेजोल्यूशन योजनाएं बनाना बहुत महत्वपूर्ण काम होगा जो विभिन्न संस्थाओं के बीच परस्पर सूत्रों के संबंध में सूचना को ध्यान में रखती हैं। इसके अतिरिक्त, हमें वैश्विक सिफी के लिए पर्यवेक्षी संस्थाओं के समान ही किसी क्रियाविधि पर विचार करना होगा।

35. दूसरा, ऐसे महासंघों के पर्यवेक्षण की शुरूआत बैंकों के कारोबारी माडलों और जोखिम प्रोफाइल के बारे में समझ से होनी चाहिए। बड़े और प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकिंग समूहों की निरंतर और निकट से निगरानी करने के लिए रिज़र्व बैंक ने एक 'वित्तीय महासंघ निगरानी प्रभाग' स्थापित किया है। इस श्रेणी के अंतर्गत अब बारह संस्थाएं आती हैं जिनके पास बैंकिंग क्षेत्र की कुल आस्तियों का 53 प्रतिशत है। हमारी अर्धवार्षिक वित्तीय स्थिरता रिपोर्टों के एक भाग के रूप में विभिन्न परिस्थितियों में स्ट्रेस टेस्ट अपनाकर हमने एक नई शुरूआत भी की है। एफएसडीसी उप-समिति इस समय बड़े वित्तीय महासंघों की निगरानी के लिए अंतर-विनियामक समन्वयन के लिए एक संस्थागत फ्रेमवर्क भी विकसित कर रही है।

निष्कर्ष

36. जैसा कि किसी ने कहा है वैश्विक वित्तीय संकट बहुत ही महत्वपूर्ण है। नि:संदेह, हमने बहुत सबक सीखे हैं। अब हमें मालूम है कि वित्तीय बाजार अपने आप कभी नहीं सुधरते और वित्तीय अस्थिरता का बहुत बड़ा मूल्य चुकाना पड़ सकता है। हम यह भी जानते हैं कि अस्थिरता होने के संकेत समय रहते आसानी से नहीं दिखलाई देते और इसलिए हमें बहुत ही सतर्क रहना होगा। हम त्वरित, प्रभावशाली और पारदर्शी रेजोल्यूशन प्रणालियों की स्थापना को लेकर भी बहुत संवेदनशील हैं ताकि संक्रामक प्रभाव को कम किया जा सके।

37. संकट से मिला एक और बहुत बड़ा सबक यह है कि हममें से प्रत्येक को अपने सामूहिक अनुभव से सीखना चाहिए, लेकिन जो समाधान हमें अपनाने होंगे वे संदर्भगत होंगे और देश विशेष की परिस्थिति को ध्यान में रखकर बनाए जाएंगे। निक्षेप बीमा प्रणालियों के परिचालन सहित यह वित्तीय प्रणालियों के समूचे विनियमन और पर्यवेक्षण पर लागू होता है। मुझे आशा है कि यह सम्मेलन हमें वैश्विक स्तर पर सोचने और स्थानीय स्तर पर कार्रवाई करने की ओर बढ़ने में सहायता करेगा। मैं आपके विचार-विमर्श की सफलता की कामना करता हूँ।

उभरते वित्तीय परिदृश्य से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए निक्षेप बीमा संस्थाओं को सक्षम बनाना – वैश्विक और भारतीय अनुभव

(डॉ.के.सी.चक्रवर्ती, उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक का समापन भाषण)

श्री हिरोकी ओबाटा, उप गवर्नर, डीआईसीजे, जापान, श्री कार्लस इसोर्ड, सेक्रेटरी जनरल, आईएडीआई, स्विट्ज़रलैंड, श्री जर्जी प्रूस्की, प्रेसिडेंट, बीजीएफ, पोलैंड, श्री फ्रेड एस. कार्नस, डायरेक्टर, एफडीआईसी, यूएसए, श्री जी. गोपालकृष्ण, कार्यपालक निदेशक, रिज़र्व बैंक, प्रख्यात प्रतिनिधिगण, देवियों और सज्जनों। प्रारंभ में ही, रिज़र्व बैंक की तरफ से, मैं भारत में और विशेषकर वशीभूत कर देनेवाले राजस्थान राज्य में आपका हार्दिक स्वागत करता हूँ। हम निगम के साथ मिलकर संयुक्त रूप से इस सम्मेलन का आयोजन करने के लिए आईएडीआई के आभारी हैं। जैसाकि आप जानते हैं, 1 जनवरी 2011 को निगम ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश किया। यह सम्मेलन निगम के स्वर्ण जयंती समारोहों के एक भाग के रूप में आयोजित किया जा रहा है, और इसलिए यह हमारे लिए विशेष महत्व रखता है।

वैश्विक वित्तीय संकट और निक्षेप बीमा

2. हाल ही के वैश्विक वित्तीय संकट ने यह दिखला दिया है कि वित्तीय संकट के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने और संकट की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए पूरे विश्व में वित्तीय प्रणालियाँ सेफ्टी नेट पर निर्भर करती है। वैश्विक संकट के दौरान, अनिश्चितता के कारण अफरा-तफरी फैली और बैंक विफल हो गए। इन परिस्थितियों में, अफरा-तफरी की भावना को कम करने में वित्तीय सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण भाग के रूप में निक्षेप बीमा काफी महत्वपूर्ण थी। पूरे विश्व में सरकारें निक्षेप बीमा कवर की सीमा बढ़ाने, निर्बंध गारंटियाँ, आदि प्रदान करने जैसे उपाय करती हैं। इन उपायों के कारण बैंकिंग प्रणालियों में जनता का विश्वास फिर से बना। इस प्रकार, वित्तीय संकट के प्रभाव को रोकने और कम करने में तथा साथ ही वित्तीय प्रणालियों के सुचारू रूप से कार्य करने और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने में निक्षेप बीमा की महत्ता सबने पहचानी है।

3. वैश्विक वित्तीय संकट ने सभी को निक्षेप बीमा प्रणालियों और सेफ्टी नेट संबंधी मुद्दों पर फिर से विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। अब यह आमतौर पर माना जाता है कि बैंक विफल हो जाने की पहचान करने और उनका प्रभावी समाधान करने के लिए विनियामक फ्रेमवर्क में निक्षेप बीमा प्रणालियों को और अधिक सक्रियता से भूमिका निभानी चाहिए। निक्षेप बीमा प्रणालियाँ अपनी भूमिका अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें, इसलिए, अन्य बातों के साथ-साथ, बैंक समाधान में अधिक भूमिका सहित निक्षेप बीमा प्रणालियों को फिर से डिजाइन करने की आवश्यकता है। जब अलग-अलग संस्थाएं विफल हो जाती हैं, तो जमाकर्ताओं की सहायता केवल बीमा कवर के जरिए नहीं की सकती (जो बड़े जमाकर्ताओं पर व्यापक रूप से लागू नहीं होती), बल्कि शुरू से ही इस प्रक्रिया में बीमाकर्ता को शामिल करना और अधिक प्रभावी होगा। स्टेकधारक समूह के रूप में यह जमाकर्ताओं को एक आवाज देगा जिसके कारण वे बीमा योजनाओं की क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ अपने हितों की भी बेहतर सुरक्षा कर सकेंगे।

4. उपर्युक्त को देखते हुए, मुझे प्रसन्नता है कि यह सम्मेलन ''बैंक रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क में निक्षेप बीमा की भूमिका - संकट से सबक'' विषय पर आयोजित किया गया जो बहुत संगत, यथोचित और सामयिक है। कई देशों के विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण उप विषयों जैसे कि बैंक रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क में महत्वपूर्ण तत्व, देशों के अनुभव, विनियामकों की प्रतिक्रियाएं और अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाएं पर प्रस्तुति दी हैं। इस सम्मेलन में कई पहलुओं पर चर्चा की गई है जैसे कि इनसॉल्वेंसी फ्रेमवर्क, क्रास-बार्डर इनसॉल्वेंसी फ्रेमवर्क, बैंक रेजोल्यूशन में निक्षेप बीमा की भूमिका, देशों के अनुभव, संकट के लिए फ्रेमवर्क विनियामक सुधार (बासल-III), वित्तीय संकट के प्रति निक्षेप बीमाकर्ताओं की प्रतिक्रिया, रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क के संबंध में वैश्विक प्रथाओं की समीक्षा, बैंक रेजोल्यूशन के लिए अति महत्वपूर्ण विशेषताएं, प्रभावशाली निक्षेप बीमा प्रणालियों के लिए बुनियादी सिद्धांत तथा सेफ्टी नेट फ्रेमवर्क के आकलन में चुनौतियाँ। इस सम्मेलन में विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों द्वारा कई मत व्यक्त किए गए हैं और अनुभव बांटे गए हैं और उन पर चर्चा की गई है। इसके साथ ही, नीति निर्माताओं ने भी कई विकल्प दिए हैं। इनका सारांश इस प्रकार है।

सम्मेलन में प्रमुख विचार-विमर्श

5. इस सम्मेलन में, वैश्विक विनियामक सुधारों का सर्वेक्षण किया गया और एशिया, विशेषकर एशियाई बैंकों पर उनके प्रभाव का विश्लेषण किया गया। पूँजी का बफर बनाने, बैंकों के चलनिधि जोखिम प्रबंधन में सुधार लाने, अल्पकालिक थोक निधियन पर उनकी निर्भरता कम करने, निधियन के और अधिक स्थायी स्रोतों का सहारा लेकर बैंकों को उनकी निधियन गतिविधियों में प्रोत्साहन देने, माइक्रो तथा मैक्रो स्ट्रेस टेस्ट करने, तथा और अधिक मजबूत पूँजी आधार बनाने की आवश्यकता है। मैक्रो-विवेकपूर्ण नीतिगत फ्रेमवर्क तथा निक्षेप बीमा के बीच संबंध पर भी चर्चा की गई।

चर्चा किए गए मुद्दों में निक्षेप बीमाकर्ताओं द्वारा मैक्रो-विवेकपूर्ण दृष्टिकोण, वित्तीय स्थिरता में उनकी विशिष्ट भूमिका, निधियन व्यवस्थाएं, निक्षेप बीमा प्रीमियम, व्याप्ति, तथा निक्षेप बीमाकर्ताओं का क्रास-बार्डर समन्वयन शामिल थे। यूएसए (एफडीआईसी) के अनुभव से पता चला कि बाजार में अनुशासन फिर से लाने की आवश्यकता है, यदि बड़ी वित्तीय संस्थाएं अर्थक्षम नहीं रहतीं तो उन्हें असफल हो जाने की अनुमति देना, उनके व्यवस्थित परिसमापन के लिए क्रास-बार्डर सहयोग की आवश्यकता, बैंकों द्वारा मजबूत पूँजी आधार बनाना तथा पर्यवेक्षकों द्वारा वस्तुपरक पूँजी मानकों को लागू करना। अन्य देशों के अनुभव से यह पता चला कि निक्षेप बीमाकर्ताओं के विधिक तथा परिचालनगत साधनों को मजबूत करने की आवश्यकता है, बैंकिंग रेजोल्यूशन की सिम्यूलेशन एक्जरसाइज करना तथा प्रणालीगत संस्थाओं की नियमित निगरानी करना।

6. कुछ अन्य प्रस्तुतियों के अनुसार, वित्तीय जवाबदेही तथा बुनियादी सक्षमताओं सहित निक्षेप बीमा को उत्तरदायी रेजोल्यूशन एजेंसी होना चाहिए। आकस्मिक योजनाएं, प्राधिकारियों के बीच सहयोग, निधीनयन योजना, उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता, वसूली और रेजोल्यूशन योजनाएं, त्वरित पे-आउट तथा विनियामक सुधार होने चाहिए। निक्षेप बीमाकर्ता के पास स्वतंत्रता, प्रतिक्रिया देने की त्वरित क्षमता, वित्तीय आँकड़ों तक पहुँच, पर्याप्त निधियन तथा कानूनी सुरक्षा होनी चाहिएं। रेजोल्यूशन व्यवस्था की प्रमुख विशेषताओं की पहचान की गई जो अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में निक्षेप बीमाकर्ताओं की सहायता करेंगी। पर्यवेक्षी तथा विनियामक कमियों के कारण कमजोर पड़ती निक्षेप बीमा प्रणालियाँ, नये उपायों का धीमा कार्यान्वयन तथा सरकारों द्वारा बढ़े हुए नैतिक जोखिम के संबंध में चिंता प्रकट की गई।

7. एफएसबी के अनुसार, सूचना, साधनों, आकस्मिक योजनाओं, आदि सहित रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क के संबंध में निक्षेप बीमाकर्ताओं के लिए एफएसबी को पूरी तरह से विविध होना चाहिए। क्रास-बार्डर इन्सॉल्वन्सी के संदर्भ में, हानि सहन कर सकने की अधिक क्षमता, रेजोल्यूशन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने, बाजार में बुनियादी सुविधाएं तथा पर्यवेक्षण सहित एक बहुविध नीतिगत दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। प्रणालीगत जोखिमों, निक्षेप बीमाकर्ताओं की बदलती भूमिका तथा भावी दिशाओं, उनके डिजाइन लक्षणों, तथा संगठनात्मक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। अंत में आकलन संबंधी चुनौतियों सहित कोर प्रिंसिपल की भूमिका को विस्तार से बताया गया।

8. इस सम्मेलन में हुए विचार-विमर्श और चर्चा बहुत लाभदायक रही और नि:संदेह उनसे नीति निर्माताओं को कुछ मत मिले हैं। अब मैं भारत की निक्षेप बीमाप्रणाली का दृश्य, भावी सुधारों के संदर्भ में मुद्दों की चर्चा, और वैश्विक निक्षेप बीमा प्रणालियों में भावी दिशाओं पर चर्चा करूँगा।

भारत की निक्षेप बीमा प्रणाली

9. भारत जैसे देश में जहाँ वित्तीय बहिष्करण (एक्लूजन) बहुत अधिक है, और अपनी निधियों की सुरक्षा को लेकर छोटे-छोटे जमाकर्ता बहुत चिंतित रहते हैं, वित्तीय समावेशन के लिए निक्षेप बीमा अति महत्वपूर्ण है और उसमें एक प्रेरक का काम करती है। प्रबंध तंत्र द्वारा की गई त्रुटियों और व्यापक रूप से प्रणालीगत आघातों से भी निक्षेप बीमा छोटे-छोटे जमाकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान करती है। साथ ही, वित्तीय विनिमयन/पर्यवेक्षण सहित वित्तीय सुरक्षा नेट फ्रेमवर्क के अन्य तत्व भी वित्तीय समावेशन को बढ़ाने का काम करते हैं। यह आश्चर्य की बात है कि भारत में निक्षेप बीमा की सुविधा के बारे में पर्याप्त जागरूकता नहीं है। इसका एक कारण यह हो सकता है कि सरकार या रिज़र्व बैंक की सहायता के कारण यह धारणा बन गई है कि बहुत बड़े आकार के कारण बैंक विफल नहीं होंगे या वे विफल हो ही नहीं सकते। यह धारणा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए सही हो सकती है, लेकिन निजी क्षेत्र के बैंकों, भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों तथा बड़ी संख्या में सहकारी बैंकों के मामले में निश्चित रूप से सही नहीं है।

10. मैं भारत में निक्षेप बीमा प्रणाली का एक सर्वेक्षण प्रस्तुत कर रहा हूँ। भारत के एक अधिनियम के उपबंधों के अनुसार, अर्थात् निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 के अधीन 1962 में भारत के निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की स्थापना की गई थी। यह विश्व में दूसरी सबसे पुरानी निक्षेप बीमा एजेंसी है। निगम भारत के केंद्रीय बैंक, अर्थात् भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्ण स्वामित्व में एक सहायक संस्था है। वस्तुत: यह एक पे-बॉक्स प्रणाली है क्योंकि इसकी भूमिका वर्तमान नियमों और विनियमों के अनुसार दावों का निपटान करने तक सीमित है। नीचे दी गई सारणी-1 आपको निगम के दावे निपटान संबंधी परिचालनों के विशाल आकार की एक झलक देगी। निगम का मिशन है – *'निक्षेप बीमा के प्रावधानों के माध्यम से, विशेषकर छोटे-छोटे जमाकर्ताओं के लाभ के लिए बैंकिंग प्रणाली में जनता का विश्वास बनाकर वित्तीय स्थिरता को सुदृढ़ बनाना।'* इसका दृष्टिक्षेत्र है - 'अपने स्टेक धारकों की आवश्यकताओं को सदैव ध्यान में रखते हुए एक बहुत ही कुशल तथा प्रभावशाली निक्षेप बीमा देनेवाले के रूप में पहचान बनाना।' सभी वाणिज्यिक बैंक तथा पात्र सहकारी बैंक निक्षेप बीमा में कवर होते हैं। 31 मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के पास 2,217 बैंक पंजीकृत हैं। प्रत्येक जमाकर्ता को 0.1 मिलियन रु.(लगभग 2,240 यूएस डालर) का बीमा कवरेज प्राप्त है। संख्या के रूप में लगभग 93 प्रतिशत जमा खाते और मूल्य के अनुसार 35 प्रतिशत

जमा राशियाँ बीमा के तहत आती हैं (सारणी-2)। 31 मार्च 2011 की स्थिति के अनुसार यह कवरेज भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 1.6 गुना बैठता है। बीमा प्रीमियम एक समान दर पर लगाया जाता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र हाल के वैश्विक वित्तीय संकट से काफी हद तक अछूता रहा और इस प्रकार, संकट के बाद भी बीमा कवरेज और प्रीमियम की दरों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

सारणी 1: विफल बैंक और डीआईसीजीसी द्वारा भुगतान किए गए दावे

वर्ष	विफल बैंकों की संख्या *	भुगतान किए दावे (राशि यूएस. मिलियन $ में)
2007-08	22	40
2008-09	30	45
2009-10	28	145
2010-11	28	89

* सभी बैंक शहरी सहकारी बैंक थे। बैंकों के परिसमापन पर डीआईसीजीसी ने दावों का निपटान किया।

सारणी 2: जमाराशि संवितरण बनाम बीमा कवरेज

विवरण		2010-11 के अंत की स्थिति के अनुसार (अप्रैल-मार्च)	
		खातों की संख्या (मिलियन में)	कीमत (बिलियन भारतीय रु में)
1	जमाराशि 0 रु. से 0.1 मिलियन रु. तक	977	17,358 (389)
2	जमाराशि 0.1 मिलियन रु. से कुल तक	75	32,166 (720)
3	समग्र जमाराशियाँ	1,052	49,524(1,109)

टिप्पणियाँ: 1. कोष्ठक में दिए गए आँकड़े यूएस बिलियन $ में हैं।
2. इंश्योरेंस का अधिकतम कवरेज 0.1 मिलियन रु. है।

11. मै आपको बताना चाहूँगा कि एक आकलन दल ने, जिसमें आईएडीआई और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रतिनिधि शामिल थे, सितंबर 2010 के अंत में निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम का दौरा किया ताकि प्रभावी निक्षेप बीमा प्रणालियों हेतु कोर सिद्धांतों के लिए ड्राफ्ट एसेसमेंट मेथडोलॉजी का फील्ड टेस्ट किया जा सके। दल की रिपोर्ट के अनुसार, निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम प्रभावी निक्षेप बीमा प्रणालियों हेतु 18 कोर सिद्धांतों में से लगभग आधे का अनुपालन करता है या अधिकांश रूप में उनका अनुपालन करता है। निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अपनी ''पे-बाक्स'' प्रणाली में सभी कोर सिद्धांतों का पूर्णत: या अधिकांशत: अनुपालन करता है। तथापि, समग्र ऋणशोधनाक्षमता संबंधी ढांचे में पाई गई कमजोरी, जो निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के नियंत्रण के बाहर है, इसके बहुत से कोर सिद्धांतों के समग्र अनुपालन को सीमित कर देती है।

12. स्वर्ण जयंती की पूर्वसंध्या पर निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम ने निक्षेप बीमा पर जन - जागरूकता बढाने के लिए ब्रोशर और पोस्टर छपवा कर और बीमित बैंकों को अपनी सभी शाखाओं में निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के विषय में इन्हें प्रदर्शित करके जागरूकता फैलाने के संबंध में सूचित किया है। निगम जमाकर्ता-केंद्रित उपकरणों जैसे कि इंटीग्रेटेड क्लेम मैनेजमेंट सिस्टम (आईसीएमएस) को भी लागू करने का प्रयास कर रहा है ताकि जमाराशियों के संबंध में और अधिक सटीक और अद्यतन सूचना एकत्रित की जा सके जो दावों का शीघ्र निपटान करने में मदद प्रदान करेगी।

निक्षेप बीमा प्रणाली में सुधार

13. अब मै भारत में निक्षेप बीमा प्रणाली में अपेक्षित सुधारों की ओर ध्यान केंद्रित करूँगा और उसमें शामिल मुद्दों को प्रस्तुत करूँगा। सर्वप्रथम, हाल के संकट ने यह दर्शाया है कि नियामकीय ढाँचों में निक्षेप बीमाकर्ताओं को बैंकों के असफल होने की पूर्व पहचान करने और जनता की निधियों की सुरक्षा और जन विश्वास बनाए रखने की प्रभावी संकल्पना को ध्यान में रखते हुए सक्रिय भूमिका का निर्वाह करना होगा। अत: निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के कार्यक्षेत्र को पे-बॉक्स (कानून में बताई गई सीमा और तरीके के अनुसार जमाकर्ताओं के दावों का भुगतान करना) से बढ़ाकर इसे बैंकिंग संकल्पना के सभी क्षेत्रों तक विस्तारित करने की आवश्यकता है। इसे न केवल परिसमापन प्रक्रिया में शामिल किया जाए अपितु बैंकों की निगरानी, परेशानी में पड़े बैंकों हेतु त्वरित उपचारात्मक कार्रवाई करने और अत्यंत कम लागत वाले तरीके को खोजने और निवारण करने की प्रक्रिया में भी शमिल किया जाए। इससे जमाकर्ताओं के दावों का शीघ्रता से निपटान हो सकेगा और कम लागत और निवारण में तीव्रतर गति प्राप्त हो सकेगी और इसके साथ ही वित्तीय प्रणाली की स्थिरता भी इसके साथ संयुक्त रहेगी। इसका एकमात्र रास्ता यही है कि एक सुपरिभाषित ऋण शोधन क्षमता और भली-प्रकार निर्मित निवारण प्रक्रिया की व्यवस्था की जाए। दूसरे यह कि किसी बैंक के दिवालिए होने के पूर्व भारतीय रिज़र्व बैंक के पास उसे बचाने की शक्तियाँ होनी चाहिए। निवारण शक्तियों को विस्तार देने के लिए बैंक विशेष निवारण विधेयक लाने की आवश्यकता है। इसके अलावा, अस्थायी प्रशासक नियुक्त करने के लिए भी एक विधेयक लाए जाने की आवश्यकता है। तीसरे यह कि, असफल बैंकों के जमाकर्ताओं का बैंकिंग प्रणाली में विश्वास बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि जमाकर्ताओं को उनकी निधियाँ त्वरित रूप से उपलब्ध कराई जाएं। अत: निक्षेप

बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के लिए यह आवश्यक है कि वह जमाकर्ताओं को तेजी से प्रतिपूर्ति करने के तरीकों का पता लगाए। इसके लिए तकनीकी प्रोन्नयन करने की आवश्यकता है जिसमें सभी शहरी सहकारी बैंकों द्वारा कोर बैंकिंग सोल्यूशंस (सीबीएस) को अपनाना शामिल है ताकि जमाकर्ताओं के डाटाबेस तक पहुँच बनाने के लिए निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम और बैंकों के कोर बैंकिंग सोल्यूशंस के बीच एक प्रभावी इंटरफेस बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, निक्षेप बीमाकर्ताओं को पर्याप्त समय देते हुए अग्रिम में उन परिस्थितियों के संबंध में अवगत करा देना चाहिए जिनमें उनके द्वारा प्रतिपूर्ति की जानी अपेक्षित होगी और अग्रिम रूप में जमाकर्ताओं की सूचना भी प्रदान की जानी चाहिए। चौथे यह कि, 1993 से अभी तक अपरिवर्तनीय रही 0.1 मिलियन रु. की कवरेज सीमा में भी वृद्धि किए जाने की आवश्यकता है। ग्राहक सेवा संबंधी हाल की दामोदरन समिति की रिपोर्ट में भी निक्षेप बीमा कवरेज में वृद्धि करने की ओर संकेत दिया गया है। चौथे यह कि सहकारी बैंकों पर होने वाले दोहरे नियंत्रण और इन बैंकों में लागू की गई निम्न स्तर की प्रौद्योगिकी के चलते जमाकर्ताओं से संबंधित सूचना प्राप्त होने में भी विलंब होता है। इसके अलावा, परिसमापकों की नियुक्ति में भी विलंब होता है। वर्तमान में सूचना एकत्रित करने में शीघ्रता लाने हेतु परिसमापकों को निर्देश देने के लिए भी निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के पास कोई शक्तियाँ नहीं हैं। यदि परिसमापक कम समय के भीतर सूचना उपलब्ध करा देते हैं तो इस प्रक्रिया को तेज किया जा सकता है। अत: निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम को परिसमापकों की नियुक्ति और निगरानी करने की शक्तियाँ प्रदान करना लाभप्रद होगा। पांचवें यह कि जमाकर्ताओं का विश्वास बनाए रखने के लिए निक्षेप बीमाकर्ता के पास पर्याप्त निधियाँ भी उपलब्ध होनी चाहिएं ताकि वह अपने कर्तव्यों को पूरा कर सके। बैक-अप निधियन (फंडिंग) करने के लिए समुचित व्यवस्था करके निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की वित्तीय स्थिति भी मजबूत करने की आवश्यकता है। प्रीमियम से प्राप्त होने वाली निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की लगभग आधी आय, जो इसकी निधियों का मुख्य स्रोत है, सरकार को आयकर के भुगतान के रूप में चली जाती है। चूँकि, निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम छोटे जमाकर्ताओं के संरक्षण के सामाजिक दायित्व को पूरा करने वाली और लाभार्जन न करने वाली संस्था है, अत: इसे कर के भुगतान से छूट प्रदान की जानी चाहिए जैसा कि वैश्विक स्तर पर किया जाता है। कर में छूट प्राप्त होने से निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अपनी निधियों के आधार को मजबूत कर सकेगा और इस प्रकार जमाकर्ताओं को अधिक कवरेज प्रदान कर सकेगा और इसके साथ ही एक बार वांछित रिज़र्व अनुपात प्राप्त करने के बाद यह बीमित बैंकों को प्रीमियम की दरों में कटौती करके लाभ भी प्रदान कर सकेगा। छठवें यह कि वैश्विक संकट ने यह दर्शाया है कि किसी प्रणालीगत संकट के समय निक्षेप बीमाकर्ता को सरकार/केंद्रीय बैंक से सहायता की आवश्यकता पड़ती है और वांछित राशि का अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। भारतीय रिज़र्व बैंक से निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम को की जाने वाली बैकअप फंडिंग नाममात्र की ही राशि है (50 मिलियन रु.)। अत: यह उपयुक्त होगा यदि बैकअप सहायता की उपलब्धता को असीमित बना दिया जाए और इसके साथ ही तीव्र अनुमोदन प्रक्रिया भी अपनायी जाए। सातवें यह कि निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम में एक समान प्रीमियम दर की प्रणाली है। इसे जोखिम आधारित विभेदक प्रीमियम प्रणाली से बदला जा सकता है। परवर्ती पद्धति नैतिकता संबंधी जोखिम कम करेगी और प्रीमियम आकलन प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाएगी।

14. भारत में निक्षेप बीमा प्रणाली को पुन: संरचित करने हेतु, ऊपर की गई चर्चा के अनुसार बहुत से अपेक्षित सुधारों को कार्यान्वित करने के लिए, यह आवश्यक है कि निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम में काफी परिवर्तन किए जाएं। निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम में संशोधनों सहित निक्षेप बीमा में सुधारों के लिए एक कार्य दल का गठन किया गया है जो इन सभी पहलुओं पर गौर कर रहा है।

वैश्विक निक्षेप बीमा प्रणालियाँ : प्रणालीगत मुद्दे और भविष्य

15. 'बैंक रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क में महत्वपूर्ण घटक' पर सत्र ने ऋण शोधन क्षमता संबंधी फ्रेमवर्क के अलावा सीमा-पार ऋणशोधन क्षमता फ्रेमवर्क और बैंक रेजोल्यूशन में निक्षेप बीमा की भूमिका से अवगत कराया। वित्तीय संकट से रोकथाम/ बचाव के लिए यह आवश्यक है कि संपूर्ण विश्व में निक्षेप बीमा प्रणालियाँ समग्र सुरक्षात्मक नेटवर्क के ढाँचे का एक महत्वपूर्ण भाग बने। इस परिप्रेक्ष्य में, सभी आकार के बैंकों हेतु प्रभावी रेजोल्यूशन के लिए निक्षेप बीमाकर्ताओं के कर्त्तव्यों को विस्तार प्रदान करने और रोकथाम संबंधी उपाय प्रारंभ करने तथा जोखिम को न्यूनतम करने की भी आवश्यकता है। निक्षेप बीमाकर्ताओं को आवश्यक शक्तियाँ देने की भी आवश्यकता है ताकि वे अपने कर्त्तव्यों को पूरा कर सकें। निक्षेप बीमाकर्ताओं की भागीदारी से एक प्रभावी बैंक रेजोल्यूशन प्रक्रिया निक्षेप बीमाकर्ताओं की क्षमता में वृद्धि करेगी ताकि वे अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह कर सकें, रेजोल्यूशन लागत और बाजार में व्यवधान कम कर सकें, आस्तियों से अधिकतम वसूली कर सकें, विधिक कार्रवाई के जरिए अनुशासन को पुन: सुदृढ़ कर सकें और बैंकों के अधिग्रहण की सुविधा देने जैसे लचीले तंत्र विकसित कर सकें।

16. असफलता के रेजोल्यूशन ढाँचे के समय पर और प्रभावी रूप से काम करने के लिए यह अनिवार्य है कि एक सक्षम राष्ट्रीय

विधिक नेटवर्क का निर्माण किया जाए जो सुचारु रूप से बैंकों का परिसमापन करने और बीमित जमा राशियों का समय पर भुगतान करने और अतंरण करने की अनुमति प्रदान करेगा। निक्षेप बीमाकर्ता के पास इस प्रकार बनाए गए प्रभावी रेजोल्यूशन उपकरण होने चाहिए ताकि उससे बैंक की महत्वपूर्ण गतिविधियों को संरक्षित किया जा सके, खातों या आस्तियों/ व्यापार का अतंरण किया जा सके और /या बैंकिंग सेवाओं की निरंतरता बनाई रखी जा सके। परिसमापन के दौरान जमाकर्ता को प्रतिपूर्ति करने के दौरान इस प्रकार की रेजोल्यूशन प्रक्रिया के लिए यह आवश्यक होगा कि वे रेजोल्यूशन के लिए कम लागत पर लचीलापन प्रदान करें अन्यथा यह बहुत मंहगी साबित होगी। निक्षेप बीमाकर्ता को बीमित राशि सुदृढ़ बैंकों के पास अंतरित करने की शक्तियाँ देने की आवश्यकता है। रेजोल्यूशन प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सर्वप्रथम बैंक के शेयरधारक घाटे को वहन करें। निक्षेप बीमाकर्ताओं को रिकवरी से होने वाली प्राप्तियों में भागीदारी करनी चाहिए।

17. निक्षेप बीमाकर्ताओं और अन्य वित्तीय प्रणाली सुरक्षा-तंत्र के प्रतिभागियों के बीच निकटवर्ती सहयोग और सूचना के आदान-प्रदान हेतु (वित्तीय परेशानी में आए बैंकों के संबंध में सामान्य रूप में भी) एक ढाँचे का होना आवश्यक है। इस प्रकार की सूचना सटीक और समय पर उपलब्ध होनी चाहिए। सीमा-पार मुद्दों के संबंध में गोपनीयता सुनिश्चित करते समय, विभिन्न न्यायाधिकार क्षेत्रों में मौजूद निक्षेप बीमाकर्ताओं और संभाव्य निक्षेप बीमाकर्ताओं और अन्य विदेशी सुरक्षा-तंत्र प्रतिभागियों के बीच सभी संगत सूचनाओं का आदान-प्रदान होना चाहिए। सीमा-पार बैंकिंग प्रावधानों द्वारा प्रभावित न्यायाधिकार क्षेत्रों में जमाकर्ताओं को निक्षेप बीमा प्रणाली, प्रतिपूर्ति के लिए विधिक उत्तरदायित्व और कवरेज की सीमा और विषयवस्तु के संबंध में जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। जहाँ कोई निक्षेप बीमाकर्ता किसी वास्तविक जोखिम का अनुमान लगाता है वहाँ यह अपेक्षित हो जाता है कि वह अन्य न्यायाधिकार क्षेत्र में जमाकर्ता की सुरक्षा करे अत: उसके पास आकस्मिकता संबंधी योजना होनी चाहिए जो उसे सीमा-पार व्यवस्थाओं या समझौतों के लिए अनुमति प्रदान करे।

18. वैश्विक वित्तीय एकीकरण बढ़ने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय मानकीय स्तर बनाए रखने के लिए निक्षेप बीमा को निर्देशित करने वाले आधारभूत सिद्धांतों में सामंजस्यता बनाए रखना आवश्यक है। इस संदर्भ में, निक्षेप बीमाकर्ताओं के बीच सूचना का आदान-प्रदान होना महत्वपूर्ण हो जाता है। आज बड़ी संख्या में और लगातार बढ़ रही सीमा-पार ऐसी वित्तीय संस्थाएं है जो विभिन्न निक्षेप बीमा न्यायाधिकार क्षेत्रों में काम कर रही हैं। प्रत्येक सीमा-पार संस्था के संबंध में प्रत्येक निक्षेप बीमाकर्ता के दायित्वों के संदर्भ में एक स्पष्ट दृष्टिकोण की आवश्यकता है। 'प्रभावी निक्षेप बीमा प्रणालियों के कोर सिद्धांत' जहाँ यह बताते हैं कि घरेलू देशज प्रणाली द्वारा पहले से ही प्रदान किए जा रहे निक्षेप बीमा को, लिए जा रहे प्रीमियम के संदर्भ में देखना चाहिए, हालांकि, इस संबंध में एक सुदृढ़ और आपसी समझ वाली सोच रखने की आवश्यकता है।

19. यूएस, यूरोप, एशिया और लातिन अमेरिका द्वारा अनुभूत क्षेत्रीय/ देशगत अनुभव पर लिए गए सत्र दर्शाते हैं कि इन देशों में निक्षेप बीमा प्रणालियों, विधिकीय ढाँचे, प्रभावकारिता, कर्त्तव्यों, आर्थिक एवं बैंकिंग वातावरणों में काफी विभिन्नता है। मेरा मानना है कि विभिन्नता का तात्पर्य प्रतिकूलता नहीं है। संपूर्ण विश्व में निक्षेप बीमा प्रणालियों को प्रभावी निक्षेप बीमा प्रणालियों के संबंध में आईएडीआई के कोर सिद्धांतों का पालन करने के लिए सक्रिय प्रयास करना चाहिए। कोर सिद्धांत, निक्षेप बीमा प्रणालियों के लिए निर्देशक ढाँचे की रूपरेखा का निर्माण करते हैं और उसमें अंतर्निहित लचीलापन लाते हैं। उनका अनुपालन देशों को अपनी जरूरत के मुताबिक प्रणालियाँ बनाने से मना नहीं करता है। इस सम्मेलन में सीमा-पार अनुभवों पर पेश की गई प्रस्तुतियों और किए गए विचार-विमर्श से प्राप्त जानकारी निश्चित रूप से आप सभी को अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सहायक सिद्ध होगी।

20. नियामक की प्रतिक्रिया पर आधारित सत्र ने संकटकालीन ढाँचे, बासल-III वैश्विक परिदृश्य और कार्यान्वयन की चुनौतियाँ और निक्षेप बीमाकर्ताओं की वित्तीय संकट पर प्रतिक्रिया जैसे विषयों को कवर कर लिया है। नियामकों की नीतियाँ/कार्रवाई हमेशा इस प्रकार की होनी चाहिए कि वह निक्षेप बीमाकर्ता के कार्य को सुविधा प्रदान करे, जिससे अंतत: संकट को रोकने/कम करने में मदद मिलेगी और इससे वित्तीय स्थिरता और समावेशन भी प्राप्त किया जा सकेगा। सोच-समझ कर लाए गए नियामकीय सुधार वित्तीय प्रणाली को हमेशा निरापद, सामंजस्यपूर्ण और निक्षेप बीमाकर्ताओं के उद्देश्यों और परिचालनों का सहयोगी बनाएगें। इन दोनों के बीच किए जाने वाले सहयोग अपरिहार्य है। जहाँ तक वित्तीय संकट के प्रति निक्षेप बीमाकर्ता की प्रतिक्रिया का संबंध है मैं यह कहना चाहूँगा कि एक नियामक के साथ मिल कर निक्षेप बीमाकर्ता को संकट का पूर्वानुमान लागाने के लिए एक अग्रिम संवेदनशील प्रणाली बनानी चाहिए और माँग आने पर पर्याप्त निधियों के साथ उत्कृष्ट आकस्मिक योजना बनानी चाहिए ताकि संकट की शुरुआत में ही उसे समाप्त किया जा सके और जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा की जा सके। वित्तीय संकट के दौरान निक्षेप बीमित निधियों की पर्याप्तता और अपने उत्तरदायित्वों को पूरा करने के लिए निक्षेप बीमाकर्ताओं की वित्तीय ताकत के लिए हाल ही में हुई वैश्विक घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में विशिष्ट ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

21. बैंक रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क- अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के सत्र में बैंक रेजोल्यूशन के संबंध में वैश्विक प्रथाओं, बैंक रेजोल्यूशन और कोर सिद्धांतों हेतु मुख्य घटकों को कवर किया गया। ये अंतर्राराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाएं आपके लिए एक अच्छे मानदंड के रूप में कार्य करेंगी। आपको यह मालूम पड़ेगा कि क्या अच्छा है और आपकी क्या स्थिति है और इसके अनुसार ही यह मालूम पड़ेगा कि आपको किस दिशा में और कितना आगे अभी और बढ़ना है।

उपसंहार

22. अंत में मैं आप सबसे यह अपील करना चाहूँगा कि नियमन और पर्यवेक्षण सहित अच्छे बैंकिंग वातावरण, सुरक्षा तंत्र एजेंसियों के ठोस प्रशासन, सुदृढ़ विधिक फ्रेमवर्क और सुदृढ़ लेखापरीक्षा तथा प्रकटन व्यवस्थाओं का निर्माण करके आप अपनी निक्षेप बीमा प्रणालियों के संबंध में कार्य करें ताकि उन्हें आदर्श प्रणाली के रूप में स्थापित कर सकें। नैतिक जोखिमों से बचें, विशिष्ट अधिदेश और आवश्यक शक्तियाँ प्राप्त करें, ठोस प्रशासन व्यवस्था बनाएं, अन्य सुरक्षा तंत्र भागीदारों से बात-व्यवहार करें, बैंकों की सदस्यता अनिवार्य बनाएं, सुदृढ़ और तीव्र निधियन प्रणालियों को बनाएं, जन जागरूकता पैदा करें और रेजोल्यूशन प्रक्रिया को प्रभावी बनाएं।

23. मुझे विश्वास है कि इस सम्मेलन ने आपको मूल्यवान बातें बताई हैं और इस सम्मेलन में महत्वपूर्ण पहलुओं पर हुए विचार-विमर्श के जरिए प्राप्त जानकारी का उपयोग आप सभी नुमाइंदों द्वारा अपने-अपने देश में बेहतर परिणामों को प्राप्त करने के लिए किया जाएगा ताकि वे अपने सुरक्षा तंत्र और निक्षेप बीमा प्रणालियों को आदर्श रूप में विकसित कर सकें और अपनी अर्थव्यवस्थाओं को भविष्य में होने वाले किसी वित्तीय और प्रणालीगत गड़बडियों से बचा सकें। आप सभी के प्रयत्नों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष हेतु निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट

(निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के अधीन प्रस्तुत)

भाग I: परिचालन और कार्यपद्धति

1.1 बीमाकृत बैंकों का पंजीकरण / पंजीकरण रद्द करना

31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार, पंजीकृत बैंकों की संख्या 2,199 है, जिसमें 87 वाणिज्य बैंक, 82 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), 4 स्थानीय क्षेत्र बैंक (एलएबी) और 2,026 सहकारी बैंक शामिल हैं। 1962 में योजना के प्रारंभ होने से लेकर अब तक निगम द्वारा पंजीकृत बैंकों की वर्षवार और श्रेणीवार संख्या दर्शाने वाले विवरण ***संलग्नक I* और II** में दिए गए हैं। वर्ष 2011-12 के दौरान 6 वाणिज्य बैंक और 1 सहकारी बैंक को बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया और 1 वाणिज्य बैंक, 24 सहकारी बैंकों का पंजीकरण रद्द किया गया, जिसके विवरण ***संलग्नक III*** में दिए गए हैं।

1.2 निक्षेप बीमा योजना का विस्तार

इस समय निगम द्वारा निक्षेप बीमा के अंतर्गत सभी राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में स्थित स्थानीय क्षेत्र बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित सभी वाणिज्यिक बैंकों को शामिल किया गया है। वर्ष के दौरान संघशासित क्षेत्र चंडीगढ़, जहाँ एक सहकारी बैंक है, के लिए निक्षेप बीमा कवर लागू किया गया। संघशासित क्षेत्रों लक्षद्वीप तथा दादरा और नगर हवेली में कोई सहकारी बैंक नहीं है।

1.3 बीमाकृत जमाराशियाँ

वर्ष 2010-11 और 2011-12 के अंत तक निगम द्वारा बीमाकृत खातों की संख्या, निगम में जमाराशि तथा जमाकर्ताओं को दी जाने वाली सुरक्षा की सीमा संबंधी ब्यौरा सारणी 1 में दिया गया है।

भारत में निक्षेप बीमा के प्रारंभ से जमाकर्ताओं को प्रदान की गई सुरक्षा की सीमा और पिछले तीन वर्षों के लिए श्रेणी-वार अलग-अलग आँकड़े क्रमश: ***संलग्नक IV और V*** में प्रस्तुत किए गए हैं। विभिन्न वर्षों में जमाकर्ताओं को दी गई सुरक्षा की सीमा संबंधी ब्यौरा चार्ट 1 में दिया गया है। ₹0.1 मिलियन (1 लाख) का वर्तमान बीमा कवर का स्तर 31 मार्च, 2012 के प्रति व्यक्ति सकल देशी उत्पाद का 1.64 गुना था।

1.4 निक्षेप बीमा प्रीमियम

1.4.1 वर्ष 2010-11 और 2011-12 के दौरान बीमाकृत बैंकों से प्राप्त प्रीमियम (अतिदेय प्रीमियम पर उपचित ब्याज सहित) का

सारिणी 1: बीमाकृत जमाराशियाँ *

विवरण		वर्ष के अंत में	
		2010-11	2011-12
1	खातों की कुल सं. (मिलियन में)	1,051.60	1,073.00
2	पूर्णतया सुरक्षित खाते (मिलियन में)	976.90	996.00
3	1 की तुलना में 2 का प्रतिशत	92.9	92.8
4	निर्धारणीय जमाराशियाँ (₹ बिलियन में)	49,524.27	57,674.00
5	बीमाकृत जमाराशियाँ (₹ बिलियन में)	17,358.00	19,043.00
6	4 की तुलना में 5 का प्रतिशत	35.0	33.0

* पिछले वर्षों के 30 सितंबर के कार्यदिवस के रिटर्नों पर आधारित

चार्ट 1 : जमाकर्ताओं को दिए गए सुरक्षा का विस्तार



चार्ट 2 : निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) और आरक्षित अनुपात (आरआर)



श्रेणीवार विवरण सारणी 2 में प्रस्तुत किया गया है। वर्ष के दौरान बीमाकृत बैंकों से प्राप्त प्रीमियम में 16.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सारिणी 2: प्राप्त प्रीमियम

(₹ मिलियन में)

वर्ष	स्थानीय क्षेत्र बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित वाणिज्यिक बैंक	सहकारी बैंक	कुल
2010-11	44,884	3,558	48,442
2011-12	52,591	3,807	56,397

1.4.2 विलंब से प्राप्त प्रीमियम पर दण्डात्मक ब्याज

निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 15 (3) के अनुसार, यदि कोई बीमाकृत बैंक प्रीमियम की कोई भी राशि का भुगतान करने में चूक करता है, तो उसे चूक की उस अवधि के लिए उस राशि पर बैंक दर के अतिरिक्त 8 प्रतिशत से अनधिक की दर, जैसा कि निर्धारित किया जाए, से निगम को ब्याज देना होगा। साथ ही, निबीप्रगानि सामान्य विनियमावली, 1961 की धारा 20 के अनुसार ब्याज की दर बैंक दर के अतिरिक्त 8 प्रतिशत पर तय की गई है। बैंक दर 6 प्रतिशत से बढ़कर 9 प्रतिशत होने के कारण, दण्ड ब्याज की दर को बढ़ाकर 17 प्रतिशत तक संशोधित किया गया है।

1.5 निक्षेप बीमा निधि

निक्षेप बीमा निधि का प्रमुख स्रोत बीमाकृत बैंकों द्वारा अदा किया गया प्रीमियम और केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों से प्राप्त कूपन आय (और इसके पुनर्निवेश से) है। इसके साथ ही इसमें परिसमापक / प्रशासक / अंतरिती बैंकों से वसूल की गई छोटी सी राशि का भी अंतर्प्रवाह (इनफ्लो) होता है। इस प्रकार निगम प्रतिवर्ष व्यय से ज्यादा आय को अंतरित करके अपनी निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) का निर्माण करता है। इस निधि का उपयोग परिसमापन / पुनर्निर्माण / समामेलन आदि के द्वारा बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों का निपटान करने के लिए किया जाता है। 31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार निक्षेप बीमा निधि का आकार (₹253,253 मिलियन के अधिशेष सहित) ₹300,930 मिलियन है, जिसका आरक्षित अनुपात (बीमित जमाराशि की तुलना में निक्षेप बीमा निधि का अनुपात) 1.6 प्रतिशत है। 2000-01 से आरक्षित अनुपात का उतार-चढ़ाव दर्शाने वाला चार्ट 2 नीचे प्रस्तुत है।

1.6 निक्षेप बीमा दावों का निपटान

वर्ष 2011-12 के दौरान, निगम ने 58 सहकारी बैंकों (18 मूल दावों और 40 अनुपूरक दावों) के संबंध में ₹2,873 मिलियन के कुल दावों का निपटान किया जैसा कि ***संलग्नक VI*** में दर्शाया गया है। वाणिज्यिक बैंकों की ओर से कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया गया।

2011-12 के दौरान राज्य-वार निपटाए गए दावों की राशि के साथ-साथ विफल बैंकों की संख्या का विवरण चार्ट 3 में दर्शाया गया है। इसमें महाराष्ट्र और गुजरात के बैंकों के दावों की संख्या अधिक है।

ऐसे 190 बैंकों के जमाकर्ताओं के संभाव्य दावों की देयताओं के लिए ₹7,835 मिलियन का प्रावधान किया गया है जो समामेलन / समापनाधीन हैं तथा बैंकिंग कारोबार जारी रखने के लिए जिनका लाइसेंस / लाइसेंस के लिए आवेदनपत्र भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा रद्द / अस्वीकृत कर दिया गया है।

वर्ष 2011-12 के दौरान निगम ने लंबे समय से विचाराधीन दावों के निपटान हेतु कुछ कदम उठाए हैं। परिणामस्वरूप विचाराधीन मामलों (जिनमें परिसमापनाधीन आदेश जारी करने के बावजूद परिसमापक द्वारा निगम में दावा सूची प्रस्तुत नहीं की गई) में कमी प्रदर्शित हुई, जो 31 मार्च 2011 के कुल 38 अनिर्णीत मामलों के स्थान पर 31 मार्च 2012 को कम होकर 32 हो गई और इस प्रकार वर्ष के दौरान इसमें 16 प्रतिशत की कमी आई। वर्ष के दौरान निगम ने 12 वर्षों से अधिक समय से परिसमापनाधीन हुबली धारवाड़ अरबन को-आपरेटिव बैंक लि. के ₹18 मिलियन और 7 वर्ष से अधिक पुराने तीन और बैंकों के ₹66.3 मिलियन की दावा सूची का निपटान कर लिया गया है। परिसमापनाधीन बैंकों की अवधि-वार दावा सूची, जिन्हें परिसमापक द्वारा अभी भी प्रस्तुत किया जाना है, से संबंधित विवरण सारणी 3 में दिया गया है।

चार्ट 3 : 2011-12 के दौरान राज्य-वार निपटाए गए दावे और विफल बैंकों की संख्या



दावा निपटान की औसत अवधि में अत्यल्प वृद्धि हुई और यह 49 दिनों से बढ़कर 52 दिन हो गई (सारणी 4)।

सारिणी 4 : दावों के निपटान में लगने वाली औसत अवधि

वित्तीय वर्ष	दावों के निपटान में लगने वाले औसत दिन
2007-08	53
2008-09	43
2009-10	54
2010-11	49
2011-12	52

1.7 निपटाए गए कुल दावे / प्राप्त चुकौतियाँ

31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार, निक्षेप बीमा के आरंभ से 27 वाणिज्य बैंकों के संबंध में प्रदत्त और प्रावधानीकृत दावों की संचयी राशि ₹2,959 मिलियन थी (चार्ट 4)। वाणिज्यिक

चार्ट 4 : निपटाए गए दावे और प्राप्त वसूली की संचयी राशि (31 मार्च 2012 के अनुसार)



सारिणी 3 : अवधि-वार अनिर्णीत दावों का विवरण

विचाराधीन दावे	अवधि-वार विवरण				
	10 वर्ष से अधिक पुराने	5-10 वर्ष पुराने	1-5 वर्ष पुराने	1 वर्ष से कम पुराने	दावों की कुल संख्या
मार्च 2011 की स्थिति	2	12	14	10	38
मार्च 2012 की स्थिति	1*	10	12#	9	32

* इस बैंक को को-आपरेटिव सोसाइटी में बदलने की प्रक्रिया जारी है।

\# एक बैंक का अब दूसरे सहकारी बैंक में विलय कर दिया गया है।

बैंकों के मामले में, परिसमापकों / अंतरिती बैंकों से कुल ₹1,390 मिलियन (2011-12 वर्ष के दौरान प्राप्त ₹19.08 मिलियन सहित) की संचयी चुकौतियाँ प्राप्त हुईं।

योजना के प्रारंभ होने से 302 सहकारी बैंकों से ₹40,090 बिलियन की संचयी राशि (वर्ष 2011-12 के दौरान ₹2,870 मिलियन की प्रदत्त राशि सहित) के दावे की राशि का भुगतान / प्रावधान किया गया। सहकारी बैंकों के मामले में परिसमापकों / अंतरिती बैंकों से कुल ₹6,360 मिलियन (वर्ष 2011-12 के दौरान प्राप्त ₹801.88 मिलियन सहित) की चुकौतियाँ प्राप्त हुईं। 31 मार्च 2012 तक बैंकों के दावों के लिए भुगतान / प्रावधान की गई राशि तथा बट्टे खाते में डाली गई राशि और प्राप्त चुकौतियाँ आदि के संबंध में स्थिति का ब्यौरा ***संलग्नक VII*** में दिया गया है।

31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार बैंकों के लिए निपटाए गए दावों के लिए किए गए प्रावधानों को ***संलग्नक VIII*** में दर्शाया गया है। 1999 से निपटाए गए दावों की राशि के साथ-साथ परिसमापित बैंकों की संख्या चार्ट 5 दर्शाई गई है।

1.8 कोर्ट-मामले

31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार, निगम की निक्षेप बीमा गतिविधियों के संबंध में विभिन्न कोर्टों में विचाराधीन कोर्ट-मामलों की शेष संख्या 188 है, जो 31 मार्च 2011 को 201 थी। 188 मामलों में से 32 मामले निगम की ओर से दायर किए गए हैं और 156 निगम के विरुद्ध दायर किए गए हैं। न्यायालय-वार अलग-अलग आँकड़े चार्ट 6 में दर्शाए गए हैं।

वर्ष 2001-02 से कोर्ट-मामलों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस तरह के मामलों की संख्या 31 मार्च 2002 के 10 से बढ़कर 31 मार्च 2012 को 188 हो गई है (सारणी 5)। ऐसा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के अंतर्गत बड़ी संख्या में बैंकों को निदेशों के अंतर्गत रखने अथवा परिसमापन करने के परिणामस्वरूप जमाराशियों को निकालने पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण हुआ है। जमाराशि का भुगतान न मिलने पर असंतुष्ट जमाकर्ता उपभोक्ता न्यायालय में चले जाते हैं और मुकदमा चलाकर निगम को प्रतिवादियों में से एक प्रतिवादी बना देते हैं। कभी-कभी ऐसे मामले बैंकों का परिसमापन होने के पहले अथवा परिसमापक द्वारा दावा सूची प्रस्तुत करने के पहले, जहाँ जमाकर्ताओं को कोई भी राशि देने के लिए निगम उत्तरदायी नहीं है; दाखिल किए जाते हैं। मुख्यत: ये मामले निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 के अंतर्गत अधिकतम स्वीकार्य राशि से अधिक राशि अथवा निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 21 के साथ पठित निबीप्रगानि सामान्य विनियमावली, 1961 के विनियम 22 के अंतर्गत निगम के अधिमान्य चुकौती अधिकार के विरुद्ध विवाद और बैंकों को निदेश आदि के अंतर्गत रखे जाने की स्थिति में दावों के संबंध में दायर किए जाते हैं।

चार्ट 5 : पे-आऊट और परिसमापित बैंकों की संख्या



चार्ट 6 : न्यायालय वार अलग-अलग मामले
(31 मार्च 2012 के अनुसार)



सारिणी 5: कोर्ट मामलों की संख्या

मार्च के अंत में	2002	2003	2004	2005	2006	2007	2008	2009	2010	2011	2012
मामलों की सं.	10	66	89	126	126	128	124	122	174	201	188

1.9 ऋण गारंटी योजनाएं

31 मार्च 2012 तक कोई भी ऋण (क्रेडिट) संस्था निगम की ऋण गारंटी योजना में सहभागी नहीं थी। 2003-04 के बाद किसी गारंटी दावे पर गारंटी शुल्क प्राप्त नहीं हुआ तथा किसी दावे का भुगतान नहीं किया गया **(संलग्नक IX)**।

वर्ष 2011-12 के दौरान लघु ऋण गारंटी योजना 1971 के अंतर्गत निगम के प्रत्यासन अधिकार के आधार पर पिछले वर्ष के ₹18.3 मिलियन की तुलना में ₹2.2 मिलियन की वसूली की गई। लघु ऋण गारंटी योजना 1981 के अंतर्गत पिछले वर्ष के ₹2.8 मिलियन के मुकाबले इस वर्ष ₹1.0 मिलियन की वसूली की गई।

भाग II : हाल ही में की गई नीतिगत पहल

2.1 निक्षेप बीमा दावों का शीघ्र निपटान

निगम परिसमापकों द्वारा दावों की सूची प्रस्तुत कर देने के दो महीने के अंदर निक्षेप बीमा दावों का निपटान करने की सांविधिक आवश्यकता का बहुत कड़ाई से पालन करता रहा है। तथापि, यह देखा गया है कि कुछ मामलों में परिसमापक लंबी अवधि तक दावा सूची प्रस्तुत नहीं करते हैं, जबकि यह सूची के लिए निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) के अनुसार तीन महीने के अंदर प्रस्तुत करना अपेक्षित है। अत: निगम ने पुराने दावों का शीघ्र निपटान करने हेतु विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं।

2.2 सरकारी क्षेत्र के बैंकों के साथ ''एजेंसी बैंक'' की व्यवस्था के माध्यम से जमाकर्ताओं को सीधे भुगतान

निगम परिसमापकों के माध्यम से जमाकर्ताओं के दावों का भुगतान करता है। कुछ उपभोक्ता संरक्षण मंचों से प्राप्त सुझावों और जमाकर्ताओं के हित में निगम ने जमाकर्ताओं को भुगतान करने के तरीके की समीक्षा की। अत: परिसमानाधीन बैंकों के जमाकर्ताओं को उनकी बीमाकृत निधियों तक त्वरित पहुँच (एक्सेस) उपलब्ध कराने और ई-अभिशासन (गवर्नेंस) की अपनी नीति के अनुसरण में निगम द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि कुछ सरकारी क्षेत्र के बैंकों के साथ की गई ''एजेंसी बैंक'' व्यवस्था के माध्यम से सीधे जमाकर्ताओं को उनके दावों का भुगतान किया जाए। इस योजना के अंतर्गत जमाकर्ताओं के 100 प्रतिशत कवरेज को सुनिश्चित करने के लिए ये भुगतान एजेंसी बैंकों द्वारा निम्नलिखित तीन प्रकार से किए जाएंगे :-

i. जिनके खाते बैंक में अनुरक्षित हैं, उन्हें कोर बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से सीधे प्रेषण।

ii. जिनके खाते किसी अन्य बैंक में अनुरक्षित हैं, उन्हें राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक निधि अंतरण (एनईएफटी) के माध्यम से प्रेषण।

iii. जिनके पास कोई बैंक खाता नहीं है और जो कोई बैंक खाता नहीं खोलना चाहते हैं, ऐसे जमाकर्ताओं को प्रीपेड / प्रीलोडेड कार्ड के माध्यम से भुगतान।

जमाराशि के भुगतान के लिए सभी आवश्यक सूचना के माध्यम से दावा सूची तैयार करके परिसमापक निगम को अपना सपोर्ट उपलब्ध करना जारी रखेंगे। यह योजना महाराष्ट्र में 2012-13 से पाइलट आधार पर प्रारंभ की जाएगी और यथासमय अन्य राज्यों में इसे आगे बढ़ाया जाएगा।

2.3 अनुपूरक दावों का प्रस्तुतीकरण ''सावधि विधि खंड (सनसेट क्लाज)''

अप्रैल 2007 से पूर्व परिसमापनाधीन बैंक में अनुरक्षित संयुक्त खातों (ए बी और बी ए) को ''एक समान क्षमता और एक समान अधिकार''वाला मानकर एक खाते के रूप में मिला दिया गया था और निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 16(1) में निर्धारित सीमा (₹0.1 मिलियन) के अधीन निबीप्रगानि द्वारा दावे की राशि का निपटान किया गया था। 26 अप्रैल 2007 से इन खातों को ''भिन्न क्षमता तथा भिन्न अधिकार''वाला खाता माना गया तथा ऐसे प्रत्येक खाते को एक अलग खाता मानकर दावों का निपटान किया गया है। इन संशोधित दिशानिर्देशों के कारण उत्पन्न होने वाले अतिरिक्त दावों, जिन्हें बैंक के परिसमापकों द्वारा अनुपूरक दावों के रूप में प्रस्तुत किया गया था, का निगम द्वारा समय-समय पर निपटान किया गया है। इसके परिणामस्वरूप 26 अप्रैल 2007 के पूर्व परिसमापनाधीन बैंकों को भी इसका लाभ प्रदान किया गया था।

अनुपूरक दावों के निपटान संबंधी इन दिशानिर्देशों की समीक्षा करने के उपरांत यह निर्णय लिया गया है कि 26 अप्रैल 2007 के पूर्व परिसमापनाधीन सहकारी बैंकों में ए बी / बी ए आधार पर अनुरक्षित संयुक्त खातों से संबंधित अनुपूरक दावों को परिसमापकों द्वारा केवल अगले एक वर्ष अर्थात् 31 मार्च 2013 तक प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए। 31 मार्च 2013 के उपरांत ऐसे किसी अनुपूरक दावे पर निगम द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। इससे संबंधित प्रेस प्रकाशनी को निगम तथा भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर भी रखा गया है।

2.4 परिसमापकों के पास पड़ी अवितरित राशि की वापसी की समय सीमा में कटौती

परिसमापनाधीन सहकारी बैंकों के मामले में जमाराशियों

के दावों का वितरण राज्यों के सहकारी समितियों के पंजीयक द्वारा नियुक्त परिसमापकों के माध्यम से करते है। निगम द्वारा निपटाए गए दावों की अवितरित / अदावी राशियाँ परिसमापकों के पास पड़ी रहती हैं। निबीप्रगानि ने इस मामले में कदम उठाया है और माँग सूचना (डिमांड नोटिस) का एक प्रारूप तैयार किया है, जिसे निगम को अवितरित राशि वापस करने में चूक करने वाले परिसमापकों को प्रेषित किया जाता है। ऐसी माँग सूचना (डिमांड नोटिस) चूककर्ता परिसमापकों को प्रेषित की गई है।

निगम ने यह निर्णय लिया है कि 1 जून 2012 से परिसमापकों के पास पड़ी अवितरित राशि को वापस करने की अवधि को निगम द्वारा जमाकर्ताओं की दावा राशि जारी करने की तिथि से छह माह से कम करके चार माह कर दिया जाए। सभी राज्यों की सहकारी समितियों के पंजीयक को इस संबंध में नोटिस जारी करने तथा परिसमापकों को तत्संबंधी परिपत्र जारी करने के बाद इसे कार्यान्वित किया जाएगा।

2.5 निवेश प्रबंधन संबंधी दिशानिर्देश

बोर्ड द्वारा अनुमोदित वर्तमान जोखिम प्रबंधन संबंधी फ्रेमवर्क तथा निवेश प्रबंध संबंधी दिशानिर्देश 31 मार्च 2011 तक प्रभावी थे। 12 मार्च 2012 को आयोजित बोर्ड की बैठक में वित्तीय वर्ष 2012-13 के संशोधित दिशानिर्देशों को अनुमोदित किया गया है। संशोधित दिशानिर्देशों में निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण परिवर्तन किए गए :

(i) जोखिम प्रबंधन संबंधी कार्यों को शामिल करने के लिए निवेश प्रबंधन समिति की व्याप्ति (स्कोप) को बढ़ाया गया है और समिति का नाम परिवर्तित करके निवेश और जोखिम प्रबंधन समिति कर दिया गया है।

(ii) निगम के पोर्टफोलियो को दो भागों अर्थात् तरल (लिक्विड) पोर्टफोलियो और दीर्घ कालिक पोर्टफोलियो में बाँट दिया गया है। तरल पोर्टफोलियो के अंतर्गत अगले एक वर्ष में परिपक्व होने वाली प्रतिभूतियाँ तथा अधिकतर ट्रेडिंग की जाने वाली दो प्रतिभूतियाँ रखी गई हैं, जबकि दीर्घकालिक पोर्टफोलियो में अन्य सभी प्रतिभूतियाँ रखी गई हैं। दीर्घकालिक पोर्टफोलियो से सबंधित बाजार जोखिम को नियंत्रित करने के लिए इसकी अवधि हेतु सीएएसबीआई (सीसीआईएल आल सावरेन बांड इंडेक्स) की अवधि वाला मानदंड रखा गया था। संशोधित दिशानिर्देशों में यह निर्धारित किया गया है कि दीर्घकालिक पोर्टफोलियो की अवधि सीएएसबीआई की अवधि से +/-50 आधार बिंदु के भीतर होगी (जबकि यह पूर्व में सीएएसबीआई की अवधि का +/-25 आधार बिंदु था)।

(iii) पूर्व के दिशानिर्देशों की भाँति पोर्टफोलियो के वीएआर की गणना एक वर्ष के टाइम होराइजन के 99% के कांफिडेंस लेवल के एतिहासिक तरीके से किया जाना जारी रखा जाएगा। तथापि संशोधित दिशानिर्देशों के अंतर्गत वीएआर माडल की शुद्धता की जाँच करने के लिए यह निर्धारित किया गया है कि वार्षिक बैक टेस्टिंग किया जाए।

(iv) सघनता (कंसंट्रेशन) जोखिम का सामना करने के लिए यह निर्धारित किया गया है कि किन्हीं चार प्रतिभूतियों में किया गया निवेश संपूर्ण पोर्टफोलियो के 20% से अधिक न हो।

(v) जैसाकि निवेश और जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा निर्धारित किया गया है संशोधित दिशानिर्देशों के अंतर्गत तरलता जोखिम और एएलएम मिसमैच के संबंध में पोर्टफोलियो की स्ट्रेस टेस्टिंग किया जाना प्रस्तावित है।

(vi) संशोधित दिशानिर्देशों के अंतर्गत परिचालनगत जोखिम संबंधी मानदंडों को शामिल किया गया है। अबसे डीलरों से यह अपेक्षित होगा कि वे वर्ष में न्यूनतम 10 दिनों का अवकाश (आकस्मिक अवकाश और विशेष बीमारी अवकाश को छोड़कर) अवश्य लें।

इन दिशानिदेशों का प्राथमिक उद्देश्य निक्षेप बीमा निधि की सुरक्षा और तरलता बनाए रखना है। अत: कोषागार (ट्रेजरी) के लिए विवरणियों (रिटर्नों) से संबंधित कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है। तथापि दीर्घकालिक पोर्टफोलियो से संबंधित रिटर्नों के लिए सीएएसबीआई का टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) का मानदंड (बेंचमार्क) रखा गया है। चूँकि निगम रिजर्व बैंक की सहयोगी संस्था है, अत: ये दिशानिर्देश डीलरों को ब्याज दर में होने वाले परिवर्तनों की दृष्टि से कार्य करने की मनाही करते हैं। तरलता और जोखिम के वर्तमान ढाँचे के अंतर्गत निगम किसी प्रत्याशित (स्पेकुलेटिव) गतिविधि का सहारा लिए बिना अधिक रिटर्न प्राप्त करने का प्रयास करेगा।

2.6 कोषागार (ट्रेजरी) मिड आफिस

कोषागार (ट्रेजरी) के कार्यकलापों में सुधार लाने की दृष्टि से अक्तूबर 2011 में एक मिड आफिस का निर्माण किया गया है। यह मिड आफिस जोखिम नियंत्रित सीमाओं, डील्स की दर की उपयुक्तता की निगरानी करता है, बाजार का अध्ययन और नए जोखिमों आदि की पहचान करता है तथा उक्त विषय में साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

2.7 निर्धारणीय जमाराशियों की गणना :

सांविधिक लेखापरीक्षक का प्रमाणपत्र

यह पाया गया है कि कई बीमाकृत बैंकों द्वारा निर्धारणीय जमाराशियों की गणना सही रूप में नहीं की जा रही है जिससे जमाराशियों के सूचित तथा लेखापरीक्षित आँकड़ों में असमानता रहती है। यह निर्णय लिया गया है कि निगम द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों के आधार पर निर्धारणीय जमाराशियों तथा प्रीमियम की गणना को बीमाकृत बैंकों के सांविधिक लेखापरीक्षक से सत्यापित कराया जाए और 31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष से वार्षिक आधार पर इससे संबंधित प्रमाणपत्र निगम को प्रस्तुत किया जाए। इस संबंध में सितंबर 2011 में निगम द्वारा 'निक्षेप बीमा विवरणियों (रिटर्नों) की तर्कसंगतता- सांविधिक लेखापरीक्षक का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना' से संबंधित परिपत्र जारी किया गया है।

2.8 राज्य सरकार के प्रधान सचिव (सहकारिता) तथा सहकारी समितियों के पंजीयकों के साथ बैठकें और परिसमापकों के लिए कार्यशाला

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निगम के कार्यपालक निदेशक, शहरी बैंक विभाग, भारिबैं के प्रभारी कार्यपालक निदेशक और चार राज्यों जैसे : कर्नाटक, आँध्र प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र, जिनके अंतर्गत अधिकतर परिसमापित शहरी सहकारी बैंक आते हैं, के प्रधान सचिव, सहकारिता / सहकारी समितियों के पंजीयकों के मध्य उच्चस्तरीय बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें निगम ने जमाकर्ताओं के दावों का निपटान किया। इन बैठकों के दौरान कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे : अवितरित राशि की वापसी, स्टेटमेंट / रिटर्न निगम को प्रस्तुत न करना / विलंब से प्रस्तुत करना, परिसमापन की धीमी प्रक्रिया और वसूली की राशि में से निगम के हिस्से की राशि की चुकौती न करने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई।

उच्च स्तरीय बैठक के साथ-साथ इन राज्यों में बैंकों के परिसमापकों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिनमें उन्हें रिटर्न / स्टेटमेंट समय से प्रस्तुत करने के महत्व से अवगत कराया गया ताकि निगम परिसमापन की प्रक्रिया की निगरानी कर सके। परिसमापकों पर यह भी जोर दिया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अवितरित राशि वापस कर दें तथा परिसमापन की प्रक्रिया के दौरान उनके द्वारा वसूल की गई राशि में से निगम की बकाया राशि की चुकौती करें।

2.9 बीमांकिक आधार पर देयताओं की गणना संबंधी अध्ययन

'बीमांकिक आधार पर निगम की देयताओं की गणना' से संबंधित विषय का अध्ययन करने के लिए राष्ट्रीय बीमा एकेडमी (एनआईए), पुणे की सेवाएं ली गई हैं। इस अध्ययन के एक हिस्से के रूप में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रयोग किए जा रहे माडलों और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में हुई हाल की गतिविधियों का अध्ययन करने के उपरांत एनआईए निगम की निक्षेप बीमा देयताओं का अनुमान लगाने के लिए एक माडल का विकास करेगा। उपयुक्त सांख्यकीय जाँच की सहायता से इस माडल को मान्यता दी जाएगी।

भाग III : लेखों का स्टेटमेंट[1]

3.1 बीमा देयताएं

(क) वर्ष 2011-12 के दौरान, बीमा दावों के रूप में ₹2,873.12 मिलियन (₹3,789.45 मिलियन) का भुगतान किया गया, जो 24.18 प्रतिशत की कमी दर्शाता है। 31 मार्च 2012 के अनुसार बकाया निक्षेप बीमा दावों के रूप में सुनिश्चित देयताएं ₹6,885.46 मिलियन (₹5,615.71 मिलियन) थीं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 22.61 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती हैं।

(ख) समीक्षाधीन वर्ष के अंत में अनुमोदित बीमांकक मेसर्स के.ए.पंडित एंड कं. के निर्धारण के अनुसार **निधि शेष (अर्थात् बीमांकिक देयता)** ₹47,677.60 मिलियन (₹37,736.00 मिलियन) रही।

(ग) ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) के संबंध में कोई संभाव्य दावा देयता नहीं है।

3.2 वर्ष के दौरान राजस्व

(क) वर्ष 2011-12 के दौरान, **निक्षेप बीमा निधि में** कर-पूर्व **राजस्व अधिशेष** पिछले वर्ष ₹61,452.16 मिलियन था, इसमें ₹1,442.73 मिलियन की कमी आई और अब यह ₹60,009.43 मिलियन हो गया अर्थात् लगभग 2.4 प्रतिशत की कमी। राजस्व से प्रभारित (चार्ज्ड) निवल बीमांकिक देयता में ₹4,951.30 मिलियन की वृद्धि, निवल दावों में ₹1,859.11 मिलियन की वृद्धि, निवेशों के मूल्यह्रास में ₹3,433.17 मिलियन की वृद्धि, वसूली में ₹783.18 मिलियन की कमी, आयकर वापसी (रिफंड) पर मिलने वाले ब्याज में ₹1,210.11 मिलियन की कमी और प्रीमियम आय में ₹7,955.49 मिलियन की वृद्धि तथा निवेशों से होने वाली आय में ₹5,520.27 मिलियन

1 कोष्ठक में दिए गए आँकड़े पिछले वर्ष के हैं।

की वृद्धि के कारण पहली बार लगाए गए ₹2,681.62 मिलियन के सेवाकर का भुगतान उक्त कमी के प्रमुख कारण रहे हैं।

(ख) वर्ष 2011-12 के दौरान ऋण गारंटी निधि में कर-पूर्व राजस्व अधिशेष में पिछले वर्ष की तुलना में ₹13.01 मिलियन अर्थात् 6.98 प्रतिशत की कमी हुई तथा यह पिछले वर्ष के ₹186.24 मिलियन से घटकर ₹173.23 मिलियन रह गया। यह कमी मुख्यत: निवेशों में होने मूल्यह्रास में ₹23.07 मिलियन की वृद्धि, वसूली में ₹17.85 मिलियन की कमी, कर वापसी पर ब्याज में ₹5.36 मिलियन की कमी तथा निवेश आय में ₹33.27 मिलियन की वृद्धि से हुई है।

(ग) समीक्षाधीन वर्ष के दौरान **सामान्य निधि में** कर पूर्व **राजस्व अधिशेष** ₹0.63 मिलियन रहा जो पिछले वर्ष ₹161.51 मिलियन था। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में इसमें 99.6 प्रतिशत की कमी हुई। इस कमी का प्रमुख कारण निवेशों से होने वाली आय में ₹99.53 मिलियन की कमी, निवेशों के मूल्यह्रास में ₹78.04 मिलियन की वृद्धि, कर्मचारी लागत में ₹5.84 मिलियन की वृद्धि, मुद्रण, लेखनसामग्री और कंप्यूटर कंज्यूमेबल्स में ₹4.46 मिलियन की वृद्धि तथा यात्रा और विराम भत्ता व्यय में ₹27.47 मिलियन की कमी रहे हैं।

3.3 संचित अधिशेष

31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार निक्षेप बीमा निधि (डीआईईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) में संचित अधिशेष / रिज़र्व (कर के बाद) क्रमश: ₹253,252.71 मिलियन (₹209,299.94 मिलियन), ₹3,000.61 मिलियन (₹3,103.30 मिलियन) तथा ₹4,303.15 मिलियन (₹4,382.79 मिलियन) था।

3.4 निवेश

वर्ष के अंत में तीनों निधियों अर्थात् निक्षेप बीमा निधि (डीआईईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) में निवेशों का बही मूल्य (लागत पर) क्रमश: ₹3,20,203.70 मिलियन (₹2,65,816.65 मिलियन), ₹3,803.97 मिलियन (₹3,592.24 मिलियन) और ₹5,410.09 मिलियन (₹5,310.97 मिलियन) है। 31 मार्च 2012 को उक्त तीनों निधियों के निवेशों का संचित मूल्यह्रास क्रमश: ₹13,662.60 मिलियन (₹8,675.53 मिलियन); ₹495.20 मिलियन (₹398.27 मिलियन) तथा ₹631.50 मिलियन (₹519.62 मिलियन) था, जिनका निवेश आरक्षित निधि के अंतर्गत पूर्णत: प्रावधान किया गया है।

3.5 कराधान

3.5.1 आयकर

31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार निक्षेप बीमा निधि (डीआईईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) के अग्रिम आयकर खाते में संचित शेष क्रमश: ₹60,525.01 मिलियन (₹92,059.43 मिलियन), ₹303.70 मिलियन (₹2,151.68 मिलियन) और ₹209.46 मिलियन (₹339.49 मिलियन) है। तद् दिनांक को निक्षेप बीमा निधि (डीआईईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा सामान्य निधि (जीएफ) में कराधान खाते में प्रावधान के लिए संचित शेष क्रमश: ₹52,647.06 मिलियन (₹89,059.37 मिलियन); ₹431.41 मिलियन (₹2,059.04 मिलियन) तथा ₹57.36 मिलियन (₹121.42 मिलियन) था। इन खातों के शेष में कमी इसलिए आई क्योंकि निर्धारण वर्ष 2001-02, 2005-06, 2006-07, 2008-09 तथा 2009-10 में इन खातों में राशि बकाया थी, जिनका रिज़र्व तथा अधिशेष में विनियोजन कर दिया गया है।

3.5.2 सेवा कर

सितंबर 2011 से वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने यह कहते हुए निगम द्वारा बैकों से एकत्रित प्रीमियम पर सेवाकर लगाया है कि निगम की बीमा संबंधी गतिविधियाँ वित्त अधिनियम, 1994 की धारा 65(105)(डी) की परिधि में आती हैं। इस प्रकार यह सेवाकर लगाए जाने योग्य है। अत: निगम ने सेवाकर संबंधी पंजीकरण करा लिया है और 1 अक्तूबर 2011 और 1 अप्रैल 2012 के बकाया प्रीमियम पर क्रमश: ₹2,900 मिलियन तथा ₹3,430 मिलियन का सेवाकर अदा कर दिया है। इस कारण प्रतिवर्ष के प्रीमियम के 12.36 प्रतिशत के समकक्ष की राशि का बहिर्प्रवाह (आउटफ्लो) होगा, जिससे अतिरिक्त राशि (सरप्लस) के जेनरेशन पर प्रभाव पड़ेगा। निगम प्रीमियम और निवेश आय पर आयकर पहले से ही अदा कर रहा है।

भाग IV : खजाना परिचालन

4.1 निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 25 के अनुसार निगम केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश करता है। 31 मार्च 2012 को निगम के निवेश पोर्टफोलियो का कुल आकार ₹329.42 बिलियन रहा। इस प्रकार इसमें पिछले वर्ष की तुलना में ₹54.70 बिलियन (19.91 प्रतिशत) की वृद्धि प्रदर्शित हुई। वर्ष के दौरान पोर्टफोलियो जेनरेटेड कूपन यील्ड 7.92 प्रतिशत रहा। निवेश में मूल्यह्रास को समायोजित करने के उपरांत वर्ष 2011-

12 का पोर्टफोलियो का टाइम वेटेड औसत रिटर्न 6.40 प्रतिशत रहा।

4.2 केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों का मूल्यांकन फिम्डा (एफआईएमएमडीए) द्वारा प्रकाशित माडल प्राइस के आधार पर किया जाता है। यद्यपि मूल्यवृद्धि (एप्रीसिएशन) को नजरंदाज कर दिया गया है तथापि मूल्यह्रास के लिए पूरी तरह प्रावधान किया गया है तथा इसे निवेश रिजर्व (आईआर) के अंतर्गत बुक किया गया है। 31 मार्च 2012 को निवेश रिजर्व (आईआर) का शेष (बैलेंस) ₹14.79 बिलियन था। पुन: निगम बाजार जोखिम के विरुद्ध कुशन के रूप में निवेश उतार-चढ़ाव रिजर्व (आईएफआर) अनुरक्षित करता है। 31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार ₹11.84 बिलियन के बाजार जोखिम (स्टैंडराइज्ड ड्युरेशन मेथड से परिकलित) के विरुद्ध आईएफआर में ₹12.16 बिलियन की राशि अनुरक्षित थी। 31 मार्च 2012 को पोर्टफोलियो का माडीफाइड ड्युरेशन 5.87 था।

भाग V : संगठनात्मक मामले

5.1 निदेशक मंडल

निगम की सामान्य निगरानी, निदेश तथा कार्यों और कारोबार का प्रबंधन निदेशक बोर्ड में निहित है, जो सभी शक्तियों का प्रयोग करता है और ऐसे सभी कार्य व कारोबार करता है, जो निगम कर सकता है।

5.1.1 निबीप्रगानि सामान्य विनियमावली, 1961 के विनियम 6 के अनुसार निगम के निदेशक बोर्ड से अपेक्षित है कि वह सामान्यत: प्रत्येक वर्ष में प्रति तिमाही एक बैठक करे। 31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के दौरान बोर्ड की चार बैठकें आयोजित की गईं ।

5.1.2 निदेशकों का नामांकन / सेवानिवृत्ति

डॉ. प्रकाश बक्शी (नाबार्ड के अध्यक्ष) को निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(डी) के अंतर्गत 19 अगस्त 2011 को निगम के बोर्ड में नामित किया गया। श्री कमलेश विकमसे को निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ई) के अंतर्गत 5 सितंबर 2011 को निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। प्रो. जी.शिवकुमार को निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ई) के अंतर्गत 20 सितंबर 2011 को निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। श्री बी.एल.पटवर्धन को निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(डी) के अंतर्गत 12 अक्तूबर 2011 को निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। श्री एम.रामदास, जो निदेशक तथा लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) के सदस्य भी थे, ने निगम के बोर्ड से त्यागपत्र दे दिया, अत: 14 अक्तूबर 2011 से वे निगम के निदेशक नहीं रहे।

5.2 बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति

डॉ. प्रकाश बक्शी तथा श्री कमलेश विकमसे के नामांकन के बाद बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति का निम्नानुसार पुर्नगठन हुआ :

1. श्री कमलेश विकमसे	अध्यक्ष
2. डॉ. प्रकाश बक्शी	निदेशक
3. डॉ. शशांक सक्सेना	भारत सरकार द्वारा नामिती निदेशक
4. श्री जी.गोपालकृष्ण	निदेशक

31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के दौरान बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति की चार बैठकें आयोजित की गईं।

5.2.1 सूचना प्रौद्योगिकी समिति

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) संबंधी मामलों को हल करने के लिए दिसंबर 2011 में बोर्ड-स्तर की उप-समिति का गठन किया गया। जिसकी संरचना निम्नानुसार है:

1. प्रो. जी.शिवकुमार	अध्यक्ष
2. श्री कमलेश विकमसे	सदस्य
3. श्री जी.गोपालकृष्ण	सदस्य
4. डॉ. ए.एस.रामशास्त्री	आमंत्रित

अब तक आईटी समिति की एक बैठक मार्च 2012 में हुई है।

5.3 आंतरिक नियंत्रण

5.3.1 बजट नियंत्रण

निगम ने अपने राजस्व और व्यय पर नियंत्रण के लिए अपनी तीन निधियों, अर्थात् निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) और सामान्य निधि (जीएफ) के अंतर्गत नियंत्रण प्रणाली स्थापित की है। निगम द्वारा निक्षेप बीमा निधि और सामान्य निधि के अंतर्गत व्यय का वार्षिक बज़ट तैयार किया जाता है, जो विविध मानदंडों पर आधारित है जैसेकि बीमाकृत बैंकों का लाईसेंस रद्द करना / परिसमापन करना, स्टाफ और स्थापना से संबंधित भुगतान आदि। प्रत्येक लेखा वर्ष के पूर्व बजट को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाता है। तीनों निधियों के अंतर्गत होने वाली प्राप्तियाँ अर्थात् प्रीमियम प्राप्ति, वसूलियाँ और निवेश आय से संबंधी अनुमानों को भी बजट में सम्मिलित किया जाता है। बज़ट किए गए व्यय और प्राप्तियों की तुलना में वास्तविक व्यय / प्राप्ति

की हर तिमाही समीक्षा की जाती है।

5.3.2 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रबंध लेखापरीक्षा और प्रणाली निरीक्षण

